# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

## षष्टम् पुष्प : ( सत्र : 2022-2023 )

(01.04.2022 से 31.03.2023 तक)


**न्यासी मंडल**

**डॉ. राकेश मिश्र** (अध्यक्ष)

**श्रीमती आशा रावत** (सचिव)

**श्रीमती मालती मिश्रा** (न्यासी)

**श्रीमती रेखा अवस्थी** (कोषाध्यक्ष)

**डॉ. रचना मिश्रा,**

**श्रीमती प्रमिला मिश्रा व संकल्प मिश्र**



**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

नेह निकुंज, बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)

नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)

# अनुक्रम


| | | |
|---|---|---|
| 1. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र : तपस्वी जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व | 7 |
| 2. | ममता व करुणा की प्रतिमूर्ति माँ शांति मिश्रा | 9 |
| 3. | अध्यक्षीय बात | 12 |
| 4. | कार्यक्रम विवरण | 17 |
| | • वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर सामूहिक वृक्षारोपण अभियान | 23 |
| | • ग्रीन एम्बुलेंस उद्घाटन, वाहन रैली एवं वृक्षारोपण | 25 |
| | • श्री रामनवमी शोभायात्रा | 29 |
| | • 'सामूहिक परिणय यज्ञ' | 30 |
| | • सैनिटरी पैड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम | 35 |
| | • श्रीमती शांति मिश्राजी की पंचम् पुण्यतिथि पर सुंदरकांड, भजन संध्या एवं सामग्री वितरण | 36 |
| | • श्रद्धांजलि सभा | 38 |
| | • वृक्षारोपण अभियान | 39 |
| | • शिक्षकों का सम्मान एवं खिचड़ी वितरण | 40 |
| | • वृक्षारोपण अभियान पर कार्यशाला | 42 |
| | • वृक्षारोपण (वट सावित्री व्रत) | 44 |
| | • विश्व पर्यावरण दिवस एवं वृक्षारोपण | 46 |
| | • वृक्षारोपण व परिचर्चा | 48 |
| | • दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर सुंदरकांड व वेदपाठ | 49 |
| | • दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर सुंदरकांड पाठ, वृक्ष वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम | 50 |
| | • दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि सभा, भजन, बीज-वितरण एवं वृक्ष-वितरण | 52 |

- दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर मरीजों व परिजनों को भोजन वितरण 54
- प्रतिभा सम्मान समारोह 55
- प्रतिभा सम्मान समारोह 57
- प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कारगिल विजय दिवस 60
- कन्या प्रतिभा सम्मान समारोह 63
- प्रतिभा सम्मान समारोह 65
- अठारहवाँ मल्टीस्पेशलियटी हेल्थ चेकअप कैंप 68
- महिला चिकित्सा (सर्वाइकल कैंसर) व्याख्यानमाला 75
- तिरंगा ध्वज वितरण अभियान 78
- तिरंगा ध्वज वितरण समारोह 79
- तिरंगा ध्वज वितरण एवं तिरंगा रैली 80
- तिरंगा रैली एवं ध्वज वितरण 81
- स्वतंत्रता दिवस समारोह 82
- स्वतंत्रता दिवस समारोह 83
- अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव भूमिपूजन 84
- वृक्षारोपण अभियान 87
- वृक्षारोपण अभियान 88
- सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम 89
- सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम 90
- वृक्षारोपण अभियान 91
- सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम 92
- वृक्षारोपण अभियान 93
- वृक्षारोपण अभियान एवं बीज वितरण 94
- अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव : 2022 (10 दिवसीय) 95
- गंगा सस्टेनेबिलिटी मैराथन, ऋषिकेश 98
- सतना हाफ मैराथन : 2022 का आमंत्रण 101
- 19वाँ नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर 102
- पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की छठवीं पुण्य स्मृति में सामग्री वितरण 105
- विशाल बाइक रैली 107


- सतना हाफ मैराथन : 2022 108
- बीसवाँ मेदांता मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप 118
- सेवा बस्तियों में सैनिटरी पैड एवं कंबल वितरण 123
- कंबल वितरण 124
- वृक्षारोपण कार्यक्रम 125
- शोभायात्रा स्वागत, कंबल वितरण एवं वृक्षारोपण 126
- षष्टम् व्याख्यानमाला 131
- नशा मुक्ति पर परिचर्चा 132
- कंबल वितरण समारोह 133
- कंबल वितरण समारोह 134
- कंबल वितरण समारोह 136
- कंबल वितरण कार्यक्रम 137
- कंबल वितरण समारोह 138
- कंबल वितरण समारोह 139
- स्वामी विवेकानंद जयंती 140
- परिचर्चा : युवाओं की राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में भूमिका 140
- 21वाँ नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर 143
- संत सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं समरसता भोज 146
- श्री राम कथा 148
- स्व. बाल आपटेजी स्मृति श्रद्धांजलि सभा 149
- श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह 150
- क्षेत्रीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट (दस दिवसीय) 151
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती 153
- गणतंत्र दिवस समारोह 154
- यज्ञोपवीत संस्कार समारोह 156
- 22वाँ, मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप (मेदांता द मेडिसिटी, गुरुग्राम) 158
- क्षेत्रीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट (समापन) 162
- वृक्षारोपण कार्यक्रम 164
- ग्रामीण बैडमिंटन टूर्नामेंट 165

- खिलाड़ियों एवं छात्रों को पुरस्कार एवं सामग्री वितरण 166
- जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट 168
- वृक्षारोपण कार्यक्रम 172
- विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, सतना के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह 173
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस–परिचर्चा एवं सम्मान समारोह : 'जाग्रत् महिला–सशक्त परिवार' 175
- वर्ष प्रतिपदा पर वृक्षारोपण व जल–संचय कार्यक्रम 180
- चैत्र नवरात्रि पर वृक्षारोपण 182
- श्रीराम नवमी शोभायात्रा व नि:शुल्क पौधा वितरण 184

5. स्थानीय समाचार–पत्रों में सेवा न्यास की झलकियाँ 187
6. मुद्रित सामग्री विवरण 197

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र : तपस्वी जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व

## प्रेरणामूर्ति स्व. गणेश प्रसादजी : एक तपस्वी जीवन




**जन्मतिथि : 18.07.1924 ( श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 1981 )**
**स्मृतिशेष : 02.11.2016 ( कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 2073 )**

नौगाँव नगर के निकट ग्राम धवर्रा निवासी पं. गणेश प्रसाद मिश्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के कार्यकर्ता रहे। उनको चार पुत्रियाँ, एक पुत्र, पुत्रवधू व पौत्र हैं। पोस्टमास्टर से जीवन के कॅरियर की शुरुआत कर झाँसी में संघ प्रचारक बने। सन् 1948 में महात्मा गांधी हत्या के आरोप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध के समय छह माह का कारावास हुआ। आपातकाल में भूमिगत रहकर 18 माह सक्रिय रहकर कार्य किया। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के प्रकांड विद्वान् पं. गणेश प्रसाद मिश्र एक मृदुभाषी, अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। उन्होंने कृषि कार्य में रुचि रखते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में 'वैद्य' की उपाधि प्राप्त की। पुराने लोग उन्हें आज भी 'बड़े डॉक्टर साहब' के नाम से जानते हैं। 'दद्दाजी' के नाम से सुविख्यात वे तृतीय वर्ष शिक्षित होकर आजीवन संघ के सक्रिय स्वयंसेवक रहे। शिक्षक के नाते अनेक संघ शिक्षा वर्गों में एक-एक माह शिक्षक बनकर जाते रहे। शिक्षादान जैसे कार्य में उनकी विशेष रुचि होने से उन्होंने गणित, अंग्रेजी संस्कृत के विषय में बी.ए., एम.ए. के अनेक छात्र-छात्राओं को सदैव ज्ञानोपार्जन कराया। सरस्वती शिशु मंदिर, नौगाँव में आचार्य से लेखापाल तक उनका शानदार प्रदर्शन रहा। वे आजीवन गौसेवा में रत रहे। अपने अंतिम समय में पाँच गायों की सेवा-सुश्रूषा ही उनका मुख्य कार्य हो गया था। सागर संभाग में जब कोई प्राइवेट आई.टी.आई. नहीं थी तो उन्होंने कंपनी बाग ईसानगर रोड नौगाँव में आई.टी.आई. प्रारंभ की, जो उत्तरोत्तर

उन्नति करती गई। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि का ही परिणाम था कि उन्होंने अपनी चारों पुत्रियों को मास्टर डिग्री तथा बी.एड. तक शिक्षित कराया। वहीं एक पुत्री व पुत्र को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कराई। सभी पुत्रियाँ भी शिक्षकीय कार्य में हैं। वहीं पुत्र संघ के प्रचारकों की श्रेणी में आकर अ.भा. विद्यार्थी परिषद् के प्रांत अध्यक्ष, प्रांत प्रमुख व प्रांत संगठन मंत्री महाकौशल प्रांत के दायित्वों का निर्वहन करता रहा है। डॉ. राकेश मिश्र भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाहजी के कार्यकारी सचिव के रूप में दिल्ली में कार्यरत रहे हैं। वर्तमान में भाजपा मुख्यालय में वे अनेक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

श्री मिश्रजी ने अयोध्या आंदोलन में 1990 की कार सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। 1992 में विवादित ढाँचा विध्वंस में छतरपुर जिले के दो कारसेवकों में से वे एक थे, जो वहाँ पहुँच सके। 1990 की कश्मीर की 'एकता यात्रा' में डॉ. मुरली मनोहर जोशीजी के नेतृत्व में यात्रा के समापन में लाल चौक पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिए गए। भारत भ्रमण व संस्कृति परिचय में उनकी गहन रुचि रही। लेह-लद्दाख में सिंधु दर्शन यात्रा रही हो या अमरनाथ की यात्रा, वे हर जगह सपत्नीक सहभागी रहे। अरुणाचल प्रदेश का परशुराम कुंड हो या कन्याकुमारी में धनुषकोटि तथा गंगोत्री में गौमुख तक की दुर्गम यात्रा या गंगासागर का पवित्र जल, सभी दुर्गम स्थानों पर आम पर्यटक की तरह उन्होंने यात्राएँ कीं। अपने अनुभवों का लेखन साझा किया। साधनों की शुचिता व नैतिकता के पक्षधर श्री मिश्र ध्येय के प्रति समर्पित, दृढ़ निश्चयी व कठोर परिश्रमी रहे। जब लोग त्योहारों में प्रसन्नता मनाते, वे अपने कार्य में मौन रूप से लगे रहकर दीन-दु:खियों की सेवा में लगे रहते थे।

93 वर्ष को आयु में वे पूर्ण स्वस्थ थे। 16 अप्रैल, 2016 को अचानक हुए मस्तिष्क आघात में वे कोमा में चले गए। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) व डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में तीन माह तक गहन चिकित्सा हुई। न्यूरो चिकित्सकों के लिए इतनी उम्र का यह पहला केस था, जिसमें रोगी इतनी तीव्र गति से ठीक होकर पुन: नौगाँव अपने घर पर ही विश्राम करने लगा। डॉक्टरों का मत था कि इनकी गौसेवा, खानपान, दिनचर्या से ही इनका जीवन प्रेरणादायी है। 1 नवंबर, 2016 को प्रात: 6:30 बजे वे इस लोक से मुक्ति पाकर गोलोक धाम को प्रस्थान कर गए। अंतिम संस्कार में देश-विदेश की महान् हस्तियों के शोक संदेश प्राप्त हुए। संपूर्ण जिले के प्रमुख व्यक्तियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली से लेकर गाँव तक शोक की लहर दौड़ गई।

**ऐसे महान् प्रेरक व्यक्तित्व को प्रणाम और विनम्र श्रद्धांजलि!**

**॥ विनम्र प्रणाम ॥**

# ममता व करुणा की प्रतिमूर्ति माँ शांति मिश्रा

## पति : स्व. श्री गणेश प्रसाद मिश्र ( दद्दाजी )



श्रीमती शांति मिश्रा

**जन्मतिथि : 02.08.1927 ( श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत् 1984 )**
**स्मृतिशेष : 15.04.2017 ( वैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत् 2074 )**

ममता की मूर्ति, करुणामयी, सौम्य, मृदुभाषी एवं शांत, यथानाम तथागुण माँ 'शांति देवी' ने हमेशा कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हुए अपने नाम को चरितार्थ किया। 2 अगस्त, 1927 को सिंगरावन कलाँ (मायका) में पुराने जमींदार की बेटी के रूप में जन्म लेकर बड़े ही लाड़-प्यार में पली थीं। मात्र तेरह वर्ष की उम्र में विवाह-बंधन में बँधकर एक अत्यंत सामान्य परिवेश में आ गईं और उनकी परीक्षाओं का दौर प्रारंभ हो गया।

पति स्व. श्री गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में रचे-बसे, घर-बार छोड़कर देशसेवा हेतु चले जाने के पश्चात् पतिपारायण होकर दोनों कुलों की मर्यादाओं का निर्वहन बड़ी दृढ़ता के साथ किया। पाक-कला में निपुणता, ससुराल की अकेली बहू द्वारा सभी का मान-सम्मान आदि दायित्वों का निर्वहन करते हुए वे ससुराल में अपनी बड़ी ननद (स्व. इंद्रा बाई), जो माँ तुल्य थीं, की प्रिय बन गईं।

सन् 1948 में पति झाँसी में पोस्टमास्टर की सेवा से त्याग-पत्र देकर संघ कार्य में प्रचारक हो गए। गांधीजी की हत्या के समय पति के छह माह जेल में रहने पर उन्होंने बड़े साहस के साथ अपने वृद्ध सास-ससुर एवं ननद का सहयोग किया। वे बड़ी धर्मपरायण, कर्तव्यनिष्ठ, मृदुभाषी एवं स्पष्ट बोलनेवाली थीं। संपूर्ण परिवार को एक सूत्र में बाँधने की कला में निपुण थीं, जिससे हर व्यक्ति अपने आप को उनसे जुड़ा हुआ पाता था।

विवाह के लगभग 10-12 वर्ष की कठिन परिस्थितियों के पश्चात् उन्होंने क्रमशः

चार पुत्रियों (आशा, मालती, रेखा व डॉ. रचना) तथा एक पुत्र (डॉ. राकेश) को जन्म दिया। उन परिस्थितियों में भी उन्होंने पति व ननद के सहयोग से पुत्रियों को बेटों जैसा लालन-पालन व शिक्षा-दीक्षा प्रदान की। अपने पुत्र-पुत्रियों में भेद न करते हुए उन्होंने सभी का समान लालन-पालन कर उन्हें संस्कारों का धनी बनाया, जिसकी वजह से आज उनकी जीवन-बगिया हरी-भरी और खुशहाल है।

धर्म में उनकी गहन रुचि थी। प्रत्येक तीज-त्योहार को व्यवस्थित एवं पूरे मनोयोग से मनाती थीं। सोते समय 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' का पाठ जरूर करती थीं। लोककथाओं का उनके पास अथाह भंडार था, जिसका वे समय व परिस्थिति को देखते हुए उपयोग करके बच्चों का मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन कर उनका ज्ञानवर्धन भी करती थीं। शिक्षा के प्रति गहन रुचि होने के कारण उन्होंने पति (दद्दाजी) के सहयोग से अपने आपको पढ़ने-लिखने में पूर्णरूपेण दक्ष कर लिया। पुस्तकें व दैनिक समाचार-पत्र उनकी नियमित दिनचर्या के भाग थे।

उनमें नेतृत्व के भी गुण थे। धवर्रा गाँव में वार्ड मेंबर का चुनाव वे हमेशा निर्विरोध जीतीं और उप-प्रधान के पद पर रहते हुए उन्होंने अपने कर्तव्यों को भी बखूबी निभाया। पग-पग पर उन्होंने अपने पति का साथ दिया। आपातकाल के दौरान अठारह महीने तक जब दद्दाजी भूमिगत रहे, तब उन्होंने माँ एवं पिता की भूमिका बखूबी निभाई और दद्दाजी के देशहित के कार्यों में पूर्ण सहयोग दिया।

भारत-भ्रमण एवं संस्कृति-परिचय में भी उनकी गहन रुचि रही। दद्दाजी के साथ चारों धाम की तीर्थयात्रा, लेह-लद्दाख में सिंधुदर्शन, अमरनाथ एवं गौमुख जैसी दुर्गम यात्राओं में भी सहभागी रहीं। जटाशंकर धाम एवं अबार माता के दर्शन उनके जीवन का महत्त्वपूर्ण पड़ाव था। गौसेवा के प्रति उनका विशेष रुझान था। जब भी समय मिलता, वे गौसेवा में लग जाती थीं।

स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सदैव सतर्क रहतीं एवं अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखती थीं। उनके इस व्यवस्थित जीवन के कारण उनकी स्मृति तीक्ष्ण थी एवं दाँत मजबूत थे। वे बिना चश्मे के लिख-पढ़ लेती थीं। छोटी-मोटी घरेलू दवाइयाँ व नुस्खे उन्हें खूब आते थे। गाँव में वे अनेक महिलाओं व बच्चों की देसी दवाई भी कर देती थीं। इसलिए लोग 'बाई का बटुआ' पूछते रहते थे।

90 वर्ष की आयु में 15 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में अपने पुत्र डॉ. राकेश मिश्र के निवास पर अचानक हृदयाघात के कारण उन्हें डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में ले जाया गया। पुत्रवधू प्रमिला एवं संकल्प (पोते) ने वरिष्ठ चिकित्सकों से उचित चिकित्सीय परामर्श किया; किंतु विधि की नियति के अनुसार वे स्वर्गवासी हो गईं। पूरे परिवार में अचानक हुई इस दु:खद घटना से शोक की लहर दौड़ गई।

उस समय उनके पुत्र डॉ. राकेश मिश्र भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक, भुवनेश्वर (उड़ीसा) में थे। यह खबर मिलते ही वहाँ श्रीमती शांति मिश्रा के लिए शोक-सभा एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंतिम संस्कार में देश-विदेश के कई महान् व्यक्तियों के शोक संदेश प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रमुख व्यक्तियों, राजनेताओं एवं अधिकारियों ने स्वयं अंतिम संस्कार में उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**माँ, दादी, परदादी, नानी एवं परनानी सभी रिश्तों को प्रेरणा प्रदान करनेवाली महान् व्यक्तित्व की धनी स्व. शांति मिश्रा को शत-शत नमन एवं वंदन!**

**॥ विनम्र प्रणाम ॥**

# अध्यक्षीय बात

## "सेवा, सांस्कृतिक उत्थान और सहयोग की डगर पर छह साल का सफर"

सुखद अनुभूति हो रही है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने अपनी स्थापना के छह साल की अल्पावधि में ही समाज के हर वर्ग और क्षेत्र के लिए वह कर दिखाया है, जिसकी कल्पना सामान्यतया नहीं की जा सकती है। समाज की सेवा हो या संस्कृति का संरक्षण, समृद्ध और सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग हो या बुंदेलखंड की बुलंद विरासत को बचाने की बात, सामूहिक पाणिग्रहण संस्कार हो या सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, पर्यावरण की रक्षा हो या स्वच्छता अभियान, स्वस्थ समाज का निर्माण हो या प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का अवसर देना। हर दृष्टि से 'सेवा परमो धर्मः, नर सेवा नारायण सेवा' को चरितार्थ करते हुए न्यास ने मानवता की सेवा के लिए एक ऐसी लकीर खींच दी है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' को साकार करने के उद्देश्य के साथ नित्य-प्रतिदिन सेवा न्यास ने मानवता की जो सेवा की है, उससे महज एक क्षेत्र—विशेष में ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी पहचान बना ली है।

भारत के हृदय भाग में अवस्थित बुंदेलखंड क्षेत्र में विराट् व्यक्तित्व और महान् कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की स्मृतियों को सँजोने, उनके सेवाभावी संदेश से समाज को सशक्त बनाने के लिए तथा दया, करुणा और ममता की प्रतिमूर्ति माता शांति मिश्रजी की प्रेरणा से छह वर्ष पूर्व (2017) में पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के नाम पर स्थापित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास विकास की बुनियादी संरचनाओं से लेकर मानवीय जीवन की आधारभूत सुविधाओं तक, अध्यात्म से आत्मनिर्भरता तक, सेवा से सरकार तक, यानी हर क्षेत्र में जो निरंतर कार्य किए हैं, वे स्वयं में एक प्रेरणा का स्रोत हैं। सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के कार्यकर्ता रहे पं. मिश्र जैसे विराट् व्यक्तित्व स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए ही जन्म लेते हैं। समाज और राष्ट्र के लिए उनमें जो सेवा और समर्पण का भाव था, उससे वे महान् साधक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे। इन्हीं बातों को चिरस्मरणीय बनाने हेतु सेवा न्यास कार्य कर रहा है।

देश के विविध शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज-सेवा, संस्कृति

संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में न्यास के इस एक वर्ष (2022-23) के कार्यों का विवरण के साथ हमें न्यास द्वारा प्रकाशित षष्ठम पुष्प को प्रकाशित करते हुए प्रसन्नता हो रही है। मानवता की सेवा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग, प्रतिभाओं का प्रोत्साहन, बौद्धिक संवर्धन एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों का संकलन इसमें प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया :** सेवा न्यास गरीब बस्तियों वाले क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य शिविरों द्वारा उन्नत तकनीक की हरसंभव मदद प्रदान करने का काम कर रहा है। अब तक 22 बड़े स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें गरीब लोगों को मुफ्त उपचार, दवाइयाँ, ऑपरेशन व आवागमन की सुविधा भी प्रदान की जाती रही है। मेदांता द मेडिसिटी, गुरुग्राम (हरियाणा) ने मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ कैंपों का आयोजन कर मरीजों की संपूर्ण जाँच की, जिसमें लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं। न्यास के अनुरोध-पत्र पर मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम द्वारा हजारों मरीजों को 15 प्रतिशत इलाज में छूट दी गई है, जिससे मरीजों के लाखों रुपए की बचत हुई और वे स्वस्थ भी हो गए। मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के हजारों मरीजों की विभिन्न बीमारियों की हजारों रुपए में होनेवाली जाँचें पूर्णतः निःशुल्क की गईं। अब तक 48,973 मरीजों का उपचार किया जा चुका है। इसी तरह 8,772 आँख एवं कान के मरीजों के बीच चश्मा एवं श्रवण यंत्रों का वितरण किया गया।

**अपना सपना, हरा भरा सतना :** न्यास ने पर्यावरण संरक्षण के लिए 'अपना सपना-हरा भरा सतना' कार्यक्रम में पौधारोपण करते हुए क्षेत्र में हरियाली ला दी है। इसके तहत विभिन्न गाँवों में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण हेतु हजारों की संख्या में फलदार पौधे विभिन्न अवसरों पर वितरित किए गए। 'पॉलीथीन मुक्त भारत' अभियान के तहत न्यास की ओर से अब तक एक लाख से अधिक कपड़े के थैले वितरित किए गए हैं और यह अभियान निरंतर जारी है। प्लास्टिक का चूरा बनानेवाली मशीन सेवा न्यास ने धवर्रा गाँव के स्वसहायता समूह को दान में दी है।

**उन्नत खेती, समृद्ध किसान :** सेवा न्यास कृषकों की आर्थिक उन्नति, उन्नत वैज्ञानिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनके लाभ हेतु राज्य सरकारों से पहल करके विभिन्न प्रकार के विभागों की प्रदर्शनी का आयोजन और संचालन में सहयोग प्रदान करता रहा है। आत्मनिर्भर गाँव बने इस दिशा में पाँच हजार किसानों को सब्जियों के बीज वितरित किए गए। गाँव एवं हर खेत तक बिजली पहुँचाकर न्यास ने इस क्षेत्र की तसवीर बदलने में महती भूमिका निभाई है।

**प्रतिभाओं को प्रोत्साहन :** सेवा न्यास सांस्कृतिक क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों में पुस्तकें, कॉपी, पेन, छाता, घड़ी, पेंसिल, ड्रेस, बस्ते, ट्रॉफी, क्रीड़ा उपकरण कलेंडर के वितरण के साथ-साथ लोगों में राष्ट्र-प्रेम, स्वदेशी एवं समरसता का भाव भी जाग्रत् करता है। मेधावी एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहनस्वरूप नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान करता है। साथ ही, स्कूल बैग एवं घड़ियों का वितरण जरूरतमंद छात्रों के बीच निरंतर किया जा रहा है। अब तक 3,635 छात्रों के बीच पाठ्य-सामग्री का वितरण किया गया है।

**पेयजल :** स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दृष्टि से कैट कंपनी द्वारा अभी तक सौ शासकीय विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों को बिना बिजली के चलनेवाले पोर्टेबल आर.ओ. दिए जा चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक हैं। विद्यालयों में 500 लीटर की दो सौ टंकियों के वितरण व फिटिंग करके न्यास ने बालिकाओं के पेयजल एवं शौचालय हेतु पानी उपलब्ध कराया है।

**सामूहिक विवाह :** 15 अप्रैल, 2022 को सामूहिक परिणय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें 26 कन्याओं का सामूहिक विवाह धूमधाम से कराया गया। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों की वर और कन्या शामिल थे। मेरे पैतृक गाँव धवर्रा (नौगाँव), जिला महोबा, उत्तर प्रदेश में इसका आयोजन किया गया। इससे पूर्व 4 जुलाई, 2021 को दद्दा बाई स्मृति में 19 जोड़ों का विवाह 19 अलग-अलग स्थानों पर 'द्वारे-द्वारे परिणय यज्ञ' किया गया था। अब तक 51 विवाह पूरे धूमधाम से आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से भी निर्धन लोगों की पुत्री के विवाह में आर्थिक मदद दी गई है। इस तरह अब तक 324 लोगों को आर्थिक एवं सामग्री की मदद दी गई है।

**धर्मो रक्षति रक्षित :** न्यास की ओर से धर्म नगरी प्रयागराज में माघ महात्म्य कथा एवं श्रीरामकथा का आयोजन किया गया, जिसमें पं. राहुल शास्त्रीजी द्वारा दिए गए प्रवचन का श्रवण कर हजारों कल्पवासियों और श्रद्धालुओं ने पुण्य अर्जित किया। कथावाचक पं. राहुल शास्त्रीजी ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सांस्कृतिक उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सराहना की। सेवा न्यास विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन, संगीतमय भागवत व रामायण कथा, श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ, रामलीला मंचन, भजन-कीर्तन, सत्संग, पूजा-पाठ, गौ-सेवा, भोजन, भंडारों के साथ-साथ धार्मिक पुस्तक वितरण जैसे कार्यों को करते हुए सनातन धर्म के उत्थान, सत्कर्म हेतु प्रेरित कर संस्कृति एवं सभ्यता का प्रचार-प्रसार करता है। प्रयागराज में माघ मेले में विगत छह वर्षों से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें एक माह तक कल्प वासी शिविर में देश के विशेषकर बुंदेलखंड क्षेत्र के एक हजार श्रद्धालु महीने भर रहकर धार्मिक अनुष्ठान करते हैं।

**सामूहिक उपनयन संस्कार :** पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास धर्म व सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करता है। सेवा न्यास का उद्देश्य भूले हुए संस्कारों को पुन: स्थापित करने के लिए कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष माघमेला के दौरान बसंत पंचमी के अवसर पर श्री श्री 1008 स्वामी संकर्षणाचार्यजी महाराज के आशीर्वाद से 90 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ। इसमें बुंदेलखंड के कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, भदोही, सागर, पन्ना, छतरपुर, सतना, रीवा, सीधी व दमोह जिले के बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार माघ मेला पंडाल में हुआ। इस अवसर पर बटुकों के परिवारों ने अपने बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार हेतु पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के पंडाल में पहुँचकर हिस्सा लिया। सेवा न्यास धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा देने हेतु यह कार्यक्रम हर वर्ष करता है। माघ मेला परिसर में संत-महंतों की उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम की अपनी महत्ता है। इससे पूर्व भी न्यास द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाता है। अब तक सवा सौ बटुकों का यज्ञोपवीत कराया गया है। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से निर्धन लोगों के पुत्रों के उपनयन में आर्थिक मदद दी गई है। इस तरह अब तक 166 लोगों को आर्थिक मदद दी गई है।

**संस्कृत भाषा की उन्नति के लिए कार्य :** न्यास की ओर से संस्कृत भाषा के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जाते हैं। संस्कृत पाठशाला भीमकुंड में वैदिक पाठ का आयोजन किया जाता है। संस्कृत के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहनस्वरूप दस हजार रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। अब तक 107 मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किया गया है।

**ग्रीन एंबुलेंस का संचालन :** 'अपना सपना, हरा भरा सतना' पेड़ों के वृक्षारोपण एवं संरक्षण हेतु एक सर्वसुविधा-युक्त एंबुलेंस तैयार की गई है। न्यास की ओर से लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ग्रीन एंबुलेंस का संचालन सतना में किया जाता है। इसके माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए पौधों की देखभाल की जाती है। न्यास की ओर से अब तक 3,000 पेड़ लगाए गए हैं। न्यास ने अब तक 10,000 पेड़ों का नि:शुल्क वितरण किया है।

**कंबल बैंक :** ठंड से बचाव के लिए न्यास की ओर से कंबल बैंक का संचालन सतना एवं नौगाँव किया जाता है। इसके द्वारा गरीबों को जाड़े के मौसम में कंबल उपलब्ध कराया जाता है। अब तक 3,000 कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरित किए गए।

**स्वच्छता अभियान :** न्यास की ओर से व्यापक पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता है। सुरक्षित मासिक धर्म के लिए महिलाओं के बीच सैनिटरी पैड का गलियों में जाकर वितरण किया जाता है। सतना जिले का

यह अभियान अत्यंत लोकप्रिय हो गया है। अब तक 7,000 सैनिटरी पैड तथा 10,000 मास्कों का वितरण किया जा चुका है।

**श्रीरामलीला का भव्य आयोजन :** न्यास के सहयोग से शारदीय नवरात्रि पर ओरछा में दस दिनों तक श्रीरामलीला का भव्य आयोजन किया गया। वर्ष 2022 में ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला (कथा स्वरूप) का आयोजन किया गया, जिसका प्रसारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी किया गया है। इससे विभिन्न संचार माध्यमों से लगभग 60 लाख लोगों ने देखा।

**मैराथनों का आयोजन :** न्यास की ओर से खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए बुंदेलखंड मैराथन एवं सतना हाफ मैराथन का तीन बार आयोजन किया गया। इसमें देश के लगभग सभी राज्यों के 8,432 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन काफी उपयोगी और लोकप्रिय रहा। एक तरफ मैराथन देखने के लिए जहाँ लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी, वहीं दूसरी तरफ विभिन्न समाचार चैनलों ने इसका सीधा प्रसारण किया, जिसे अपने देश के ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लोगों ने भी देखा।

**वैचारिक गोष्ठियाँ :** समाज के बौद्धिक विकास हेतु समसामयिक विषयों पर सेवा न्यास विभिन्न प्रकार की विचार गोष्ठियाँ भी आयोजित करता है। हर वर्ष छतरपुर में राष्ट्रीय स्तर पर व्याख्यान मालाओं का आयोजन किया जाता है। इसमें विशेष विषयों पर हुई इन परिचर्चाओं में राष्ट्रीय वक्ताओं द्वारा व्याख्यान दिया जाता है। अब तक 6 विचार गोष्ठियाँ आयोजित की गईं, जिससे 15,000 लोग लाभान्वित हुए।

दिनांक : 31.03.2023

**—डॉ. राकेश मिश्र**

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना ( म.प्र. )

## विविध कार्यक्रमों का विवरण ( 2022-23 )

( 01.04.2022 से 31.03.2023 तक )

| क्र. सं. | माह | दिनांक एवं दिन | कार्यक्रम का नाम | कार्यक्रम स्थल | संख्या व स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अप्रैल-2022 | 07.04.2022 (गुरुवार) | वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर सामूहिक वृक्षारोपण अभियान | भरहुत नगर, मुख्त्यार गंज, सतना (म.प्र.) | 25 |
| 2 | | 10.04.2022 (रविवार) | ग्रीन एम्बुलेंस उद्घाटन, वाहन रैली एवं वृक्षारोपण | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 | 35 |
| 3 | | 11.04.2022 (सोमवार) | श्री राम नवमी शोभा यात्रा | रामना टोला से शहर के मुख्य मार्गों तक, सतना (म.प्र.) | 500 |
| 4 | | 15.04.2022 (शुक्रवार) | 'सामूहिक परिणय यज्ञ' | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा (उ.प्र.) | 26 |
| 5 | | 18.04.2022 (सोमवार) | सैनेटरी पैड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम | गली नं. 5, गुरुकुलम स्कूल के समीप बस्ती, सतना (म.प्र.) | 125 |
| 6 | | 20.04.2022 (बुधवार) | श्रीमती शांति मिश्राजी की पंचम पुण्य तिथि पर सुंदरकांड, भजन संध्या एवं सामग्री वितरण | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 | 100 |
| 7 | | 20.04.2022 (बुधवार) | श्रीमती शांति मिश्राजी की पंचम पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा (उ.प्र.) | 100 |
| 8 | | 24.04.2022 (रविवार) | वृक्षारोपण अभियान | शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल घूरडांग, सतना (म.प्र.) | 55 |
| 9 | मई -2022 | 01.05.2022 (रविवार) | शिक्षकों का सम्मान एवं खिचड़ी वितरण | अग्रसेन चौक, सतना (मध्य प्रदेश) एवं जिला चिकित्सालय | 250 |
| 10 | | 10.05.2022 (मंगलवार) | वृक्षारोपण अभियान पर कार्यशाला एवं वृक्षारोपण | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 | 42 |
| 11 | | 30.05.2022 (सोमवार) | वृक्षारोपण (वट सावित्री व्रत) | नई बस्ती, सतना (म.प्र.) | 50 |
| 12 | जून -2022 | 05.06.2022 (रविवार) | विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम | शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) | 500 |
| 13 | | 05.06.2022 (रविवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम व परिचर्चा | शा. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) | 150 |
| 14 | जुलाई-2022 | 18.07.2022 (सोमवार) | दद्दा जी की 98वीं जन्म जयंती पर सुंदरकांड व वेदपाठ | श्री नारायण संस्कृत पाठशाला, भीमकुंड, छतरपुर (म.प्र.) | 200 |
| 15 | | 18.07.2022 (सोमवार) | दद्दा जी की 98वीं जन्म जयंती पर सुंदरकांड पाठ, वृक्ष वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा (उ.प्र.) | वृक्ष वितरण 600 संख्या 160 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | जुलाई-2022 | 18.07.2022 (सोमवार) | दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि सभा, भजन, बीज वितरण एवं वृक्ष वितरण | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 | वृक्ष वितरण 100 बीज वितरण 100 संख्या 500 |
| 17 | | 18.07.2022 (सोमवार) | दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर मरीजों व परिजनों को भोजन वितरण | डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली | 500 |
| 18 | | 23.07.2022 (शनिवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शा. व्यंकट क्र.-2, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सतना (म.प्र.) | 320 |
| 19 | | 25.07.2022 (सोमवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय हाई स्कूल, टिकुरिया टोला, सतना (म.प्र.) | 240 |
| 20 | | 26.07.2022 (मंगलवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कारगिल विजय दिवस | शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, घूरडांग, सतना (म.प्र.) | 270 |
| 21 | | 28.07.2022 (गुरुवार) | कन्या प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतना, (म.प्र.) | 307 |
| 22 | | 31.07.2022 (रविवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बगहा, सतना, (म.प्र.) | 242 |
| 23 | अगस्त-2022 | 06-07.8.2022 | अठारहवाँ मल्टी-स्पेश्यिलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप (मेदांता दि मेडिसिटी) | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, सतना, (म.प्र.) | 2576 |
| 24 | | 06.08.2022 (शनिवार) | महिला चिकित्सा (सर्वाइकल कैंसर) व्याख्यान-माला | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णनगर, सतना (मध्य प्रदेश) | 700 |
| 25 | | 11.08.2022 (गुरुवार) | तिरंगा ध्वज वितरण अभियान | बिरला रोड, घूरडांग, नई बस्ती, सतना (मध्य प्रदेश) | 500 |
| 26 | | 12.08.2022 (शुक्रवार) | तिरंगा ध्वज वितरण समारोह | रामना टोला, डाली बाबा चौक, साईं मंदिर, धवारी, सतना, श्री व्यंकटेश मदिर, मुख्तयार गंज, सतना (म.प्र.) | 500 |
| 27 | | 13.08.2022 (शनिवार) | तिरंगा ध्वज वितरण एवं तिरंगा रैली | ग्राम- धवर्रा, (नौगाँव), जिला-छतरपुर (म.प्र.) | 500 |
| 28 | | 14.08.2022 (रविवार) | तिरंगा रैली एवं ध्वज वितरण | नजीराबाद, सिटी कोतवाली, पन्नी लाल चौक, अस्पताल चौक, कृष्णनगर, सतना (मध्य प्रदेश) | 700 |
| 29 | | 15.08.2022 (सोमवार) | स्वतंत्रता दिवस समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 | 100 |
| 30 | | 15.08.2022 (सोमवार) | स्वतंत्रता दिवस समारोह | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा (उ.प्र.) | 300 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 31 | सितंबर-2022 | 09.09.2022 (शुक्रवार) | अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव भूमिपूजन | श्री परमार्थ निकेतन, गंगा तट, ऋषिकेश (उत्तराखंड) | 1100 |
| 32 | | 12.09.2022 (सोमवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम | पावर हाउस एवं गौरैया माता मंदिर, धवर्रा (महोबा) उ.प्र. | वृक्ष-5 संख्या-40 |
| 33 | | 12.09.2022 (सोमवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम | रेलवे कॉलोनी, सतना (म.प्र.) | वृक्ष-15 संख्या-50 |
| 34 | | 13.09.2022 (मंगलवार) | सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम | सरस्वती स्कूल, कोठी, सतना (म.प्र.) | 250 पैड वितरण |
| 35 | | 14.09.2022 (बुधवार) | सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम | गली नं. 12, राजेंद्र नगर, सतना (म.प्र.) | 300 पैड वितरण |
| 36 | | 16.09.2022 (शुक्रवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम | वार्ड नं. 29, उमरी, सतना (म.प्र.) | वृक्ष-20 संख्या-70 |
| 37 | | 16.09.2022 (शुक्रवार) | सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम | कोल्हान बस्ती, उमरी, सतना (म.प्र.) | 250 पैड वितरण |
| 38 | | 17.09.2022 (शनिवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम | बी.टी.आई. ग्राउंड, के पास, सतना (म.प्र.) | वृक्ष-10 संख्या-30 |
| 39 | | 18.09.2022 (रविवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं बीज वितरण | राम स्थान, (बाबूपुर) सतना (म.प्र.) | वृक्ष-5 संख्या-40 |
| 40 | | (27.09.2022 से 05.10.2022 ऋषिकेश) | अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव : 2022 (10 दिवसीय) | श्री परमार्थ निकेतन, गंगा, ऋषिकेश (उत्तराखंड) | महोत्सव संख्या-7000 |
| 41 | अक्तूबर-2022 | 09.10.2022 (रविवार) | गंगा सस्टेनेबिलिटी मैराथन ऋषिकेश | श्री परमार्थ निकेतन, गंगा, ऋषिकेश (उत्तराखंड) | महोत्सव |
| 42 | | 16.10.2022 (रविवार) | सतना हाफ मैराथन : 2022 का आमंत्रण | विभिन्न स्थान, नई दिल्ली | महोत्सव |
| 43 | | 26.10.2022 (बुधवार) | उन्नीसवाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर | 'इज्जत घर' सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास, धवर्रा (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.) | कुल मरीजों की जाँच : 1392<br>दवा : 360<br>चश्मा : 148<br>कान की मशीन : 278 |
| 44 | | 27.10.2022 (गुरुवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की छठवीं पुण्य स्मृति में सामग्री वितरण | नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा, (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.) | संख्या-400 |
| 45 | नवंबर-2022 | 14.11.2022 (सोमवार) | विशाल बाइक रैली सतना हाफ मैराथन : 2022 | नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) | संख्या 500 |
| 46 | | 20.11.2022 (रविवार) | सतना हाफ मैराथन : 2022 (तृतीय संस्करण) | दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर, सतना (म.प्र.) | संख्या 5000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 47 | दिसंबर-2022 | 10 एवं 11-12.2022 (शनिवार-रविवार) | बीसवाँ मेदांता मल्टी-स्पेश्यिलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप (मेदांता दि मेडिसिटी) | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नौगांव, जिला-छतरपुर (म.प्र.) | 2419 मरीजों का उपचार 3830 जाँचें |
| 48 | | 21.12.2022 (बुधवार) | सेवा बस्तियों में सेनेटरी पैड एवं कंबल वितरण कार्यक्रम | बस स्टैंड एवं सिमरिया चौक, सतना (म.प्र.) | पैड वितरण-100 कंबल वितरण- 20 |
| 49 | | 22.12.2022 (गुरुवार) | कंबल वितरण कार्यक्रम | चित्रकूट, जिला सतना (म.प्र.) | कंबल वितरण- 20 |
| 50 | | 23.12.2022 (शुक्रवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम | 1. सरिया टोला, नरो पहाड़ रोड पर, माधवगढ़, सतना (म.प्र.)<br>2. अमर शहीद हेमू कल्याणी पार्क, सिंधी कैंप, सतना (म.प्र.)<br>3. खेरमाई मंदिर, सतना (म.प्र.) | वृक्ष संख्या : 45 पीपल वृक्ष-6 पीपल, नीम, बरगद |
| 51 | | 24.12.2022 (शनिवार) | शोभा यात्रा स्वागत एवं कंबल वितरण, वृक्षारोपण | सरदार वल्लभ भाई, जिला चिकित्सालय, सतना (म.प्र.) | संख्या 300 |
| 52 | | 30.12.2022 (शुक्रवार) दोपहर 2.00 बजे | षष्टम् व्याख्यान माला विषय : समाज में सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता | नगर पालिका ऑडिटोरियम, किशोर सागर तालाब के निकट, छतरपुर (म.प्र.) | संख्या 600 |
| 53 | | 30.12.2022 (शुक्रवार) | नशा मुक्ति पर परिचर्चा | शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) | संख्या 300 |
| 54 | | 31.12.2022 (शनिवार) | कंबल वितरण समारोह | सेवा बस्ती, बदखर, सतना (म.प्र.) | संख्या 50 |
| 55 | जनवरी -2023 | 01.01.2023 (रविवार) | कंबल वितरण समारोह | नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रवास बगहा, सतना (म.प्र.) | संख्या 150 |
| 56 | | 07.01.2023 (शनिवार) | कंबल वितरण समारोह | संत कुंज आश्रम के पास, बरदाडीह, सतना (म.प्र.) | संख्या 80 |
| 57 | | 08.01.2023 (रविवार) | कंबल वितरण समारोह | वृद्धाश्रम, बिरसिंहपुर, सतना (म.प्र.) | संख्या 75 |
| 58 | | 08.01.2023 (रविवार) | कंबल वितरण समारोह | कोलान बस्ती एवं शांति कुंज आश्रम पतेरी, सतना (म.प्र.) | संख्या 125 |
| 59 | | 09.01.2023 (सोमवार) | कंबल वितरण समारोह | सेवा बस्ती, कोलगंवा, सतना (म.प्र.) | संख्या 150 |
| 60 | | 12.01.2023 (गुरुवार) | स्वामी विवेकानंद जयंती परिचर्चा: युवाओं की राष्ट्रीय पुनर्निमाण में भूमिका | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) | संख्या 250 |
| 61 | | 14.01.2023 (शनिवार) | 21वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर | माघ मेला शिविर सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम, प्रयागराज (उ.प्र.) | संख्या 2500 |
| 62 | | 15.01.2023 (रविवार) | संत सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं समरसता भोज | माघ मेला शिविर सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम, प्रयागराज (उ.प्र.) | संख्या 700 खिचड़ी वितरण- 500 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 63 | जनवरी-2023 | 11.01.2023 से 19.01.2023 | श्री राम कथा सप्ताह | माघ मेला शिविर सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, संगम, प्रयागराज (उ.प्र.) | संख्या 1000×10 = 10000 |
| 64 | | 18.01.2023 (बुधवार) | स्व. बाल आपटे जी स्मृति श्रद्धांजलि सभा | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) | संख्या 110 |
| 65 | | 20.01.2023 से 27.01.2023 तक | श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह | माघ मेला शिविर सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, संगम, प्रयागराज (उ.प्र.) | संख्या 11000 |
| 66 | | 22.01.2023 (रविवार) | क्षेत्रीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट (दस दिवसीय) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा (उ.प्र.) | 32 टीमें ग्रामीण संख्या 7000 |
| 67 | | 23.01.2023 (सोमवार) | नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) | संख्या 65 |
| 68 | | 26.01.2023 (गुरुवार) | गणतंत्र दिवस समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) | 400 |
| 69 | | 26.01.2023 (गुरुवार) | यज्ञोपवीत संस्कार समारोह | माघ मेला शिविर सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम, प्रयागराज (उ.प्र.) | 90 अन्य संख्या 400 |
| 70 | फरवरी-2023 | 01 एवं 02.2.2023 | 22वाँ, मल्टी स्पेशियलिटी हैल्थ चैक अप कैंप मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम द्वारा | माघ मेला शिविर सेक्टर-3,पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम, प्रयागराज (उ.प्र.) | कुल मरीजों की संख्या 2446 कुल जाँचें 2452 |
| 71 | | 03.02.2023 (शुक्रवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम | वार्ड नं. 8, सतना (म.प्र.) | संख्या 18 |
| 72 | | 04.02.2023 (शनिवार) | क्षेत्रीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट (समापन) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.) | 32 टीमें ग्रामीण संख्या 12000 |
| 73 | | 03 से 09.02.2023 | ग्रामीण बैडमिंटन टूर्नामेंट | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा (उ.प्र.) | 16 टीमें ग्रामीण |
| 74 | | 19.02.2023 (रविवार) | खिलाड़ियों एवं छात्रों को पुरस्कार एवं सामग्री वितरण | "नीलकंठ धाम", धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा (उ.प्र.) | 500 |
| 75 | | 25 एवं 26.02.2023 | जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट | भगवान व्यंकटेश मंदिर, मुख्तयार गंज, सतना (म.प्र.) | 20 टीमें ग्रामीण संख्या 10000 |
| 76 | मार्च-2023 | 01.03.2023 (बुधवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम | नारायण तालाब, मुक्तिधाम, हवाई पट्टी, सतना (म.प्र.) | वृक्ष : 12 संख्या : 50 |
| 77 | | 05.03.2023 (रविवार) | विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, सतना के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह | न्यास मुख्यालय, 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) | 100 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 78 | | 12.03.2023 (रविवार) | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस परिचर्चा एवं सम्मान समारोह : "जागृत महिला-सशक्त परिवार" | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.) | |
| 79 | | 22.03.2023 (बुधवार) | वर्ष प्रतिपदा पर वृक्षारोपण व जल संचय कार्यक्रम | 1. परशुराम परिसर, गली नंबर 4, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, धवारी<br>2. संतोषी माता प्रांगण बिरला रोड, सतना | वृक्ष 05<br>संख्या 500 |
| 80 | मार्च-2023 | 22 से 30.03.2023 | चैत्र नवरात्रि पर वृक्षारोपण | 1. बैंक कॉलोनी भरहुत नगर, सतना (म.प्र.)<br>2. प्राथमिक पाठशाला सिद्धार्थ नगर, सतना (म.प्र.)<br>3. दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर धवारी, सतना (म.प्र.)<br>4. संतोषी माता मंदिर परिसर, सतना (म.प्र.)<br>5. सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क बिरला मार्ग, सतना (म.प्र.)<br>6. यादव पेट्रोल पंप के पीछे, शिव चौक, सतना (म.प्र.)<br>7. सिंधी कैंप, सतना (म.प्र.)<br>8. स्वामी पार्क, सतना (म.प्र.)<br>9. भरहुत नगर पार्क, सतना (म.प्र.) | वृक्ष 05<br>संख्या 400 |
| 81 | | 30.03.2023 (गुरुवार) | श्रीराम मंदिर न्यास श्रीराम नवमी शोभा यात्रा व नि:शुल्क पौधा वितरण | न्यास मुख्यालय, 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) | वृक्ष वितरण 500 |

## कार्यक्रम : वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर सामूहिक वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 7 अप्रैल, 2022 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : भरहुत नगर, मुख्त्यार गंज, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा वर्ष प्रतिपदा हिंदू नववर्ष 2079 के अवसर पर भरहुत नगर स्थित शकुंतलम् पार्किंग में फलदार वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने बताया कि न्यास के द्वारा साल भर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। न्यास के द्वारा जितने भी वृक्ष रोपित किए गए हैं, वे आज भी सुरक्षित हैं। कई पौधे तो फल भी देने लगे हैं। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेशजी ने समस्त नागरिकों से आह्वान किया है कि ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में 'अपना सपना-हरा-भरा सतना' अभियान से जुड़ें। न्यास की परिकल्पना एवं बहुप्रतीक्षित ग्रीन एंबुलेंस बनकर तैयार हो चुकी है और उसका लोकार्पण भी इसी माह हो जाएगा। ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा पौधों की देखरेख की जाएगी। उक्त ग्रीन एंबुलेंस में ट्री गार्ड, पौधे, मिट्टी, खाद और पानी की टंकी मौजूद रहेगी। यह एंबुलेंस न्यास द्वारा रोपित पौधों के अलावा अन्य संस्थाओं के द्वारा रोपित वृक्षों की भी सेवा करेगी। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी, श्रीमती सीलम सैनीजी, श्रीमती नीलम गुप्ताजी, श्रीमती माधवी विश्वकर्माजी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठीजी, श्रीमती रश्मि सैनीजी, श्री महेंद्र तिवारीजी, श्री नितिन मिश्राजी, श्री करुणेश अनुरागीजी, श्री शिव त्रिपाठीजी, श्री जयप्रताप गुप्ताजी, श्री बृजेश सिंहजी, श्री सत्यभूषण सिंह, श्री काशी दीन वर्मा, श्री बाबूराम आजाद, श्री दीपक निगमजी, श्री दीपेश निगमजी व श्री मनीष मिश्राजी उपस्थित रहे।



*श्री जयप्रताप गुप्ता, श्री करुणेश अनुरागी, श्रीमती सेचिता सैनी एवं श्रीमती रश्मि सैनी आदि वृक्षारोपण करते हुए*



*सतना सनगर के कार्यकताओं द्वारा वर्ष प्रतिपदा पर वृक्षारोपण करते श्री करुणेश अनुरागी, श्री महेंद्र तिवारी, श्री सीलम सैनी, सुश्री प्रिया त्रिपाठी एवं श्री लवकुश बघेल आदि*





## कार्यक्रम : ग्रीन एम्बुलेंस उद्घाटन, वाहन रैली एवं वृक्षारोपण

**दिनांक : 10 अप्रैल, 2022 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थ ल : 'नेह निकुंज', बम्ह नगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से सतना में पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन एंबुलेंस का अभिनव प्रयोग किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री शंकरलाल तिवारी ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्रजी जैसा पुत्र भगवान सबको दे, जो अपनी कर्मभूमि सतना के लिए बहुत आगे की सोच रखकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा सतना में नि:शुल्क कैंप लगाना हो या स्वर्गीय बाल आपटे स्मृति वाचनालय का परिचालन हो या आज ग्रीन एंबुलेंस की शुरुआत हो, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ही यह सब कर रहा है। डॉ. राकेश मिश्र अपने पूज्य माता-पिता के नाम से यह कार्य कर पा रहे हैं, यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में पाँच वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वे भी अपने माता-पिता के नाम पर दो वृक्ष लगाकर उनकी स्मृतियाँ स्थायी बनाए रखेंगे।

सभी अतिथियों का श्री अजय अग्रवाल, डायरेक्टर दैनिक भास्कर समाचार पत्र समूह का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट कर श्री ब्रजेश सिंह, श्री विजय दुबे, श्री लवकुश सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री जय प्रताप गुप्ता ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी श्री मोतीलाल गोयल ने कहा कि सेवा न्यास के माध्यम से श्री रामनवमी के पवित्र अवसर पर इस ग्रीन एंबुलेंस का उद्घाटन शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है।

कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर पूज्य शांति मिश्रा व पं. गणेश प्रसादजी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। ग्रीन एंबुलेंस की पूजा-अर्चना कर शंकरलाल तिवारी व सभी अतिथियों ने नारियल फोड़कर गाड़ी को जनता के लिए समर्पित किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अजय मेहरोत्राजी ने कहा कि इस अभियान को पिछले वर्ष मास्टर प्लान में हमारे घर के पास दो पेड़ लगाकर शुरू किया गया था। आज वह पेड़ खूब बढ़े हो चुके हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री वीरेंद्र कुमार सकलेचाजी के नाम पर उनके पुत्र व मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचाजी ने यह पेड़ लगाए थे।

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि इस अभियान में ९८० पेड़ अभी तक लगाए जा चुके हैं। इस अवसर पर एक मार्मिक अपील व वृक्षारोपण हेतु गीत लॉन्च किया गया है। जो

गीत घर-घर जाकर परिजनों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करेगा। हर पेड़ पर नंबर व देखरेख के लिए डिजिटल डाटा रखा जाएगा।

इसमें न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा पौधों की देखरेख की जाएगी। इस सर्वसुविधा युक्त ग्रीन एंबुलेंस में गैंती, फावड़ा, ट्री गार्ड, पौधे, मिट्टी, खाद और पानी की टंकी मौजूद रहेगी। यह एंबुलेंस सेवा पूरे दिन सतना नगर में गली-गली घूम-घूमकर न्यास द्वारा रोपित पौधों के अलावा अन्य संस्थाओं के द्वारा रोपित वृक्षों की भी सेवा करेगी।

सेवा न्यास कार्यालय नेह निकुंज बम्हनगवाँ से वाहन रैली सतना नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली। वाहन रैली में महिलाओं व नौजवानों ने मुख्तियार गंज में वेंकटेश मंदिर में पूजार्चन किया। इसके उपरांत भरहुत नगर पार्क में समाप्त हुई। उसी स्थान पर वृक्षारोपण भी किया गया। प्रसाद वितरण के पश्चात् कार्यक्रम का समापन हुआ।



*श्री शंकरलाल तिवारी, पूर्व विधायक सतना, श्री मोतीलाल गोयल, श्री अजय मेहरोत्रा, श्री अजय अग्रवाल (डायरेक्टर दैनिक भास्कर) श्री संजय अग्रवाल, श्री ब्रजेश सिंह एवं डॉ. राकेश मिश्रजी*



*दीप प्रज्वलन करते हुए श्री शंकरलाल तिवारी (पूर्व विधायक सतना), श्री मोतीलाल गोयल (सुप्रसद्धि उद्योगपति), श्री अजय मेहरोत्रा एवं श्री संजय अग्रवालजी*




*ग्रीन एंबुलेंस के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित अतिथिगण एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*




*वृक्षारोपण करते विशिष्ट अतिथिगण*



*संबोधित करते हुए डॉ. राकेश मिश्र, श्री नरेंद्र शर्मा, डॉ. सुनील अग्रवाल एवं श्री जी.पी. रिछारिया एवं अन्य गणमान्य जन*




*श्री वेंकटेश मंदिर में ग्रीन एंबुलेंस का पूजन करते हुए न्यास के कार्यकर्ता, बंधु एवं भगिनी*




*सतना जिले को मिली सर्व–सुविधायुक्त ग्रीन एंबुलेंस की सौगात*



## कार्यक्रम : श्री रामनवमी शोभायात्रा

**दिनांक : 11 अप्रैल, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : रामना टोला से शहर के मुख्य मार्गों तक, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा श्री रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराम जन्म उत्सव पर नगर की भव्य शोभायात्रा में सहभागिता की गई। यह शोभायात्रा श्री गुरुद्वारा नानक दरबार जनकपुरी सिटी कोतवाली के पीछे से अग्रसेन चौक, जय स्तंभ चौक, बिहारी चौक, चौक बाजार, अहिंसा चौक, पावर हाउस चौक, हनुमान चौक, फूलचंद चौक, लालता चौक, गांधी चौक, सुभाष चौक होते हुए श्रीराम दरबार मंदिर सुभाष पार्क में संपन्न हुई। इसमें मुख्य रूप से पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ता शामिल हुए। श्री विजय दुबे (पप्पू) श्री बृजेश सिंह, श्री बालकृष्ण शुक्ला, श्री कामता पांडे, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री महेंद्र तिवारी, श्री नितिन मिश्रा, रवि द्विवेदी, श्री अनिल सैनी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्रीमती संजीता सैनी, प्रिया त्रिपाठी, खुशबू, महक इत्यादि इस चल समारोह में पूरे समय तक शामिल रहे।





*श्री राम नवमी पर निकली शोभायात्रा में ग्रीन एंबुलेंस की झाँकी के साथ न्यास के कार्यकर्ता*





*शोभायात्रा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती सेवा न्यास की बहनें व कार्यकर्ता*
*श्रीमती मनीषा सिंह श्री रवि शंकर द्विवेदी, श्री जयप्रताप गुप्ता, श्री विजय दुबे एवं अन्य*

## कार्यक्रम : 'सामूहिक परिणय यज्ञ'

**दिनांक : 15 अप्रैल, 2022 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

नौगाँव शहर के नजदीकी ग्राम धवर्रा में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणास्रोत एवं सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की माताश्री श्रीमती शांति मिश्रा के पाँचवें स्मृति दिवस के अवसर पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम धवर्रा के पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में सभी वर्गों के निर्धन एवं वंचित परिवारों से आईं 26 कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में शिव-पार्वती के विवाह जैसा सौंदर्य देखने को मिला। आयोजन में न्यास के सदस्यों द्वारा वर-वधू परिवारों का स्वागत कर उन्हें आकर्षक गृहस्थी की सामग्री भेंट की गईं। खेल परिसर में बनाए गए 26 मंडपों में वेद मंत्रों और बुंदेली गायन के बीच वर-वधू ने फेरे लिये एवं एक-दूसरे को सामूहिक त्रिस्तरीय मंच पर पुष्प वर्षा करते हुए वरमाला पहनाई।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि सेवा न्यास निरंतर सामाजिक कार्यों में संलग्न रहकर हर वर्ष इस तरह के आयोजन करता है। इस वर्ष उन्होंने 25 बेटियों के विवाह का संकल्प लिया था, लेकिन ईश्वर की कृपा से माताजी की पुण्यतिथि पर न्यास द्वारा 26 बेटियों को विवाह उपरांत विदा किया गया।

सभी दूल्हे एक जैसी वेशभूषा में घोड़े पर सवार होकर धवर्रा के खेल परिसर पहुँचे। रास्ते में डॉ. राकेश मिश्र के द्वार 'नीलकंठ धाम' पर सभी दूल्हों का तिलक लगाकर व राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद खेल परिसर के बाहर ही घोड़ों पर पंडितों ने मंत्रोच्चार कर द्वारचार की पूजा कराई। इन वर-वधू के परिवारों का जलपान के साथ स्वागत किया गया। परिसर में बने अलग-अलग 26 मंडपों में वेदिकाओं पर बैठकर सर्व समाज की परंपरानुसार फेरे कराए गए। आचार्य पं. रमाकांत पटैरिया, पं. पुरुषोत्तम नायक एवं श्री संकर्षणाचार्यजी महाराज, भीमकुंड के मागदर्शन में पुरोहितों के द्वारा वैदिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उ.प्र. सरकार के परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि यह आयोजन सेवाभाव की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्रजी और मैंने एक साथ विद्यार्थी परिषद् में काम किया है। उनका सेवाभाव निश्चित ही सीखने योग्य है। उन्होंने कहा कि ग्राम धवर्रा से उ.प्र. के किसी भी जिले तक यात्री बस चलाने की आवश्यकता से जुड़ा कोई विषय यदि मेरे पास लाया जाएगा तो इसे सहर्ष स्वीकृति दी जाएगी। म.प्र. के कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि किसी भी माता-पिता के लिए यह सबसे सुखद बाद होती है कि उनके बच्चे उनके पदचिह्नों पर चलकर सेवा के कीर्तिमान रचें। आज स्व. गणेश प्रसाद मिश्र और स्व. श्रीमती शांति मिश्राजी जहाँ भी होंगे, निश्चित

ही इस आयोजन को देखकर उन्हें प्रसन्नता हो रही होगी। उन्होंने न्यास के द्वारा सतना में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की। उन्होंने न्यास से अपील करते हुए कहा कि गायों की सेवा के विषय में भी न्यास रणनीति तैयार करे। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने भी उक्त आयोजन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बारीक तैयारियों को देखकर मैं अभिभूत हूँ। सेवा का संकल्प इन्हें इनके पूज्य पिताजी से प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास के द्वारा किए जा रहे कार्यों को विस्तार से सभी के समक्ष रखा। आयोजन में किसान मोर्चा; भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री श्री रामनरेश तिवारी, कॉपरेटिव अध्यक्ष श्री चक्रपाणी त्रिपाठी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री जे.के. सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री मानवेंद्र सिंह, म.प्र. पाठ्य-पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र बरुआ, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष व बड़ामलहरा विधायक श्री प्रद्युम्न सिंह, महाराजपुर विधायक श्री नीरज दीक्षित, चंदला विधायक श्री राजेश प्रजापति, हटा विधायक श्री पी.एल. तंतुवाय, महोबा विधायक श्री राकेश गोस्वामी, बांदा विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी, यू.पी. के एम.एल.सी. श्री जीतेंद्र सिंह सेंगर, पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव, पूर्व विधायक श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में छतरपुर कलेक्टर श्री संदीप जी.आर., एस.पी. श्री सचिन शर्मा, महोबा कलेक्टर श्री मनोज सिंह, डॉ. अरविंद कुमार (आई.ए.एस.), श्री संजीव कुमार, श्री अनिल कुमार, श्री सुधीर सिंह (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष), श्री शिवशंकर सिंह, श्री बालेंदु सिंह (चेयरमैन नेकसर आई.ए.एस. अकादमी), सतना से श्रीमती मनीषा सिंह, श्री रवि द्विवेदी, श्रीमती जान्हवी त्रिपाठी, श्री राकेश सिंह, श्री नितिन तिवारी, श्री अरविंद सिंह पप्पू, श्री विजय दुबे, श्री रमेश ओझा, श्री विवेक स्वरूप, श्री संकटा प्रसाद द्विवेदी, श्री हरिहर आचार्य, श्री कुलदीप पांडे सहित दिल्ली, छत्तीसगढ़, हरियाणा और उ.प्र. के कई गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी भी सम्मिलित हुए। मंच संचालन विनीत रावत ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रतीक सक्सेना ने किया।




*दद्दाजी एवं माताजी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अतिथिगण*
*श्री दयाशंकर सिंहजी (परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार, उ.प्र. सरकार), श्री राकेश गोस्वामीजी, विधायक, महोबा, उ.प्र., श्री चक्रपाणि त्रिपाठीजी*




*सामूहिक परिणय कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण*
*श्री विश्वास सारंगजी (मंत्री, म.प्र. शासन), श्री कमल पटेलजी (मंत्री, म.प्र. शासन) डॉ. राकेश मिश्रजी (न्यास अध्यक्ष)*
*श्री दयाशंकर सिंहजी (परिवहन मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, उ.प्र. सरकार) एवं श्री पी.एल. तंतुवाय (विधायक, हटा) श्री राकेश गोस्वामीजी*



मंगलम् भगवान विष्णुः, मंगलम् गरुड़ध्वजः।
मंगलम् पुण्डरी काक्षः, मंगलाय तनो हरिः॥

मान्यवर,

हर्ष का विषय है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास 26 कन्याओं के मांगलिक पाणिग्रहण का आयोजन सामूहिक रूप से हर्षोल्लास और धूमधाम से कर रहा है। इन नवयुगलों को इनके सुख-सौभाग्य से परिपूर्ण सुदीर्घ दांपत्य जीवन हेतु अपना शुभाशीष प्रदान करने हेतु आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

शुभ विवाह

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सौ. कां. प्रियंका | परिणय | चि. दिलीप कुमार | सौ. कां. नयनसी | परिणय | चि. पुष्पेन्द्र |
| सौ. कां. पूजा | परिणय | चि. देवेन्द्र | सौ. कां. गीता | परिणय | चि. ब्रजेश |
| सौ. कां. रानी कोरी | परिणय | चि. आशीष | सौ. कां. अन्नू | परिणय | चि. चतुर |
| सौ. कां. बैनी बाई | परिणय | चि. दिनेश | सौ. कां. जानकी | परिणय | चि. शैलेन्द्र |
| सौ. कां. आरती | परिणय | चि. संजय | सौ. कां. रोशनी | परिणय | चि. राजेश कुमार |
| सौ. कां. द्रौपदी | परिणय | चि. तेज सिंह | सौ. कां. पूजा | परिणय | चि. इंद्रेश |
| सौ. कां. शारदा | परिणय | चि. रघुवीर | सौ. कां. शशि | परिणय | चि. अजय कुमार |
| सौ. कां. जयंती | परिणय | चि. भगवानदास | सौ. कां. रामदेवी | परिणय | चि. कैलाश |
| सौ. कां. कविता | परिणय | चि. दिनेश | सौ. कां. रतना | परिणय | चि. सूरज |
| सौ. कां. सुनीता | परिणय | चि. पुष्पेन्द्र | सौ. कां. लक्ष्मीपाल | परिणय | चि. सोनू |
| सौ. कां. सविता | परिणय | चि. ब्रजेश | सौ. कां. रामबाई | परिणय | चि. कैलाश |
| सौ. कां. आरती | परिणय | चि. अंकित | सौ. कां. रानी | परिणय | चि. गोलू |
| सौ. कां. सपना | परिणय | चि. मनोज कुमार | सौ. कां. किरण | परिणय | चि. किशोरी |

कार्यक्रम विवरण

दिनांक: 15 अप्रैल, 2022 (शुक्रवार), तिथि: चैत्र शुक्ल चतुर्दशी, विक्रम संवत् 2079
समय: प्रातः 8:30 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक
स्थान: पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा (उ.प्र.)

आशा रावत
सचिव

डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष

gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas

*वर-वधू की सूची*




*कार्यक्रम में उपस्थित न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं अन्य पदाधिकारी डॉ. रचना मिश्रा, श्रीमती आशा रावत, श्रीमती प्रमिला मिश्रा, श्रीमती मालती मिश्रा एवं श्रीमती रेखा अवस्थी कन्यादान संस्कार करते हुए*





*सभी दूल्हे घोड़े पर सवार होकर बारात भ्रमण में बारातियों के साथ तीन कि.मी. नाचते हुए*



*न्यास की स्मारिका पंचम् पुष्प का लोकार्पण करते मंचासीन अतिथि*



*सामूहिक विवाह कार्यक्रम में देशभर से उपस्थित विशाल जनसमूह एवं बाराती गण*



*वेद-मंत्र और बुंदेली गायन के बीच हुआ 26 वधू एवं वर का वरमाला समारोह*



*वैवाहिक कार्यक्रम परंपरागत मंडप में संपूर्ण रीति-रिवाजों से कराते हुए पंडितजी, साथ में श्री पुष्पेंद्र प्रताप सिंह (गुडू) श्रीमती अर्चना सिंहजी, डॉ. राकेश मिश्र एवं श्रीमती प्रमिला मिश्रा, श्रीमती मालती मिश्रा*

## कार्यक्रम : सैनिटरी पैड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम

**दिनांक : 18 अप्रैल, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : गली नं. 5, गुरुकुलम स्कूल के समीप बस्ती, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। साथ ही महिलाओं में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जाता है। उन्हें रोगों से बचाव एवं स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी दी जाती है। सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए सैनिटरी पैड के उपयोग और उसके लाभ की जानकारी न्यास की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को बस्तियों में जाकर दी जाती है। इसी क्रम में गली नंबर 5 गुरुकुलम स्कूल के बगल की बस्ती में सैनिटरी पैड वितरण किया गया।





*महिलाओं के बीच सैनिटरी पैड का वितरण एवं जागरूकता में श्रीमती मनीषा सिंहजी एवं श्रीमती नीलम सैनीजी, सतना*



*महिलाओं के बीच स्वच्छता का संकल्प करातीं बहनें*

## कार्यक्रम : श्रीमती शांति मिश्राजी की पंचम् पुण्यतिथि पर सुंदरकांड, भजन संध्या एवं सामग्री वितरण

**दिनांक : 20 अप्रैल, 2022 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )-485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणास्रोत श्रीमती शांति मिश्राजी की पंचम् पुण्य स्मृति के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय, 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना में सुंदरकांड, भजन संध्या एवं सामग्री वितरण किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपने भजनों के माध्यम से श्रोताओं का मन मोह लिया।

सेवा न्यास गतिविधियों की पुस्तक पंचम् पुष्प: 2020-21 का विमोचन भी इस अवसर पर किया गया।

पुस्तक विमोचन के मुख्य अतिथि श्री ब्रज विलास मिश्र (पूर्व जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, सतना), अध्यक्षता श्रीमती प्रो. नीलम रिछारिया प्राचार्या शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय सतना, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एस.सी. राय, शासकीय महाविद्यालय सतना, अभिनव रंजन त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का संचालन जयप्रताप गुप्ता ने किया।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने दिल्ली से ऑनलाइन वर्चुअल जुड़कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। सेवा न्यास की उपाध्यक्ष मालती मिश्रा ने बताया कि यहाँ पर आयोजित सभी कार्य बड़े ही शानदार ढंग से हो रहे हैं। सभी टीम बधाई की पात्र हैं। उनके द्वारा स्थापित किए गए सेवा न्यास रूपी इस पौधे को वृक्ष बनाने में हम सब लगे हैं। उनके बताए 'सेवा ही संकल्प' मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। अभिनव त्रिपाठी रंजन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बाल आपटे स्मृति वाचनालय एवं ग्रीन एंबुलेंस इस वर्ष के दो प्रमुख वैचारिक अभियान सेवा न्यास द्वारा सतना जिले में प्रारंभ किया गया है।

पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारीजी ने श्रीराम दरबार की आरती उतारकर माताजी श्रीमती शांति मिश्रा के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

समस्त श्रद्धालुओं, भक्तों, समाजसेवियों, धर्म स्वावलंबियों का स्वागत श्रीमती मनीषा सिंह ने किया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड सतना में आयोजित इस सभा में महिलाओं व नौजवानों की बड़ी संख्या रही।






श्रीमती शांति मिश्राजी की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्री जयप्रताप गुप्ताजी








श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक श्री शंकरलाल तिवारी, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री लवकुश सिंह बघेल, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती मनीषा सिंह

## कार्यक्रम : श्रद्धांजलि सभा

दिनांक : 20 अप्रैल, 2022 ( बुधवार )
कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ),
जिला-महोबा ( उ.प्र. )

बुंदेलखंड क्षेत्र में महान् कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्र की पत्नी एवं पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की स्थापना के प्रेरणास्रोत माता शांतिजी की पुण्यतिथि 20 अप्रैल, 2022 को मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने माताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि ममता की मूर्ति, करुणामयी, सौम्य, मृदुभाषी एवं शांत, यथानाम तथा गुण माँ 'शांति देवी' ने हमेशा कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हुए अपने नाम को चरितार्थ किया।

उनका यह सपना था कि सेवा और परोपकार को ही धर्म और कर्म माना जाए। इसे चरितार्थ करते हुए न्यास इस तरह का कार्य करके समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रहा है। महान् साधक और तपस्वी पति स्व. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में रचे-बसे, घर-बार छोड़कर देशसेवा हेतु चले जाने के पश्चात् पतिपारायण होकर दोनों कुलों की मर्यादाओं का निर्वहन बड़ी दृढ़ता के साथ किया, वह अविस्मरणीय है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का मुख्य उद्देश्य 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' को सार्थक बनाना है। यह सेवा न्यास लोगों को सभी प्रकार की सामाजिक, आर्थिक, भौतिक व धार्मिक सेवाओं के लिए समर्पित है।




*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणास्रोत श्रीमती शांति मिश्राजी की पंचम् पुण्य स्मृति के अवसर पर उपस्थित जन समूह*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 24 अप्रैल, 2022 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, घूरडांग, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, घूरडॉग में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मौजूद लोगों एवं पर्यावरण-प्रेमियों ने न्यास के इस कार्य की प्रशंसा की। मौके पर उपस्थित लोगों ने न्यास द्वारा ग्रीन एंबुलेंस प्रारंभ करने के लिए न्यास को धन्यवाद ज्ञापित किया। लोगों ने बताया कि न्यास के वृक्षारोपण कार्यक्रम से क्षेत्र में प्रकृति का संरक्षण और पर्यावरण के लिए लाभप्रद रहा है।

लोगों ने बताया कि ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से पूर्व में लगाए गए वृक्षों की अच्छी तरह से देखभाल भी हो रही है।






*शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, घूरडांग, सतना ( म.प्र. ) में वृक्षारोपण करते लोग*

## कार्यक्रम : शिक्षकों का सम्मान एवं खिचड़ी वितरण

**दिनांक : 01 मई, 2022 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : अग्रसेन चौक, व जिला चिकित्सालय सतना ( मध्य प्रदेश )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने दो दिवसीय प्रवास के दौरान प्रथम दिवस में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए वाणिज्य महाविद्यालय के भूतपूर्व प्राचार्य प्रो. आर.के. जैन, डॉ. एस.सी. राय, डॉ. रमाशंकर निगम के निज निवास पहुँचकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अंगवस्त्र दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। न्यास की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक भी भेंट की व उनके उत्तम भविष्य की कामना की।

भारतीय जनता पार्टी के संभागीय प्रवक्ता स्वर्गीय राजेंद्र अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर अग्रसेन चौक पर अग्रवाल अन्नपूर्णा समिति द्वारा नि:शुल्क खिचड़ी वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से सतना लोकसभा के सांसद श्री गणेश सिंह एवं पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया व जरूरतमंदों को खिचड़ी प्रसाद वितरण में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

जिला चिकित्सालय में भरती मरीजों व उनके परिजनों के लिए भाजपा संभागीय प्रवक्ता स्वर्गीय राजेंद्र अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं न्यास के कार्यकर्ता सेवा संकल्प में उपस्थित होकर उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भोजन वितरण किया गया।

न्यास कार्यालय में समाज-सेवा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए जरूरतमंदों की सेवा के उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रबुद्ध जनों का डॉ. राकेश मिश्रजी ने स्मृतिचिह्न व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।



*सेवा संकल्प में भोजन वितरण करते डॉ. राकेश मिश्र, श्री विवेक अग्रवाल, श्री गोविंद बेडरिया, श्री घनश्याम सोनी, श्री महेंद्र अग्रवाल गुड्डा, श्री कमलेश्वर अग्रवाल*





*डॉ. आर.एस. निगम एवं डॉ. तारा निगम को अंगवस्त्र, पुस्तक व भगवान् धनवंतरीजी का चित्र भेंट करते सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं श्री राजेश त्रिपाठी (नीलू)*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान पर कार्यशाला

**दिनांक : 10 मई, 2022 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )-485001**

'अपना सपना-हरा-भरा सतना' के लक्ष्य के साथ पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से वृक्षारोपण अभियान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा एवं छात्रों ने सेवा न्यास कार्यालय का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में युवा विद्यार्थियों से न्यास का विस्तृत परिचय देते हुए दिल्ली से ऑनलाइन वर्चुअल जुड़कर अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास विंध्याचल में अभूतपूर्व सामाजिक कार्य कर रहा है। न्यास द्वारा स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि, शिक्षा, कोरोना जागरूकता के क्षेत्र में अनेक कार्य हो रहे हैं। आज शहर को हरा-भरा सतना बनाने का सभी को संकल्प दिलाया गया कि हम युवा इस ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से कार्य में सहयोग करेंगे। डॉ. राकेश मिश्रजी ने कहा कि एक भी पेड़ लगाने के बाद सूखने न पाए। इसे हरा रखने एवं बच्चे के पालने के समान चिंता करना पड़ेगी। उन्होंने कहा कि 100 छात्र-छात्राएँ यदि संकल्प कर लें तो शहर का स्वरूप बदल जाएगा। डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि सेवा न्यास पेड़ लगाने के साथ-साथ हर घर में पेड़ों के लिए माहौल बनाना चाहता है कि हर दिन पेड़ लगाने का प्रयास होना चाहिए। सभी छात्र-छात्राओं ने इस पर अपनी स्वीकृति देते हुए अभियान में शामिल होने की बात कही।

समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. एस.सी. राय ने विद्यार्थियों को बताया कि आगामी समय में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा हरा भरा सतना अभियान में सक्रिय होकर कार्य किया जाएगा। न्यास के माध्यम से समाज कार्य विभाग शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज सतना ने आगामी वर्षा ऋतु में हजारों की संख्या में पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। डॉ. एस.सी. राय, श्री महेंद्र तिवारी, प्रो. राजाराम चौधरी, प्रो. संजय चौरसिया, श्री बृजेश कुमार सिंह, श्री नीलम गुप्ता, श्री वसुंधरा सिंह एवं एम.एस.डब्ल्यू. के छात्र-छात्राएँ कार्यशाला में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मनीषा सिंह ने किया, जबकि श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने आभार व्यक्त किया।












*वृक्षारोपण अभियान पर आयोजित कार्यशाला में*
*शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण (वट सावित्री व्रत)

**दिनांक : 30 मई, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : नई बस्ती, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना की महुआ बस्ती में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर न्यास कार्यकर्ताओं की टोली ग्रीन एंबुलेंस के साथ पहुँची। महुआ बस्ती में गीत गाकर 'चलो चलें हम पेड़ लगाएँ, हर घर में हरियाली लाएँ' संदेश दिया गया। इस अवसर पर वृक्षों के महत्त्व को भी नागरिकों को बताया। वृक्ष लगाने के लिए आम जनमानस को प्रेरित किया गया। साथ ही सुहागन मातृशक्ति के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

वार्ड वासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए अपने जीवन काल में पौधारोपण अवश्य करने का संदेश दिया गया।

न्यास द्वारा ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से 5 फीट का पौधारोपण किया जाता है एवं 5 वर्षों तक वृक्ष की देखभाल की जा रही है। इस पुनीत कार्य में आप अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर वृक्षारोपण अवश्य करें।

वट सावित्री व्रत की कथा में इस दिन सभी महिलाएँ ज्यादातर अपने-अपने घरों के आसपास में बरगद की पूजा-पाठ करती हैं। आज हम सब संकल्प लें कि पेड़ लगाकर उसे तैयार करेंगे, जिससे आनेवाली पीढ़ी के लिए वह एक विशाल वट वृक्ष बनकर तैयार होगा और सबके पूजा के योग्य बन सकेगा।

हिंदू धर्म में हरेक त्योहार को धार्मिक भावना से जोड़ने के पीछे यही एक भाव यह रहता है कि हम प्रकृति का संरक्षण करें। हम अपने गाँव और क्षेत्र में बरगद एवं पीपल के पेड़ों का ही रोपण करें, जो हमें 24 घंटे ऑक्सीजन के रूप में प्राणवायु देते हैं।

श्री अर्जुन तिवारी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेंद्र तिवारी श्री भानु सिंह, श्री ब्रजेश सिंह, श्री विष्णु पांडेय, श्री नितिन मिश्रा, श्री अर्जुन गुप्ता, श्री अंकित सिंह, श्री मीनू अग्रवाल, श्रीमती रत्ना चतुर्वेदी, श्री सरोज विश्वकर्मा, श्रीमती अलका सिंह, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती माधवी विश्वकर्मा, श्रीमती संजीता सैनी, श्री सीलम सैनी, श्रीमती शालू सिंह, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री शिवम शुक्ला, श्री के.जी. यादव, श्री दशरथ गुप्ता, श्री अरविंद सेन एवं स्थानीय महिलाओं ने इसमें हिस्सा लिया। न्यास कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर पुण्य-लाभ अर्जित किया।











*नई बस्ती, सतना में वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता।*

## कार्यक्रम : विश्व पर्यावरण दिवस एवं वृक्षारोपण

**दिनांक : 05 जून, 2022 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना ( म.प्र. )**

'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा न्यास कार्यकर्ताओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया गया। 'अपना सपना-हरा-भरा सतना' लक्ष्य है अपना का उद्देश्य यह है कि शहर को हरा-भरा बनाना है एवं पूरे शहर में हरियाली लानी है, जिससे कि शुद्ध वातावरण बनाया जा सके। ताकि आनेवाली पीढ़ी को शुद्ध ऑक्सीजन की प्राप्ति हो सके व हमारा शहर स्वस्थ रहे।

वृक्षारोपण अभियान में पर्यावरण को संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीलम रिछारियाजी ने कहा कि हम सबको प्रकृति से उपहार स्वरूप में मिली हुई पर्यावरण की सौगात एवं वृक्षों का संरक्षण करना चाहिए, क्योंकि वृक्षों के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। सभी त्योहार प्रकृति पूजा पर आधारित हैं। यह वैज्ञानिक पद्धति है और पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी ने अपने जीवन में बुंदेलखंड भर में पेड़ लगाने का कार्य किया है। आज उनसे प्रेरणा लेकर बहुत बढ़िया कार्य सेवा न्यास के तत्त्वावधान में हो रहा है। समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.सी. रायजी ने कहा कि अपने कॉलेज परिसर की पुष्प वाटिका में प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को वृक्षों की सेवा करना चाहिए व उनका संरक्षण करना चाहिए। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अभियान प्रमुख श्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि न्यास कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन वृक्षों के संरक्षण के लिए व उनकी देखरेख एवं सेवा के लिए न्यास कार्यकर्ताओं की टोली ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से रोपण किए गए पौधों को पानी-खाद डालकर उनकी सेवा कर रही है। आप सभी छात्र-छात्राओं को भी अपने-अपने घरों के आसपास पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। न्यास के सक्रिय कार्यकर्ता श्री कृष्णा पांडे ने कहा कि हम अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस व अन्य अवसरों पर वृक्षारोपण करते हैं, ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा उन वृक्षों की सेवा निरंतर चल रही है।

न्यास की महिला स्वच्छता प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि आज हम सब कार्यकर्ता व कॉलेज स्टाफ व छात्र-छात्राएँ शपथ लेते हैं कि हम अपने-अपने जन्मदिवस पर एक वृक्ष का रोपण हर वर्ष अवश्य करेंगे। वृक्षों को बच्चे की तरह पालना होता है। सेवा न्यास के संकल्प में इसलिए पाँच वर्षों तक रोपण किए गए

पौधों की सेवा करने का वचन दिया है। ग्रीन एंबुलेंस शहर के नौ जोनों में प्रतिदिन भ्रमण करती है। हम जहाँ निवास करते हैं, उस दिन पार्कों में पहुँचकर रोपण किए गए पौधों के स्थल में जाकर ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से पौधों की सेवा करेंगे।




*शासकीय कन्या महाविद्यालय में वृक्षारोपण करती*
*प्राचार्या श्रीमती नीलम रिछारियाजी व अन्य छात्राएँ*




*छात्राएँ व प्राध्यापिका 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर वृक्षारोपण का संकल्प लेते हुए*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण व परिचर्चा

**दिनांक : 05 जून, 2022 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शा. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना ( म.प्र. )**

'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। शासकीय स्वशासी महाविद्यालय, गहरा नीला परिसर में सेवा न्यास कार्यकर्ताओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया गया। 'अपना सपना-हरा-भरा सतना' लक्ष्य है अपना का उद्देश्य यह है कि शहर को हरा-भरा करना व पूरे शहर में हरियाली लाना है, जिससे कि शुद्ध वातावरण बनाया जा सके। आनेवाली पीढ़ी को शुद्ध ऑक्सीजन की प्राप्ति हो सके व हमारा शहर स्वस्थ रहे। वृक्षारोपण अभियान में पर्यावरण का संरक्षण करने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. गुप्ता ने कहा कि हमारे शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि मानव को पृथ्वी, जल, पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए, क्योंकि मानव जीवन पंच तत्त्वों से बना हुआ है। डॉ. आर.एस. गुप्ता, प्राचार्य, डॉ. एस.सी. राय विभागाध्यक्ष, समाज कार्य विभाग, डॉ. भास्कर चौरसिया, एन.एस.एस. अधिकारी, श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, सुश्री रेणु कुशवाहा, सुश्री पूजा कुशवाहा, सुश्री प्रज्ञा द्विवेदी, श्रीमती सुधा पांडे, श्रीमती पूजा साकेत, श्री आकाश तिवारी, श्री अतुल कुमार, श्री अनुराग तिवारी, श्रीमती काजल विश्वकर्मा, श्री अर्जुन तिवारी, श्री कृष्णा पांडे, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्रीमती सीलम सैनी एवं शहर के पर्यावरण प्रेमी, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएँ तथा न्यास कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




*'विश्व पर्यावरण दिवस' पर शासकीय स्वशासी महाविद्यालय में संकल्प लेते छात्र-छात्राएँ एवं प्राध्यापक*

## कार्यक्रम : दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर सुंदरकांड व वेदपाठ

**दिनांक : 18 जुलाई, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : श्री नारायण संस्कृत पाठशाला, भीमकुंड, छतरपुर ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र की 98वीं जयंती के अवसर पर भीमकुंड धाम में श्री नारायण संस्कृत पाठशाला में वेदपाठियों ने स्वस्तिवाचन किया। बैंड-बाजों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री स्वामी संकर्षणाचार्यजी महाराज, श्री नारायण आचार्यजी एवं अनेक शिक्षकों की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दद्दाजी के आध्यात्मिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने पर जोर दिया। संस्कृत पाठशाला में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणा से कार्य होते रहते हैं। लोगों ने इस तरह के आयोजन के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रशंसा करते हुए न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के प्रति भी आभार जताया।





*पं. गणेश प्रसाद मिश्र की जयंती पर सुंदरकांड का पाठ करते पाठशाला के छात्र एवं शिक्षक*

## कार्यक्रम : दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर सुंदरकांड पाठ, वृक्ष वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

**दिनांक : 18 जुलाई, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र की 98वीं जयंती के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा पर अनेक कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रात: 7:30 बजे से कार्यक्रम का श्री गणेश 'श्री राम नाम संकीर्तन' के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात् श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसमें न्यास के कार्यकर्ता एवं आसपास के गाँवों के अनेक सम्माननीय नागरिकों एवं क्षेत्र से पधारे हुए न्यास के सहयोगियों के द्वारा दद्दाजी की आदमकद प्रतिमा पर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दी। इसके पश्चात् पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा पड़ोसी गाँव के एवं नौगाँव से आए हुए किसानों को फलदार वृक्षों का वितरण किया गया। सभी किसानों ने यह वचन दिया कि हम इन पेड़ों को लगाने के पश्चात् अपने पुत्र की तरह सेवा करके पालेंगे एवं अगली बार इन पेड़ों की प्रगति की फोटो साथ में लेकर आएँगे। न्यास के द्वारा किसानों को हाइब्रिड किस्म के सब्जी के बीज वितरण किए गए, जिसके हरेक पैकेट में 11 तरह की अलग-अलग प्रजाति लौकी, करेला, कद्दू, खीरा, सेम, तोरई आदि के बीज दिए गए। किसान अपने घरों एवं खेतों में इनको लगाकर अच्छी सब्जियों का उत्पादन कर सकते हैं। समापन के अवसर पर सभी को फलदार पौधे एवं प्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती आशा रावत, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की सचिव एवं श्रीमती डॉ. रचना मिश्रा, श्री देवकीनंदन दुबेजी, श्री अनूप मिश्रा, श्रीराम रिछारिया, श्री गणेश शंकर तिवारी, श्री श्रीपत राजपूत, श्री रिंकू राजा, श्री संतोष तिवारी, श्री साहब राजा, श्री प्रवीण दुबे, श्री ब्रजेश बाजपेयी, श्री यादवेंद्र परिहार, श्री पूरन रैकवार, श्री राहुल राजपूत, श्री राहुल दुबे, श्री हैप्पी राजा, श्री देवेंद्र राजपूत, श्री मुकेश राजपूत, श्री राकेश कुशवाहा, श्री भूरे कुशवाहा, श्री नारायण अनुरागी, श्री बबलू पाल, श्री भोले कुशवाहा, श्री देवेंद्र अहिरवार, श्री लखन लाल राजपूत, श्री विनोद रैकवार, श्री अजय राजपूत, श्री मुरली लाल, श्री जयप्रकाश द्विवेदी एवं गढ़िया, घिसलनी, रावतपुरा, बीरपुरा, बंछौरा, खमा, चमरूआ, ददरी, बिलहरी एवं नौगाँव जैसे अनेक स्थानीयवासियों ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।





*खेल परिसर धवर्रा में श्रद्धांजलि देते पदाधिकारी श्री प्रद्युम्न सिंह राठौर, श्री प्रवीण दुबे, श्री शीतल कुशवाहा, श्री राम रिछारिया, डॉ. रचना मिश्रा, श्रीमती आशा रावत एवं अन्य*




*श्रीमती आशा रावत, डॉ. रचना मिश्रा, श्री प्रवीण दुबे, श्री राम रिछारिया, श्री ब्रजेश बाजपेयी*

## कार्यक्रम : दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि सभा, भजन, बीज-वितरण एवं वृक्ष-वितरण

**दिनांक : 18 जुलाई, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )-485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय नेह निकुंज, बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना में न्यास के प्रेरणास्रोत एवं वरिष्ठ समाज-सेवी पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की 98वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए न्यास कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दद्दाजी के जीवन को चिरस्मरणीय बनाए रखने के लिए सेवा न्यास कार्यालय में सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालुओं व भक्त जनों ने सुंदरकांड व भजन मडली में सम्मिलित होकर सुंदरकांड का पाठ किया। वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण अभियान के लिए वृक्ष भी प्रदान किए गए। श्रद्धालु भक्तजनों व कार्यकर्ताओं को वृक्ष वितरण करते हुए वृक्षों की सेवा करने का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देते हुए पाँच वर्षों तक वृक्षों की सेवा करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर कहा गया कि हम अपने घर के आस-पास अपने घरों में पौधा रोपण करते हुए उसकी सेवा करेंगे।

कार्यक्रम में न्यास के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री कृष्णा पांडे, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्री अभिनव रंजन त्रिपाठी, श्री महेंद्र तिवारी, श्री अर्जुन तिवारी, श्री उपेंद्र तिवारी, श्री पदमधर द्विवेदी, श्री जयप्रताप गुप्ता, श्री विजय दुबे, श्री करुणेश अनुरागी, श्री अनिल सैनी, श्री लवकुश बघेल, श्री राकेश प्रताप, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्रीमती संगीता सैनी, श्रीमती तरुणा तिवारी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती माधवी विश्वकर्मा, श्रीमती शीलम सैनी, श्री रमेश कुमार शर्मा, श्री संजय अग्रवाल, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री नीलू एवं न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*श्रद्धांजलि अर्पित करते कार्यकर्ता श्रीकृष्णा पांडे, श्री शैलेंद्र त्रिपाठी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं भजन मंडली*




*पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की जयंती पर भजन करती मंडली, महिला कार्यकर्ता एवं न्यास की टीम*



*वृक्ष-वितरण कार्यक्रम में वृक्ष ले जातीं श्रीमती संचिता सैनी,*
*श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती करुणा तिवारी एवं श्रीमती सीलम सैनी*

## कार्यक्रम : दद्दाजी की 98वीं जन्म जयंती पर मरीजों व परिजनों को भोजन वितरण

**दिनांक : 18 जुलाई, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र 'दद्दाजी' की 98वीं जयंती पर देश की राजधानी दिल्ली स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में मरीजों के बीच भोजन का वितरण किया गया। 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के अपने सूत्र-वाक्य को चरितार्थ करते हुए न्यास ने मरीजों को भोजन देकर 'दद्दाजी' के बताए मार्ग को साकार किया है। श्री विष्णु मित्तल, प्रदेश कोषाध्यक्ष, भाजपा दिल्ली, श्री राकेश वर्मा, डॉ. एच.जी. हेमल (बाल कैंसर विशेषज्ञ) डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सहित अनेक लोग उपस्थित थे। 'आओ साथ चलें' के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर पाँच सौ मरीजों को भरपेट भोजन वितरित किए।




*डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में मरीजों के बीच भोजन का वितरण करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी*




*मरीजों को भोजन वितरण करते न्यास कार्यकर्ताओं के साथ श्री विष्णु मित्तलजी, डॉ. राकेश मिश्र, श्री राकेश वर्माजी एवं डॉ. एच.जी. हेमलजी*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 23 जुलाई, 2022 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शा. व्यंकट क्र.-2, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सदैव प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रोत्साहन करने के लिए विद्यालय स्तर पर कार्यरत है। सतना के मेधावी छात्रों को इसी निमित्त सम्मानित किया। सेवा न्यास की टीम ने सतना शहर के दस विद्यालयों का चयन किया। उसमें दसवीं कक्षा के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। शासकीय वेंकट क्रमांक 2 के प्राचार्य दिलीप कुमार पांडे एवं न्यास कार्यकर्ताओं ने ग्यारहवीं कक्षा के, जो छात्र बारहवीं में अध्ययन कर रहे हैं, ऐसे कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं गृह विज्ञान संकाय के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करनेवाले को भी सम्मानित किया। आज सम्मान प्राप्त करनेवाले छात्रों में हरिओम शुक्ला, सिवान सिंह बघेल दोनों ने 90.8 प्रतिशत एवं 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इसी प्रकार कक्षा 11वीं में ऋतुराज वर्मा, शुभम अहिरवार, मानवेंद्र सिंह, शिवम कुमार त्रिपाठी, अनुज कुशवाहा, अन्नू पांडेय, मनीष कुशवाहा, श्लोक जायसवाल को सम्मानित किया गया। इन कला, वाणिज्य, गणित एवं जीव विज्ञान समूह के छात्रों ने ग्यारहवीं कक्षा में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है, जिन्हें पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में चयनित प्रत्येक छात्र को प्रमाण-पत्र, पुस्तक, दीवार घड़ी एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

इस अवसर पर श्री दिलीप कुमार पांडे, श्री धीरेंद्र सिंह, श्री गोविंद सिंह तिवारी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजीव व्यास, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्री महेंद्र तिवारी, श्री अनिल सैनी, श्री विजय दुबे, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं न्यास कार्यकर्ता तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।



*प्रतिभा सम्मान में सम्मानित छात्र स्मृतिचिह्न प्रदर्शित करते हुए*



*प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थित शिक्षकगण एवं न्यास कार्यकर्ता श्री राजीव व्यास, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती करुणा तिवारी, श्री महेंद्र तिवारी, श्री राजेश त्रिपाठी एवं श्री विजय दुबे*



*प्रतिभा सम्मान समारोह में वृक्षारोपण का संकल्प लेते शासकीय विद्यालय के छात्र*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 25 जुलाई, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय हाई स्कूल, टिकुरिया टोला, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हाई स्कूल, टिकुरिया टोला में किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई, माता सरस्वती की वंदना छात्र-छात्राओं ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती लता शर्मा का न्यास की ओर से श्रीमती मनीषा सिंह, न्यास के वरिष्ठ सदस्य श्री अशोक गुप्ता व न्यास के कार्यकर्ताओं ने बच्चों में अच्छे संस्कार एवं अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्राचार्यजी को सम्मानित किया।

शासकीय हाई स्कूल टिकुरिया टोला, सतना में प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। न्यास की ओर से मुख्य वक्ता श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि बच्चो, यह बताओ पहले कि कभी आप लोगों ने पेड़ों के लिए एंबुलेंस सुनी है ? बच्चों ने कहा कि नहीं। मनीषा सिंह ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा पौधों की देखभाल के लिए ग्रीन एंबुलेंस चलाई जा रही हैं। 'अपना सपना-हरा-भरा सतना' कार्यक्रम में पेड़ लगाने का काम चल रहा है, जिसके द्वारा वृक्षों की देखभाल पाँच वर्षों तक की जाएगी। उस ग्रीन एंबुलेंस में गैंती, फवड़ा पानी,खाद की व्यवस्था है। आप अपने जन्मदिन पर पौधारोपण अवश्य करें। 'हरा-भरा सतना' अभियान में सेवा न्यास का सहयोग करें।

सेवा न्यास के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री अशोक गुप्ताजी ने कहा कि कक्षा 10वीं एवं 11वीं के छात्र-छात्राओं को प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित करने पर छात्र-छात्राओं को न्यास परिवार द्वारा प्रतिभा सम्मान किया गया। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम का संचालन राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विजय दुबे ने किया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टिकुरिया टोला के प्रमुख रूप से श्रीमती रंजना सिंह, श्री उमेश कुमार गौतम, श्री सुनील शर्मा, श्रीमती उषा किरण पटेल, श्रीमती रेखा सिंह, श्री देशराज प्रजापति, श्रीमती सुधा सोनी, श्रीमती मंजुला तिवारी, श्रीमती स्मिता सिंह, श्री नीतू सिंह, श्री नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी, श्रीमती शशि भूषण, श्री नरेंद्र सिंह, श्री राम लखन वर्मा, श्री करुणा सिंह, श्रीमती अनुपमा सोनी, श्रीमती अनीता पाठक, श्री बालकृष्ण सोनी, श्रीमती स्नेह लता सिंह, श्रीमती पुष्पा पाठक, श्रीमती सुमन शुक्ला, श्रीमती दीपा शुक्ला, श्री सुरेश कुमार सोनी, श्री भरत प्रसाद मिश्र, श्री विनोद कुमार

सेन, श्रीमती संजू लता त्रिपाठी, श्री गया प्रसाद द्विवेदी, श्रीमती रश्मि रूसिया, श्रीमती सुनीता यादव, श्रीमती सादरी बेगम, श्रीमती सविता त्रिपाठी, श्रीमती प्रभा त्रिपाठी, श्रीमती माननीया सक्सेना, श्री राजकुमार चौरसिया, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, श्री बिहारी लाल साहू, श्री संतोष कुमार बर्मन, श्री शिव बिहारी प्रजापति, श्री यशवर्धन सिंह एवं न्यास कार्यकर्ता श्री श्यामलाल गुप्ता 'श्यामू', श्री नितिन मिश्रा, श्री अनिल सैनी, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्रीमती माधवी विश्वकर्मा एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।




*समारोह में न्यास की स्मारिका भेंट करती श्रीमती मनीषा सिंहजी, श्री अशोक गुप्ताजी, श्री शिवम बढ़ौलियाजी, श्री श्यामलाल गुप्ताजी, श्री राजेश त्रिपाठीजी, श्री विजय दुबे*



*समारोह में दीप प्रज्वलित करते अतिथिगण, शिक्षकगण एवं उपस्थित छात्राएँ*




समारोह में उपस्थित शिक्षक एवं न्यास कार्यकर्ता श्री नितिन मिश्रा,
श्री अनिल सैनी, श्री अशोक गुप्ता एवं वरिष्ठ शिक्षक




श्री श्याम लाल गुप्ता (श्यामू), श्री विजय दुबे, श्री अशोक गुप्ता तथा श्रीमती मनीषा सिंह
छात्र को सम्मानित करते हुए

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कारगिल विजय दिवस

**दिनांक : 26 जुलाई, 2022 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, घूरडांग, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा कक्षा 10वीं एवं 11वीं कक्षा में अपने विद्यालय व शहर का मान बढ़ाने के लिए उन प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वतीजी के चित्र पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी प्राचार्य श्री रामसुख वर्मा एवं न्यास कार्यकर्ताओं द्वारा श्रुति गौतम, शिवम कुशवाहा, रिया त्रिपाठी एवं ज्ञान प्रकाश कुशवाहा, ज्योति कोरी, प्रिया गौतम, शुभी पांडे, राजवीर सूर्यवंशी, रानी चौरसिया ने उच्चतम अंक प्राप्त करने पर उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री रामसुख वर्माजी का छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा व उच्च संस्कार प्रदान करने के लिए उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं ने खुशियों का इजहार करते हुए सेवा न्यास परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्राचार्य श्री रामसुख वर्मा, श्री रामकिशोर, श्री दिनकर, श्रीमती ज्योति तिवारी, श्रीमती सीता सिंह, श्रीमती अर्चना पांडे, श्री अरुण प्रताप सिंह, श्री शिवम माली, श्री बृजेश सिंह, श्री शिवम शुक्ला, श्री नितिन मिश्रा इत्यादि मौजूद रहे।

वहीं 'कारगिल विजय दिवस' की स्मृति में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वीर जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।




*समारोह में सम्मानित होती छात्राएँ, शिक्षक एवं न्यास कार्यकर्ता श्री महेंद्र तिवारी, श्री विजय दुबे, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री अनिल सैनी, प्राचार्य श्री रामसुख वर्माजी*




*प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थित विद्यालय के छात्र-छात्राएँ व शिक्षकगण*



*प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राएँ स्मृतिचिह्न प्रकट करते हुए*



*कारगिल के शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता*




*मेदांता अस्पताल स्वास्थ्य शिविर की जानकारी देतीं न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंहजी*



*प्रतिभा सम्मान समारोह के पश्चात् वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता श्री अनिल सैनी, श्री राजेश त्रिपाठी एवं शिक्षिकाएँ*

## कार्यक्रम : कन्या प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 28 जुलाई, 2022 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सतना, ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सतना में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कुमकुम भट्टाचार्यजी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। न्यास की वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह एवं समाज-सेवी संजय अग्रवाल ने कक्षा 10वीं एवं 11वीं कक्षा की छात्राओं को उच्चतम अंक प्राप्त करने पर एवं जिले का गौरव बढ़ाने के लिए सम्मानित किया, जिसमें स्मृति चिह्न, दीवार घड़ी, सेवा न्यास की पंचम् पुष्प पुस्तक, डिक्शनरी, कॉपी, पेन भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए, दीप प्रज्वलित कर माँ शारदे की कृपा हम सब पर इसी तरह बनी रहे, की प्रार्थना की। कक्षा दसवीं की रीता सिंह, सीता सिंह को उच्चतम अंक अर्जित करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के कला संकाय में शालिनी चौधरी, कोमल कुशवाहा, वाणिज्य में प्रिया कुशवाहा, रुचि त्रिपाठी, विज्ञान संकाय में आकांक्षा चौरसिया, काजल सिंह, गृह विज्ञान संकाय में कृति सोंधिया, अंजलि कुशवाहा को विद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कुमकुम भट्टाचार्य को विद्यालय में उच्च स्तर की शिक्षा एवं उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सेवा न्यास कार्यकर्ताओं द्वारा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने एवं आभार प्रदर्शन न्यास कार्यकर्ता श्रीमती सीलम सैनी ने किया।

इस अवसर पर श्री आई.जे. सिंह, श्री हनुमंत अनुरागी, श्री चरण सिंह, श्री संतोष पटेल, श्रीमती शकुंतला त्रिपाठी, श्रीमती मालती गुरु, श्रीमती पदमा सिंह, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्री नितिन मिश्रा, श्री अनिल सैनी एवं विद्यालय की छात्राएँ, स्टाफ व न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थित छात्राएँ एवं शिक्षिका समूह*



कन्या प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित छात्राएँ




कन्या सम्मान समारोह में उपस्थित शिक्षक एवं न्यास कार्यकर्ता



पंचम् पुष्प स्मारिका भेंट करते श्री संजय अग्रवाल, श्री लवकुश सिंह बघेल,
श्री अनिल सैनी, श्री करुणेश अनुरागी

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 31 जुलाई, 2022 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बगहा, सतना, ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रोत्साहन करने के अभियान में विद्यालय स्तर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्विनी कुमार पाठक द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बगहा एवं न्यास कार्यकर्ताओं ने वीणा वादिनी माता सरस्वतीजी की पूजा की। माता की वंदना के उपरांत दसवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा में अध्ययन कर रहे हैं, उनमें कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं गृह विज्ञान संकाय के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में शहर व विद्यालय का नाम रोशन करनेवाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है।

कक्षा दसवीं में उच्च अंक प्राप्त करनेवाली विद्यालय की छात्रा मुस्कान डोहर, रिया दहायत को मेरिट में स्थान प्राप्त करने पर मेधावी छात्रा का सम्मान प्रदान किया गया। कक्षा ग्यारहवीं कला समूह में उच्च अंक अर्जित करने के लिए प्रसून मिश्रा, विज्ञान समूह में अमन कुशवाहा, आंचल प्रजापति, कॉमर्स समूह में प्राची दहिया, सुहानी सिंह परिहार का सम्मान किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस सम्मान समारोह में चयनित प्रत्येक छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र, न्यास पंचम् पुष्प पुस्तक, दीवार घड़ी एवं स्मृति चिह्न दिए गए।

इसी कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य श्री अश्विनी कुमार पाठक का भी सम्मान, सेवा न्यास द्वारा किया गया। सेवा न्यास का मानना है कि छात्रों को गढ़ने में शिक्षकों की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए शिक्षकों का भी सम्मान करना चाहिए। श्री रघुवंश प्रसाद मिश्रा, श्री मुद्रिका प्रसाद शुक्ला, श्री भास्कर पांडे, श्री बद्री प्रसाद गौतम, श्री हरीश गौतम, श्रीमती आशा गर्ग, श्री अशोक कुमार कोरी, श्री अरुणेंद्र सिंह, श्री राजेंद्र सिंह, श्रीमती कुंदन सिंह, श्री विमलेश कुमार प्रजापति, श्रीमती मधु शास्त्री, श्री कमलेश कुमार निगम, श्री ओमप्रकाश तिवारी, श्रीमती वर्षा तिवारी, श्रीमती रेवा मिश्रा, डॉ. प्रियंका शुक्ला, श्री रामचंद्र यादव, श्री राजेश कुमार सोनी, श्री श्रवण कुमार सोनी, श्री सुजीत कुमार गर्ग, श्री नितिन गर्ग, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती संजीता सैनी, श्री शिवम माली, श्री शिवम शुक्ला व न्यास कार्यकर्ता तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।





*प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता श्री शिवम बढ़ोलिया, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री लवकुश, श्री करुणेश अनुरागी आदि*



*प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थित प्रसन्नचित्त छात्राएँ*



*हेल्थ चेकअप कैंप (मेदांता द मेडिसिटी) की जानकारी देते सेवा न्यास के कार्यकर्ता*



*हेल्थ चेकअप कैंप (मेदांता द मेडिसिटी) की जानकारी देते सेवा न्यास के कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएँ*



*सम्मान समारोह के उपरांत वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता, विद्यालय की छात्राएँ तथा शिक्षक*

## कार्यक्रम : अठारहवाँ मल्टीस्पेशलियटी हेल्थ चेकअप कैंप

**दिनांक : 06-07 अगस्त, 2022 ( शनिवार-रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय मल्टीस्पेशलियटी हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सतना जिले के कृष्ण नगर स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में देश के ख्यातिलब्ध चिकित्सालय मेदांता, गुरुग्राम (दिल्ली) के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के साथ लोगों का उपचार भी किया।

सरस्वती विद्यालय कृष्णनगर के कक्षों में चिकित्सा शिविर के पृथक्-पृथक् विभागों में मेदांता हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. एस.के. तनेजा (कार्डियोलॉजी) डॉ. संदीप मित्तल (रेस्पिरेटरी) डॉ. केशव खेरा (नेफ्रोलॉजी), श्रीमती डॉ. एम.आर. मजूमदार (गायनी एवं ऑन्कोलॉजी), डॉ. सुनील प्रकाश (न्यूरोलॉजी), डॉ. राहुल यादव (गैस्ट्रोलॉजी), डॉ. विकास कुमार (ऑर्थोपेडिक्स) एवं श्री कश्यप घोषजी ने अपने स्टाफ के साथ सेवाएँ दीं।

इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के 16 जिलों से आए 2576 मरीजों का उपचार किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सतना शहर के वरिष्ठ नागरिक अवलोकन के लिए पहुँचे, जिनमें प्रमुख तौर पर नगर निगम के पूर्व स्पीकर पं. सुधाकर चतुर्वेदी, पूर्व विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार, दैनिक भास्कर, सतना के स्थानीय संचालक श्री अजय अग्रवाल, प्रतिष्ठित व्यवसायी श्री मोतीलाल गोयल, श्री अतुल मेहरोत्रा, श्री अजय मेहरोत्रा. ए.के.एस. यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री अनंत सोनी, श्री कमलेश पटेल, श्री ब्रजेश खंडेलवाल, श्री नरेंद्र शर्मा सहित कई प्रबुद्ध जनों और वरिष्ठ नागरिकों ने अवलोकन किया व जाँचें कराईं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि यहाँ न्यास द्वारा सेवा के विविध आयामों में लगातार कार्य किया जा रहा है। 'हरा-भरा सतना' के तहत वृक्षारोपण अभियान, मेधावी छात्रों के प्रोत्साहन के लिए उन्हें पुरस्कृत करना, उपनयन संस्कार, सामूहिक विवाह, परिणय यज्ञ, महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु कार्यक्रम, विभिन्न विषयों पर आयोजित व्याख्यानमाला आदि कार्यक्रम न्यास के द्वारा संचालित हो रहे हैं। श्री मिश्र ने कहा कि सतना में संपन्न हुए इस मल्टी हेल्थ चेकअप कैंप में 2576 महिला-पुरुषों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया है। प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन अलग-अलग स्थानों पर किया जाता है।

शहर के नवनिर्वाचित महापौर श्री योगेश ताम्रकार ने सरस्वती विद्यालय के सभागार में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से आयोजित दो दिवसीय वृहद चिकित्सा जाँच शिविर 'मेदांता द मेडिसिटी' के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से उद्गार व्यक्त किए उन्होंने सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र का जिक्र करते हुए कहा कि उनका न्यास जिस प्रकार से लगातार जनोन्मुखी सेवा वाले कार्यक्रम कर रहा है, उससे ऐसा लगता है कि राकेशजी अपनी कर्मभूमि सतना के लिए दिल से कुछ करना चाहते हैं।

उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने कहा कि इस सेवा न्यास की रचनात्मक गतिविधियाँ ठोस एवं प्रभावशाली हैं। सतना में पर्यावरण सुधार के लिए निरंतर वृक्षारोपण की आपकी मुहिम से हमें शहर को हरा-भरा रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान का जिक्र करते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि इस चिकित्सा शिविर में आयोजकों ने तीन हजार तिरंगा झंडों की व्यवस्था की है, जिन्हें साधारणजनों के बीच में वितरित किया जाएगा।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा लगाया गया यह 18वाँ मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ कैंप है, जिसमें मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के प्रसिद्ध चिकित्सक अपने आधुनिकतम चिकित्सा जाँच उपकरणों के साथ आए हुए हैं। इस शिविर के उद्घाटन समारोह को पूर्व विधायक श्री शंकरलाल तिवारी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-प्रांत कार्यवाह श्री उत्तम बनर्जीजी ने भी संबोधित किया और न्यास द्वारा लगाए जानेवाले चिकित्सा शिविर एवं अन्य सामाजिक कार्यों की सराहना की।

प्रथम दिन उद्घाटन समारोह में न्यास के मंच पर चिकित्सकों सहित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। महापौर श्री योगेश ताम्रकार को श्री बृजेश सिंह ने, श्री शंकरलाल तिवारीजी को श्री नितिन मिश्रा ने, श्री उत्तम बनर्जीजी को श्री महेंद्र तिवारी ने, जिला कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा को श्री कमलेश्वर अग्रवाल ने एवं सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी को श्री भूपेंद्र केवट ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री अर्जुन तिवारी एवं आभार प्रदर्शन श्री बालेंद्र गौतम ने किया। दूसरे दिन समापन समारोह में इस दो दिवसीय शिविर में 16 जिलों के 2576 मरीजों का परीक्षण किया गया। मेदांता हॉस्पिटल, दिल्ली के डॉक्टरों की टीम से शिविर के दूसरे दिन समापन समारोह में मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेलजी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने सेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़े हैं। पीड़ित मानवता की सेवा करना ईश्वर की उपासना के बराबर है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रीवा रेंज के डी.आई.जी. मिथिलेश शुक्ला ने कहा कि मैं उन महापुरुष पंडित गणेश प्रसाद मिश्र 'दद्दाजी' को नमन करता हूँ, जिनकी

प्रेरणा से इस प्रकार के सत्कर्म चल रहे हैं। सेवा न्यास के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। सेवा करने से ही मन को आनंद की अनुभूति होती है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत, सतना की उपाध्यक्षा श्रीमती सुष्मिता सिंहजी ने भी अपने विचार व्यक्त कर न्यास की संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्राजी को नमन किया और कहा कि उन जैसी माता धन्य हैं, जिन्होंने डॉ. राकेश मिश्र जैसे पुत्र को जन्म दिया।

कार्यक्रम के समापन में सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं और एन.सी.सी., एन.एस.एस., नर्सिंग कॉलेज तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र, कपड़े का थैला, तिरंगा, दवाई के साथ सम्मानित किया गया।

श्री अर्जुन तिवारी, श्री लोकेश त्रिपाठी, श्री भास्कर चतुर्वेदी आँसू, श्री लखनलाल शुक्ला, श्री श्यामलाल गुप्ता, श्री श्यामू कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र की भेंट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री कामता पांडेय एवं आभार प्रदर्शन संकल्प मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम के संयोजक श्री अर्जुन तिवारी, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, डॉ. राजीव व्यास, श्री कृष्णा पांडेय, श्री बालेंद्र गौतम, श्री सचिन शुक्ला, श्री अजय मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेंद्र त्रिपाठी, श्री अनिल सैनी, श्री लवकुश बघेल, श्री बृजेश सिंह, श्री भूपेंद्र केवट, श्री शिवम बढ़ोलिया, श्रीमती रश्मि सैनी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम में राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत इस चिकित्सा शिविर में आयोजकों ने तीन हजार तिरंगा झंडों की व्यवस्था की और इन्हें साधारणजनों के बीच में वितरित किया गया। इस अवसर पर सभी से अनुरोध किया गया कि वे स्वतंत्रता दिवस के दिन सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण करें।





*दो दिवसीय मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप में उपस्थित चिकित्सक एवं गणमान्यजन श्री शंकरलाल तिवारी, डॉ. सुनील अग्रवाल, श्री राजेश शाही (आयुक्त नगर निगम), श्री योगेश ताम्रकार, श्री अनुराग वर्मा, कलेक्टर व टीम मेदांता*




*दो दिवसीय मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप में स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक डॉ. एस.के. तनेजा, श्री योगेश ताम्रकार (महापौर-सतना), श्री उत्तम बनर्जी (सह-प्रांत कार्यवाह), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर-सतना) श्री देवेंद्र सिंह, श्री बालकृष्ण शुक्ला 'बेटा'*





*दो दिवसीय मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप में स्वास्थ्य परीक्षण कराते श्री मोतीलाल गोयल, श्री कमलेश पटेल, श्री अजय अग्रवाल, श्री संजय अग्रवाल*





*दो दिवसीय मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप में एंबुलेंस के साथ खड़े श्री योगेश ताम्रकार, महापौर, श्री अनुराग वर्मा, कलेक्टर, श्री मणिकांत माहेश्वरी एवं न्यास के अध्यक्ष एवं चिकित्सकगण*




*पंचायत एवं ग्रामीण राज्यमंत्री, म.प्र. शासन श्री रामखेलावन पटेलजी, श्री मिथिलेश शुक्ल, डी.आई. जी., रीवा, श्रीमती सुष्मिता सिंह, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत, सतना, श्री मणिकांत माहेश्वरी, समापन कार्यक्रम में न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं अन्य अतिथिगण*



*दो दिवसीय मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप का समापन करते श्री रामखेलावन पटेल, राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार, म.प्र. शासन, न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं अन्य अतिथिगण*



*हेल्थ चेकअप कैंप में सहयोग करनेवाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करती श्रीमती सुष्मिता सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्षा*



राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा वितरित करते हुए श्री मोतीलाल गोयल, डॉ. संजय माहेश्वरी (बिरला अस्पताल), श्री कमलेश पटेल, श्री संजय तीर्थवानी, श्री ए.के. सोनी, श्री नरेंद्र शर्मा, श्री बृजेश खंडिलवाल, श्रीमती मनीषा सिंह



हेल्थ चेकअप कैंप में जानकारी लेते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र

# 18वाँ हेल्थ चेकअप कैंप एक दृष्टिपात

- मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 16 जिलों से 2576 मरीजों का उपचार किया गया।

**मध्य प्रदेश :** सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, कटनी, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ एवं शहडोल।

**उत्तर प्रदेश :** प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा

**झारखंड :** पलामू एवं देवघर

- कुल ओ.पी.डी./विशेषज्ञ परामर्श :

| क्र. | विभाग | डॉक्टर का नाम/विशेषज्ञ | मरीज |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्डियोलॉजी (हृदय रोग) | डॉ. एस.के. तनेजाजी | 510 |
| 2 | नेफ्रोलौजी (किडनी) | डॉ. केशव खैराजी | 350 |
| 3 | कैंसर (गायनी एवं ऑन्कोलॉजी) | डॉ. (श्रीमती) एम.आर. मजूमदारजी | 277 |
| 4 | गैस्ट्रोलॉजी (पेट संबंधी) | डॉ. राहुल यादवजी | 419 |
| 5 | न्यूरोलॉजी (तंत्रिका) | डॉ. सुनील प्रकाशजी | 512 |
| 6 | ऑर्थोपेडिक्स (हड्डी रोग) | डॉ. विकास कुमारजी | 214 |
| 7 | रेस्पिरेटरी (दमा एवं श्वास) | डॉ. संदीप मित्तलजी | 294 |
| | **कुल योग** | | **2576** |

- सात विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं 14 पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा दो दिनों में (प्रात: 9 से 4 बजे सायं तक 2576 मरीजों का परीक्षण गया।
- कुल परीक्षण किए गए—

| क्र. | परीक्षण | मरीज |
|---|---|---|
| 1 | ई.सी.जी. | 179 |
| 2 | एक्स–रे | 150 |
| 3 | एचबीए 1 सी | 472 |
| 4 | ब्लड प्रेशर | 1784 |
| 5 | शुगर | 1862 |
| 6 | मैमोग्राफी | 210 |
| 7 | बी.एम.डी. | 146 |
| 8 | पी.एफ.टी. | 312 |
| | **कुल योग** | **5115** |

- जिला चिकित्सालय के 4 डॉक्टरों ने एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने 700 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं।

# कार्यक्रम : महिला चिकित्सा (सर्वाइकल कैंसर) व्याख्यानमाला

**दिनांक : 06 अगस्त, 2022 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, सतना ( म.प्र. )**

मेदांता हॉस्पिटल द्वारा आयोजित मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप के दौरान महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता लाने के मकसद से व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसे मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सभ्यता गुप्ता ने संबोधित किया। मुख्य रूप से सर्वाइकल कैंसर की समस्या व समाधान के बारे में बताया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. महेंद्र सिंह एवं श्रीमती डॉ. रेखा त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ. संदीप मित्तल, रेस्पिरेटरी विशेषज्ञ ने संबोधित करके लीवर एवं लंग्स ट्रांसप्लांट के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। लंग्स फाइब्रोसिस की गंभीर बीमारियों को ठीक करने का मेदांता प्रयास कर रहा है।

सेवा न्यास के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मनीषा सिंह ने किया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती नीलम कुशवाहाजी ने किया।



*व्याख्यानमाला का उद्घाटन करतीं श्रीमती मालती मिश्राजी, डॉ. रेखा त्रिपाठीजी, डॉ. रेखा सिंहलजी ( रीवा )*




*व्याख्यानमाला को संबोधित करती डॉ. रेखा त्रिपाठीजी (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, सतना)*




*व्याख्यानमाला को संबोधित करते डॉ. महेंद्र सिंहजी (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, सतना)*



*व्याख्यानमाला में उपस्थित चिकित्सक एवं अतिथिगणों का सम्मान करती न्यास की कार्यकर्ता*




*व्याख्यानमाला में उपस्थित महिलाएँ एवं गणमान्य नागरिक*



*कार्यक्रम समापन के उपरांत न्यास द्वारा सभी महानुभावों एवं मरीजों को कपड़े का थैला, भगवान् धन्वंतरि का चित्र, दर्द निवारक बाम, अंगवस्त्र, तिरंगा ध्वज एवं पंचम् पुष्प स्मारिका प्रदान की गई।*

## कार्यक्रम : तिरंगा ध्वज वितरण अभियान

**दिनांक : 11 अगस्त, 2022 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : बिरला रोड, घूरडांग, नई बस्ती, सतना ( मध्य प्रदेश )**

आजादी के 'अमृत महोत्सव' पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के मार्गदर्शन में सतना जिले में घर-घर जाकर हर घर तिरंगा ध्वज वितरण अभियान चलाया गया।

सेवा न्यास के सभी कार्यकर्ताओं ने मोहल्ले वार योजनाएँ बनाकर देशवासियों को राष्ट्र-प्रेम व घर-घर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया। इसके अंतर्गत बिरला रोड, घूरडांग, नई बस्ती में हर घर तिरंगा पहुँचाकर राष्ट्रीय स्वाभिमान जगाया।

न्यास की वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह ने रामना टोला स्थित माहेश्वरी निवास में महिलाओं को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नि:शुल्क तिरंगा झंडा भेंट किए व सामूहिक संपर्क किया।

श्री अर्जुन तिवारी, श्री अशोक अग्रवाल, श्री शिवम माली, श्री सोमू सिंह, श्री अनमोल गुप्ता, श्री दीप अग्रवाल, श्री कंचन, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री जी.पी. रिछारिया, श्री ब्रजेश सिंह, श्री राजीव व्यास, श्री सचिन त्रिपाठी, श्रीमती अनुराधा सोनी, श्री समीम खान, श्री राजेंद्र पांडे, श्री शुभम पटनहा, श्री कौशिक तिवारी, श्री गोलू शर्मा, श्री स्मिथ वर्मा, श्री प्रियांश वर्मा, श्री भूपेंद्र केवट, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



*घर-घर तिरंगा ध्वज वितरण करती न्यास की कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : तिरंगा ध्वज वितरण समारोह

**दिनांक : 12 अगस्त, 2022 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : रामना टोला, डाली बाबा चौक, साईं मंदिर, धवारी, सतना, श्री वेंकटेश मंदिर, मुख्तयार गंज, सतना ( म.प्र. )**

आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा घर-घर जाकर हर घर तिरंगा ध्वज वितरण अभियान चलाया जा रहा है।

शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे रामना टोला में एवं दोपहर 1:30 बजे साईं मंदिर धवारी गली नंबर 2 में डोर-टू-डोर जाकर नि:शुल्क तिरंगा ध्वज वितरण किया, जिसमें 300 परिवारों से संपर्क हुआ।

सेवा न्यास के सभी कार्यकर्ताओं ने योजना बनाकर देशवासियों को राष्ट्र-प्रेम व घर-घर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया। इसके अंतर्गत रामना टोला, साई मंदिर धवारी उमरी, जीवन ज्योति कॉलोनी, प्रेमनगर, नजीराबाद, डाली बाबा चौक में हर घर तिरंगा पहुँचाकर राष्ट्रीय स्वाभिमान जगाई गई अलख की।

अग्रसेन चौक में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी व पदाधिकारियों को झंडा वितरण करने के लिए नि:शुल्क झंडे भी प्रदान किए गए। श्री अर्जुन तिवारी, श्री शिवम माली, श्री कंचन, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री ब्रजेश सिंह, श्री राजीव व्यास, श्री सचिन त्रिपाठी, श्रीमती अनुराधा सोनी, श्री राजेंद्र पांडे, श्री शुभम पटनहा, श्री कौशिक तिवारी, श्री प्रियांश वर्मा, श्री भूपेंद्र केवट, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।





*तिरंगा ध्वज वितरण करती सेवा न्यास की महिला मंडली*

## कार्यक्रम : तिरंगा ध्वज वितरण एवं तिरंगा रैली

**दिनांक : 13 अगस्त, 2022 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : ग्राम-धवर्रा, ( नौगाँव ), जिला-छतरपुर ( म.प्र. )**

आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा हर घर तिरंगा ध्वज वितरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नि:शुल्क दो हजार तिरंगा ध्वज वितरण किए गए।

सेवा न्यास के सभी कार्यकर्ताओं ने योजना बनाकर देशवासियों को तिरंगा वितरण किया। राष्ट्र-प्रेम व घर-घर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया। न्यास के कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को तिरंगा का महत्त्व समझाते हुए हर घर तिरंगा फहराने के लिए अपील की।





*हर घर तिरंगा वितरण करते न्यास के कार्यकर्ता श्री रामरिछारिया, श्री प्रवीण दुबे, श्री ब्रजेश बाजपेयी, सुब्रत शर्मा, श्री सन्नो सक्सेना, श्री अनूप मिश्रा*





*तिरंगा रैली एवं हर घर तिरंगा वितरण करते न्यास के कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : तिरंगा रैली एवं ध्वज वितरण

**दिनांक : 14 अगस्त, 2022 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नजीराबाद, सिटी कोतवाली, पन्नी लाल चौक, अस्पताल चौक, कृष्णनगर, सतना ( म.प्र. )**

आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा के सभी कार्यकर्ताओं ने योजना बनाकर सतना जिला वासियों को राष्ट्र–प्रेम व घर घर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया। इसके तहत नजीराबाद, सिटी कोतवाली, पन्नी लाल चौक, अस्पताल चौक, भरहुतनगर, कृष्णानगर, सतना (म.प्र.) में हर घर तिरंगा पहुँचाकर राष्ट्रीय स्वाभिमान जगाया।

श्री शिवम माली, श्री सोमू सिंह, श्री अनमोल गुप्ता, श्री दीप अग्रवाल, श्री कंचन, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री राजीव व्यास, श्री सचिन त्रिपाठी, श्रीमती अनुराधा सोनी, श्री समीम खान, श्री राजेंद्र पांडे, श्री शुभम पटनहा, श्री गोलू शर्मा, श्री प्रियांश वर्मा, श्री बलराम गुप्ता, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



*तिरंगा रैली एवं हर घर तिरंगा वितरण करते न्यास के कार्यकर्ता भाई–बहन*





*तिरंगा रैली एवं हर घर तिरंगा वितरण करते न्यास के कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : स्वतंत्रता दिवस समारोह

**दिनांक : 15 अगस्त, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )-485001**

गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस पर 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना में धूमधाम से ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आजादी के अमृत काल में समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के साथ ही हर गाँव को स्वच्छ और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया गया।

ध्वजारोहण के पश्चात् न्यास के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संकल्प दिलाया एवं समाज को साफ रहने का संदेश भी दिया।




*स्वतंत्रता दिवस पर 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना में ध्वजारोहण करते*





*75वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में न्यास की बहनें*

## कार्यक्रम : स्वतंत्रता दिवस समारोह

**दिनांक : 15 अगस्त, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस पर खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा (उ.प्र.) में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आजादी के अमृतकाल में समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के साथ ही हर गाँव को स्वच्छ और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने गाँववासियों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।





*तिरंगा ध्वज लहराते खेल परिसर के विहंगम दृश्य*





*स्वतंत्रता दिवस पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा (उ.प्र.) में ध्वजारोहण कार्यक्रम*

## कार्यक्रम : अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव भूमिपूजन

**दिनांक : 09 सितंबर, 2022 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : श्री परमार्थ निकेतन, गंगा तट, ऋषिकेश ( उत्तराखंड )**

27 सितंबर से 5 अक्तूबर के बीच हिमालय के प्रवेश द्वार ऋषिकेश में पतित पाविनी माँ गंगा के तट पर होनेवाली ऐतिहासिक रामलीला के सफल सुमंगल आयोजन के लिए पूज्य स्वामी श्री चिदानंदजी महाराज के आशीर्वाद और श्रीराम जन्म तीर्थ न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरिजी महाराज के सान्निध्य में वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच विघ्नहर्ता गणपति महाराज के आह्वान और गंगा पूजन के साथ भूमि पूजन समारोह हुआ।

अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश टंडन, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम, दिल्ली के प्रभारी श्री संजय राणा ने भूमि पूजन कर सफल कार्यक्रम हेतु देवताओं का आह्वान किया।

देश भर से पधारे सभी महानुभावों की विशेष उपस्थिति में सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि दस दिनों तक चलनेवाली लीला में पाँच राज्यों के गुरुकुलों के छात्र-छात्राओं द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। श्री अजय भाई की विशिष्ट कथा शैली में यह मंचन होगा, जिसकी तैयारियाँ दिल्ली में जोर-शोर से चल रही हैं।

समारोह में उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल व उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य व श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने उपस्थित रहकर गंगा आरती में भाग लिया। डॉ. वेदप्रकाश टंडनजी ने अतिथियों को गदा व स्मृति चिह्न भेंट किया। डॉ. राकेश मिश्र ने दस दिनों का कार्यक्रम कैलेंडर जारी करते हुए, सबको व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. अनिल गुप्ता पर्यावरणविद् की विशेष उपस्थिति रही।

डॉ. शैलेश चंद, श्री राहुल भाटिया, श्री शक्ति बक्शी, श्री प्रवीण शर्मा, डॉ. शैलेश चंद, एडवोकेट विश्वमोहन शर्मा (संयुक्त सचिव) राजेश वर्मा, राजेश अग्रवाल, श्री पीयूष जैन, श्री विपुल गर्ग, श्री सुरेंद्र वशिष्ठ, हरियाणा योग आयोग के सदस्य श्री संजीव कुमार, श्री एस.के. बंसल सहित आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी, सहयोगी और शुभचिंतक उपस्थित थे। उत्तराखंड व देश के कोने-कोने से आए तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया।




*अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव को लेकर ऋषिकेश में भूमि पूजन करते पूज्य स्वामी श्री चिदानंदजी महाराज अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश टंडन, डॉ. राकेश मिश्र, राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम, दिल्ली के प्रभारी श्री संजय राणा एवं अन्य गणमान्य जन*






*अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव ऋषिकेश में भूमि पूजन के दौरान उपस्थित स्वामी चिदानंद सरस्वती, श्रीमती बेबी रानी मौर्य, डॉ. राकेश मिश्र एवं विभिन्न धर्माचार्य संतजन*






*अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव ऋषिकेश में भूमि पूजन के अवसर पर भोलेनाथजी की प्रतिमा के निकट पूजा-अर्चना करते सभी भक्तगण, स्वामी गोविंद गिरीजी महाराज (कोषाध्यक्ष) श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या, उपस्थित धर्माचार्य एवं संतजन*



*पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती से चर्चा करते डॉ. राकेश मिश्र एवं रामलीला समिति के सदस्य*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 12 सितंबर, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : पावर हाउस एवं गौरैया माता मंदिर, धवर्रा ( महोबा ) ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के प्रेरणास्रोत एवं अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के पूज्य पिता स्वर्गीय गणेश प्रसाद मिश्रजी की आज श्राद्ध पक्ष द्वितीया तिथि के अवसर पर पावर हाउस एवं गौरैया माता मंदिर, धवर्रा महोबा (उ.प्र.) में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। श्रीराम रिछारिया, राहुल दुबे, ब्रजेश बाजपेयी, प्रवीण दुबे, नारायण अनुरागी, राजाराम राजपूत, रिंकू राठौर, हैप्पी राजा, दिब्बी सेन एवं न्यास के अन्य सहयोगियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया, जिसमें एक पीपल एवं एक कदम का पेड़ गौशाला प्रांगण में एवं गौरैया माता मंदिर परिसर, धवर्रा में लगाए गए।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चल रहे, सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के द्वारा एवं पितृपक्ष में जैसा आह्वान किया गया था कि न्यास के द्वारा अपनों की याद में एक पेड़ अवश्य लगाएँ। इसी का निर्वहन करते हुए आज पूजनीय दद्दाजी की तिथि एवं श्री राम रिछारियाजी ने अपनी माताजी की तिथि के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सहयोगियों के साथ पाँच पेड़ लगाए। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सहयोग से गाँव भर में वृक्ष उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस वर्ष धवर्रा गाँव में पाँच हजार वृक्ष गाँववासियों को प्रदान किए गए हैं।

आज दद्दाजी की स्मृति में पीपल, आँवला, नीम, पाखर, बरगद का वृक्ष लगाए गए।





*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दद्दाजी की स्मृति में वृक्षारोपण कार्यक्रम करते ग्रामवासी श्रीराम रिछारिया, श्री दिबलाल सेन सेन, श्री ब्रजेश बाजपेयी, श्री प्रवीण दुबे, श्री रिंकू राठौर आदि*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 12 सितंबर, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : रेलवे कॉलोनी, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के प्रेरणास्रोत एवं अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के पूज्य पिता स्वर्गीय गणेश प्रसाद मिश्रजी की आज श्राद्ध पक्ष द्वितीया तिथि के अवसर पर 'अपना सपना-हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत रेलवे कॉलोनी, सतना में वृक्षारोपण किया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, समस्त नागरिकों से विनम्र अपील करता है कि आप भी इस पितृपक्ष में अपने पूर्वज माता-पिता एवं अन्य पारिवारिक सदस्यों की तिथि पर उनकी स्मृति में एक पेड़ अवश्य लगाएँ। उनकी स्मृतियाँ हमेशा बनी रहें एवं अपने छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें एवं पेड़ों का महत्त्व बताएँ। दद्दाजी की स्मृति में पीपल, आँवला, नीम, पाखर व बरगद के वृक्ष लगाए गए।

न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजीव व्यास, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री नितिन मिश्र, श्री अनिल सैनी, श्री सीलम सैनी, श्री करुणेश अनुरागी, श्री संजय गुप्ता आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दद्दाजी की स्मृति में रेलवे कॉलोनी, सतना में वृक्षारोपण कार्यक्रम*



*न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजीव व्यास, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री नितिन मिश्र, श्री अनिल सैनी, श्रीमती सीलम सैनी, श्री करुणेश अनुरागी एवं श्री संजय गुप्ता सतना में वृक्षारोपण कार्यक्रम में*

## कार्यक्रम : सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम

**दिनांक : 13 सितंबर, 2022 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती स्कूल, कोठी, सतना ( म.प्र. )**

'स्वच्छता ही धर्म' है। महिलाओं को स्वच्छता की जानकारी देते हुए सरस्वती स्कूल, कोठी में किशोरियों को जानकारी दी गई। महिलाओं को सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। इससे होनेवाले फायदे भी बताए गए।



*श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा स्वच्छता संदेश कन्या विद्यालयों में निरंतर जारी*



## कार्यक्रम : सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम

**दिनांक : 14 सितंबर, 2022 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : गली नं. 12, राजेंद्र नगर, सतना ( म.प्र. )**

'स्वच्छता ही धर्म' है। इस संदेश को महिलाओं के बीच पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने प्रचारित किया तथा उनको स्वच्छता की जानकारी दी। गली नं. 12, राजेंद्र नगर, सतना में किशोरियों को महिला स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। महिलाओं को सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। इससे होनेवाले फायदे भी बताए गए।



*सैनिटरी पैड का वितरण राजेंद्र नगर, सतना में*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 16 सितंबर, 2022 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : वार्ड नं. 29, उमरी, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से वार्ड नं. 29, उमरी, सतना मध्य प्रदेश में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए न्यास के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों पेड़ लगाए तथा लोगों को प्रेरित भी किया। सेवा न्यास की ओर से सतत चल रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पौधे, जैसे—पीपल, आँवला, नीम, पाखर व बरगद का वृक्ष लगाए गए। पहले से लगाए हुए पेड़ों को ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से खाद-पानी देकर सेवा की गई।

कार्यक्रम में न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजीव व्यास, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री नितिन मिश्र, श्री अनिल सैनी, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री अजय मिश्रा, श्री सीलम सैनी, श्री करुणेश अनुरागी, श्री संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।



*छात्रों द्वारा वृक्षारोपण उमरी, सतना*



## कार्यक्रम : सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम

**दिनांक : 16.09.2022 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : कोल्हान बस्ती, उमरी, सतना ( म.प्र. )**

महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता हेतु 'स्वच्छता ही धर्म' है, इस संदेश को महिलाओं के बीच पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने प्रचारित किया। कोल्हान बस्ती, उमरी, सतना में किशोरियों को महिला स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। महिलाओं को सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। इससे होनेवाले फायदे भी बताए गए। श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि पेड वितरण के अलावा महिलाओं की सर्वाइकल, कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर की जाँच भी सेवा न्यास द्वारा निरंतर करायी जाती है। मेदांता अस्पताल की टीम ने पिछले दिनों सतना में बड़ा आयोजन किया था। आगामी समय में पुनः इस प्रकार का कैंप होगा।



*महिलाओं को स्वच्छता को लेकर जागरूक करती न्यास की बहनें*



## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 17 सितंबर, 2022 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : बी.टी.आई. ग्राउंड के पास, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से देश के यशस्वी एवं कर्मठ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिन पर बी.टी.आई. ग्राउंड के पास सतना, मध्य प्रदेश में वृक्षारोपण किया गया। इसमें लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

न्यास के वरिष्ठ सहयोगी कर्मठ कार्यकर्ता और समाजसेवी आदरणीय संजय अग्रवालजी के भतीजे श्री वरुण अग्रवाल और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिन के अवसर पर संजयजी द्वारा वृक्षारोपण कराने का आग्रह किया था। इसके लिए संजयजी ने न्यास का सहयोग करके जन्मदिन को वृक्षारोपण करके मनाने का संकल्प पूर्ण किया।





*वृक्षारोपण करती सेवा न्यास की टीम में श्री राजेश त्रिपाठी, श्री सुनील यादव, श्री संजय अग्रवाल, श्रीमती अग्रवाल, श्री वरुण अग्रवाल, श्रीमती सीलम सैनी आदि बी.टी.आई. ग्राउंड के पास, सतना (म.प्र.)*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान एवं बीज वितरण

**दिनांक : 18 सितंबर, 2022 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : राम स्थान ( बाबूपुर ) सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतत एवं संघन चल रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं 'अपना सपना-हरा भरा सतना' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास समय-समय पर समस्त नागरिकों से विनम्र अपील करता है कि विशेष अवसर पर एक पेड़ अवश्य लगाएँ। अपने छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें एवं पेड़ों का महत्त्व बताएँ। इसी क्रम में ग्राम रामस्थान में पेड़ लगाए। ग्रामवासियों को सब्जी के बीजों का भी वितरण किया गया।



*राम स्थान (बाबूपुर) सतना में वृक्षारोपण कार्यक्रम*

## कार्यक्रम : अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव : 2022 (10 दिवसीय)

**दिनांक : ( 27 सितंबर से 5 अक्तूबर, 2022, ऋषिकेश )**
**कार्यक्रम स्थल : श्री परमार्थ निकेतन, गंगा, ऋषिकेश ( उत्तराखंड )**

27 सितंबर को सायं प्रभु राम के प्राकट्य के साथ 'अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव' का भव्य भक्तिमय शुभारंभ हुआ। उत्तराखंड के स्वास्थ्य परिवार कल्याण और शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत के करकमलों से लीला मंचन की शुरुआत हुई। शुभारंभ समारोह में महामंडलेश्वर स्वामीजी, परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी श्री चिदानंद सरस्वतीजी, साध्वी भगवती सरस्वतीजी, रामलीला समिति के अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश टंडन, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, स्वामी संकर्षणाचार्यजी, श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक) श्री पी.एल. तंतुवाय (विधायक हटा दमोह) आदि महानुभाव उपस्थित रहे। लीला कथा स्वरूप हुई, जिसमें बीच-बीच में कथा व्यास और राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम, दिल्ली के श्री अजय भाईजी की भक्तिमय, मधुर वाणी, लीला में भक्ति की अविश्वसनीय और अविस्मरणीय रही है। उल्लेखनीय है कि इस अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल रामलीला महोत्सव के आयोजन में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना (मध्य प्रदेश) का अनुपम सहयोग शामिल है।

समिति के अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश टंडनजी ने बताया कि 'बाल युवा योजना' के तहत देश के विभिन्न स्कूलों—वंदना इंटरनेशनल स्कूल द्वारका, दिल्ली; कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन गार्डन, दिल्ली; गुरुग्राम ग्लोबल स्कूल, गुरुग्राम, इस लीला का मंचन कर रहे हैं। श्री टंडनजी ने आगे बताया कि हम अपने बच्चों को धर्म और संस्कार पर आधारित शिक्षा देंगे तो वे जीवन में प्रतिपल सफलता हासिल करेंगे। हम इसी दिशा में अपने राष्ट्र के नवनिर्माण के तहत इस लीला महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं।

प्रथम दिन की लीला की शुरुआत गणेश वंदना और पूजन के बाद कथाव्यास श्री अजय भाईजी के मुखारविंद से हनुमान चालीसा की मधुर और भक्तिपूर्ण चौपाइयों से हुई। पंक्तियाँ रहीं—'राम जी से राम राम कहियो जी हनुमानजी, जय हनुमान ज्ञान गुण सागर।' इस दौरान लीला का पंडाल भक्ति के भावों से अपलक आप्लावित हो गया। इसके बाद अनादि देव शंकर पार्वती संवाद द्वारा प्रभु राम के प्राकट्य के महत्त्व को भक्तों के समक्ष उजागर किया गया। जिसमें बताया गया कि दुष्टों के संहार के लिए जन समूह की प्रार्थना पर प्रभु राम का जन्म हुआ। मनु और शतरूपा ने ही दशरथ एवं कौशल्या स्वरूप प्रभु राम को जन्म दिया। कथा व्यास अजय भाईजी की भक्तिमय मधुर वाणी समूचे मंचन के दौरान भक्ति की अविस्मरणीय धारा प्रवाहित करती रही।

इस महोत्सव में लीला का मंचन इतना जीवंत और भक्तिमय हो रहा है कि टीवी में बैठे करोड़ों भक्त लोगों को भी प्रभु राम के आदर्श अध्यात्म की अनुपम महिमा का प्रत्यक्ष दर्शन स्वत: होने लगा होगा। श्रीराम जन्म की अवध में बधाई और जनकपुरी में भगवती सीता के प्राकट्य ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।

कथा व्यास अजय भाईजी के अनुसार हमारे देश में बेटा और बेटियों में किसी प्रकार का कोई फर्क नहीं करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भगवान् राम के जन्म के बाद, यानी रामनवमी के ठीक एक महीने बाद सीता का जन्मदिन अर्थात् सीता नवमी मनाई जाती है। यह देश की बेटियों के लिए बेटों के जैसा ही प्रेम का सूचक है। उन्होंने आगे कहा कि अब हमारी मोदी सरकार इस दिन को ही 'महिला दिवस' के रूप में और चर्चित करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि वर्चुअल लीला महोत्सव का साधना, साधना गोल्ड, संत वाणी व सर्वधर्म चैनलों पर सीधा प्रसारण हो रहा है।

लीला समिति के अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश टंडनजी के अनुसार, देश भर में होनेवाली असंख्य रामलीलाएँ हमारी अनंत श्रद्धा की प्रतीक हैं, जो हर क्षेत्र के कलाकारों की प्रतिभा निखारती हैं। इसी कड़ी में इस बार हिमालय की गोद ऋषिकेश में माँ गंगा के पवित्र तट पर परमार्थ निकेतन आश्रम में एक ऐसा अनुपम प्रयोग रहा है, जिसके दूरगामी प्रभाव देश की युवा पीढ़ी पर पड़ेंगे। गंगा तट पर स्थित विशाल परमार्थ निकेतन आश्रम देश की धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र है, जो पूज्य स्वामी चिदानंद के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति की अलख जगा रहा है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा रामलीला महोत्सव, ऋषिकेश को विश्व भर में फैले रामभक्तों तक रामलीला पहुँचाने का बीड़ा उठाया हुआ है।




*श्री चिदानंद सरस्वतीजी, श्री धनसिंह रावतजी (शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड) श्री अजय भाईजी, डॉ. वी.पी. टंडनजी, डॉ. राकेश मिश्रजी, श्रीमती वंदना टंडनजी एवं अन्य कलाकार*







*श्री परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश (उत्तराखंड) में दस दिवसीय रामलीला के अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव-2022 के शुभांरभ के अवसर पर उपस्थित डॉ. वी.पी. टंडन, श्रीमती वंदना टंडन, श्रीमती प्रमिला मिश्रा, डॉ. राकेश मिश्र एवं अन्य विशिष्ट जन*

## कार्यक्रम : गंगा सस्टेनेबिलिटी मैराथन, ऋषिकेश

**दिनांक : 09 अक्तूबर, 2022 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : श्री परमार्थ निकेतन, गंगा, ऋषिकेश ( उत्तराखंड )**

शरद पूर्णिमा एवं वाल्मीकि जयंती के पावन पर्व पर गंगा सस्टेनेबिलिटी रन अंतरराष्ट्रीय मैराथन ऋषिकेश में हजारों धावकों ने भाग लेकर प्रकृति के संरक्षण में अपनी सहर्ष सहभगिता जताई। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान एवं बिहार सहित अन्य राज्यों के हजारों धावकों ने अपनी भागीदारी दी।

परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनिजी, साध्वी भगवतीजी, लोकेश मुनिजी, श्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, मंत्री, उत्तराखंड एवं पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने मैराथन को प्रात: 5:30 बजे हरी झंडी दिखाकर गंगा बैराज से रवाना किया। प्रकृति एवं पर्यावरण को एक विरासत मानकर उसका संरक्षण करने के उद्देश्य से आयोजित यह विशाल मैराथन एम्स, ऋषिकेश गेट नं.-1 के सामने बैराज से प्रारंभ होकर नीलकंठ महादेव रोड होते हुए देवली गाँव तक जाकर वापसी में लक्ष्मण झूला रोड-जौंक रोड होते हुए जानकी सेतु पर संपन्न हुई। मैराथन का यह आयोजन 10 किमी, 21 किमी, 35 किमी और 50 किमी की चार कैटेगरी में हुआ।

मैराथन का मुख्य उद्देश्य माँ गंगा के सस्टेनेबिलिटी के बारे में नागरिकों तथा युवाओं में जागृति फैलाना एवं उत्तराखंड को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन में विश्वपटल पर ले जाना है।

'विवेकानंद यूथ कनेक्ट फाउंडेशन' के संस्थापक डॉ. राजेश सर्वज्ञ एवं डॉ. सुनीता गोदारा की उपस्थिति में दूसरे चरण के दस किलोमीटर के लिए रवाना किया।

'गंगा सस्टेनेबिलिटी रन' 10 किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 35 किलोमीटर और 50 किलोमीटर पर अल्ट्रा रन आयोजित की गई। इसमें देश-दुनिया और पूरे भारत से धावक व युवा सम्मिलित हुए। इस मैराथन को परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वतीजी और देश के पूज्य संतों का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त रहा।

सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट, एनर्जी ड्रिंक, मेडल व डिजिटल प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि जो लोग सफल हुए हैं, उन्होंने उनको बहुत बहुत बधाइयाँ। पूर्ण सफलता न पानेवाले धावक निराश नहीं हों, उनके लिए सतना हाफ मैराथन : 2022 में 20 नवंबर को शामिल होने के लिए खुले दिल से निमंत्रण

दिया। 'गंगा मैराथन' को एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया की मान्यता प्राप्त है और इस मैराथन का मार्गक्रम भी वर्ल्ड एथलेटिक संघ द्वारा प्रमाणित रहा। इस प्रतियोगिता में विजेता महिलाओं एवं पुरुषों को दस लाख रुपए तक के पुरस्कार व मेडल दिए गए।

## विजेताओं के नाम पुरस्कार राशि सहित

50 किलोमीटर वर्ग में महिलाओं और पुरुषों में विजेताओं को क्रमशः 50, 25 और 15,000 की राशि पुरस्कार स्वरूप दिए गए। पूरे देश भर से और ऋषिकेश, देहरादून, हरिद्वार और उत्तराखंड के स्कूल, कॉलेजों के समस्त युवा वर्ग ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

मैराथन के दौरान डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, डॉ. सुनीता गोदारा, श्री तन्मय चक्रवर्ती, टाटा सन्स, श्री संजीव शर्मा, श्री वेदप्रकाश शर्मा पुणे, श्री संजीव कुमार, गुरुग्राम सहित खेल जगत् की अन्य बड़ी हस्तियाँ उपस्थित रहीं। मैराथन की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण यह रहा कि 50 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए कुछ धावक निर्धारित समय, साढ़े दस बजे, निर्धारित अंतिम सीमा पर पहुँचे। इससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समूचे जनसमुदाय की पूर्ण आहुति की शानदार झलक भी देखने को मिली।

यह रहे विजेता—

**50 किलोमीटर पुरुष विजेता**

1. विजय डेका
2. महेश रामुलु वधाई
3. अमर कुमार मंडल

**35 किलोमीटर**

**18 से 45 साल पुरुष विजेता**

1. महेंद्र सिंह बिष्ट
2. मनोज कुमार सिंह
3. वीरेंद्र वर्मा

**50 किलोमीटर**

**महिला विजेता**

1. रीनू
2. ज्योति शंकरा गवात्रा
3. भगीरथी

**35 किलोमीटर**

**18 से 45 साल महिला विजेता**

1. आशा बिष्ट
2. शिवांगी राणा
3. श्वेता मित्तल











*गंगा सस्टेनेबिलिटी मैराथन के विहंगम दृश्य में*
*डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. राजेश सर्वज्ञ, श्री संजीव कुमार, श्री वेदप्रकाश शर्मा*







## कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन : 2022 का आमंत्रण

**दिनांक : 16 अक्तूबर, 2022 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : विभिन्न स्थान, नई दिल्ली**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सतना हाफ मैराथन : 2022 में आने के लिए अनेक महानुभावों एवं समाज के लोगों का आमंत्रण पत्र दिए गए। माननीय श्री विनय कुमार सक्सेनाजी को निमंत्रण-पत्र दिया।

श्रीमती मल्लिका नड्डाजी, चेयरपर्सन, स्पेशल ओलंपिक, भारत को भी आमंत्रित किया। इसी क्रम में सतना हाफ मैराथन की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर श्री संजीव कुमार (गुरुग्राम) एवं श्री राहुल राजपाल के साथ अनेक महानुभावों से मिलना हुआ। भारत के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया कि आगे वे इसी प्रकार से मैराथन में भाग लेते रहें, जिससे निश्चित रूप से एक दिन भारत भी मैराथन के क्षेत्र में प्रथम स्थान अर्जित करेगा। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की तरफ से दिल्ली हाफ मैराथन : 2022 के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ प्रदान कीं।




*दिल्ली के उपराज्यपाल माननीय श्री विनय कुमार सक्सेनाजी, श्रीमती मल्लिका नड्डाजी, चेयरपर्सन, स्पेशल ओलंपिक, भारत को सतना हाफ मैराथन : 2022 का आमंत्रण देते हुए*




*श्री संजीव कुमार (गुरुग्राम) एवं श्री राहुल राजपाल के साथ मैराथन देखते हुए*

## कार्यक्रम : 19वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 26 अक्तूबर, 2022 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'इज्जत घर' सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की छठवीं पुण्यतिथि पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से 19वाँ स्वास्थ्य शिविर 'इज्जत घर' सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास, धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा (उ.प्र.) में संपन्न हुआ। इसमें डेढ़ हजार से ज्यादा मरीजों को स्वास्थ्य-लाभ मिला। शिविर में कान, नाक व गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने नई दिल्ली से आकर जाँच व इलाज किया।

धवर्रा में आयोजित इस शिविर में करीब डेढ़ हजार से ज्यादा मरीजों को स्वास्थ्य-लाभ मिला, जिसमें 360 मरीजों को नि:शुल्क दवाएँ, 148 को चश्मा और 278 श्रवण यंत्रों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि सेवा न्यास का यही उद्देश्य है कि अपने क्षेत्रवासियों को ई.एन.टी. डॉक्टरों की मुफ्त सेवाएँ मिल सकें। इसलिए धवर्रा में आँख, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने जरुरतमंद लोगों को अपनी सेवाओं का लाभ दिया। उन्होंने बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का यह विशेष प्रयास है कि सभी जरूरतमंदों को घर बैठे हर संभव इलाज मिल सके। इसी कड़ी में बुधवार को नीलकंठ धाम के निकट, इज्जत घर मैदान में यह आयोजन किया गया। इसके पहले नीलकंठ धाम में सुबह दद्दाजी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा में महोबा जिलाध्यक्ष व विधान परिषद् सदस्य श्री जितेंद्र सिंह सेंगर, श्री पी.एल. तंतुवाय (विधायक हटा), श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंत में दिल्ली से आए डॉक्टरों की टीम का स्मृतिचिह्न, बैग व मेडल देकर सम्मान किया गया।

शिविर में देश के जाने-माने ख्यातिलब्ध ई.एन.टी. विशेषज्ञ प्रो. अरुण अग्रवाल (पूर्व अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली) एवं अध्यक्ष साउंड हियरिंग 2030 व वर्ल्ड हियरिंग फोरम; डॉ. रमन शर्मा, प्रोफेसर (नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ), मेडिकल कॉलेज, झज्झर (हरियाणा), श्री अनूप नारंग, डायरेक्टर, एल्पस इंटरनेशनल, नई दिल्ली द्वारा मुफ्त में महँगी कान की मशीनों का वितरण किया गया और मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें दवाएँ वितरित कीं।

इसी तरह आँखों के इलाज के लिए सद्गुरु सेवा संघ नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट (म.प्र.) के डॉक्टरों की टीम ने मोतियाबिंद व अन्य आँख संबंधी बीमारियों की जाँच की व निःशुल्क दवाई दीं। मोतियाबिंद के मरीजों को बस द्वारा चित्रकूट ले जाया गया व उनके आँख का ऑपरेशन कराकर वापस धवर्रा तक पहुँचाने का प्रबंध किया गया।

धवर्रा में आयोजित कार्यक्रम में हटा विधायक श्री पी.एल. तंतुवाय, विधायक श्री जितेंद्र सिंह सेंगर, पूर्व विधायक श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक, श्री राकेश राधे शुक्ला, श्री प्रदीप खरे मंटू, श्री नरेंद्र मिश्र, श्री सुशील द्विवेदी, श्री विनीत रावत, श्री प्रवीण दुबे, श्री नरेंद्र तिवारी, श्री संतोष शर्मा, पं. रमाकांत पटैरिया, श्री राम रिछारिया, श्री भैया राजा, श्री ब्रजेश बाजपेयी, श्री मोहित मिश्रा, श्री चाँद खान, श्री गौरव मिश्र, श्री देवी पाल, श्री बॉबी असाटी, श्री रवि रिछारिया, श्री रविंद्र परिहार, श्री ओंकार राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र की छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते डॉ. राकेश मिश्र, प्रो. अरुण अग्रवाल, श्री पी.एल. तंतुवायजी, श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक व परिवार जन*



*स्वास्थ्य शिविर में आँखों की जाँच करते चिकित्सक*







*छठवीं पुण्यतिथि पर खेल परिसर धवर्रा स्थित दद्दाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन करते क्षेत्रवासी*

## कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की छठवीं पुण्य स्मृति में सामग्री वितरण

**दिनांक : 27 अक्तूबर, 2022 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा, ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

महान् समाज सेवी और शिक्षाविद् पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की छठवीं पुण्यतिथि पर कार्तिक शुक्ल द्वितीया तदनुसार 26 एवं 27 अक्तूबर को अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शिविर के साथ ही दद्दाजी की पुण्यतिथि पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नीलकंठ धाम में सुंदरकांड पाठ, बच्चों के बीच बैग, लेखन-पठन सामग्री, घड़ी एवं वस्त्र वितरण सहित अन्य आयोजन भी किए गए। साथ ही सतना, भीमकुंड एवं दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि के कार्यक्रम हुए।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के नेतृत्व में न्यास की ओर से सांस्कृतिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में लगातार कार्य किए जाते हैं। इसके फलस्वरूप क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को काफी मदद मिली है। इसके अलावा वृक्ष, सब्जी बीज, सैनिटरी पैड, पाठ्य-पुस्तक, खाद्यान्न एवं वस्त्रों का भी वितरण न्यास की ओर से समय-समय पर किया जाता रहा है।




*अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा आरोग्य के देवता भगवान् श्री धन्वंतरी का चित्र स्मृति स्वरूप अतिथियों एवं ग्रामवासियों को प्रदान किया गया।*







छात्र-छात्राओं को बैग, बस्ता, घड़ी एवं टी-शर्ट वितरण






पं. गणेश प्रसाद मिश्र की छठवीं पुण्यतिथि पर नीलकंठ धाम,
ग्राम-धवर्रा में सामग्री वितरण करते श्री विनीत रावत, श्रीमती रेखा अवस्थी एवं श्री जयप्रकाश अवस्थी



# कार्यक्रम : विशाल बाइक रैली

**दिनांक : 14 नवंबर, 2022 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

स्वस्थ समाज के निर्माण में अग्रणी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्त्वावधान में होनेवाले सतना हाफ मैराथन को लेकर विशाल बाइक रैली नेह निकुंज बम्हनगवाँ से निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया तथा सतना हाफ मैराथन को लेकर प्रचार-प्रसार किया।






*विशाल बाइक रैली के विहंगम दृश्य*

## कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन : 2022

**दिनांक : 20 नवंबर, 2022 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम, जवाहर नगर, सतना ( म.प्र. )**

स्वस्थ समाज के निर्माण में अग्रणी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्त्वावधान में रविवार 20 नवंबर, 2022 को सतना हाफ मैराथन का गौरवशाली आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, गोवा, मेघालय, बिहार, उत्तराखंड आदि 15 राज्यों के 96 जिलों, 322 स्थानों से 2694 प्रतिभागी महिला, पुरुष तथा महत्त्वपूर्ण नामी धावक, खिलाड़ी, अभिनेता आदि ने मैराथन में शिरकत की। मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतमजी, श्री योगेश ताम्रकारजी (महापौर), श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक, डॉ. सुनीता गोदारा, डॉ. राकेश मिश्र सहित अन्य विशिष्ट लोगों ने हरी झंडी दिखाकर सुबह 7 बजे मैराथन को दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम से रवाना किया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम, मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री रामखेलावन पटेल, खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष श्री जितेंद्र लटोरिया, सांसद श्री गणेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्षा श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, नगर निगम सतना के महापौर श्री योगेश ताम्रकार, मैराथन चैंपियन एवं सतना हाफ मैराथन की ब्रांड एंबेसडर डॉ. सुनीता गोदारा, सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्राजी ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र, श्रीमती शांति मिश्रा एवं भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया।

सेवा न्यास के पदाधिकारियों श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मालती मिश्रा, श्रीमती रेखा अवस्थी, डॉ. रचना मिश्रा, श्रीमती प्रमिला मिश्रा व न्यास कार्यकर्ताओं ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिह्न प्रदान किए।

### विजेताओं की सूची

1. **21 किलोमीटर वर्ग में :** राजस्थान के जयपुर के गोरधन मीना विजेता रहे, जबकि सीधी के श्री मुकेश मिश्रा दूसरे और नागपुर के घनश्याम पांडुरंगाजी तीसरे नंबर पर रहे।
2. **10 किलोमीटर वर्ग में :** इंदौर के श्री नवीन चौहान प्रथम, भदोही के श्री चंदन यादव दूसरे, जबकि हरियाणा के श्री हितेश यादव तीसरे स्थान पर रहे।
3. **अमृत दौड़ 5 किलोमीटर वर्ग :** इसमें सतना के श्री चक्रेश कुमार यादव

पहले, रत्नागिरी के श्री स्वराज संदीप जोशी दूसरे, जबकि कटनी के श्री यश शर्मा तीसरे स्थान पर रहे।

इस मैराथन में पूरे शहर में स्वागत द्वार बनाकर ढोल-नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा की गई। समस्त धावकों को पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा उत्तम आवास, भोजन, एनर्जी ड्रिंक, चाय-कॉफी, बिस्किट प्रदान किए गए। सतना हाफ मैराथन में विजेताओं को मेडल, ट्रैक सूट, दीवार घड़ी तथा चैक द्वारा राशि प्रदान की गई।

सतना के सांसद श्री गणेश सिंह ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की इस सफल आयोजन के लिए भूरि-भूरि सराहना की। श्री गणेश सिंह के अनुसार, इस मैराथन से सतना का नाम समूचे देश में और प्रसिद्ध हो गया है। उन्होंने कहा कि सेवा न्यास के ऐसे सराहनीय कार्य हम सभी को समाज कल्याण की दिशा में अनुपम प्रेरणा देते हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतमजी ने कहा कि इस तरह की सफल मैराथन का नाम अब 'विंध्याचल मैराथन' या 'मध्य प्रदेश हाफ मैराथन' होना चाहिए।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि मैराथन के लिए पूरे देश से शुभकामना संदेश प्राप्त हुए। डॉ. मिश्र के अनुसार देश की शीर्षस्थ गायिका श्रीमती अनुराधा पौडवाल, श्री अन्नू मलिक, श्री मुकेश भट्ट सहित बड़ी खेल हस्तियों ने भी शुभकामना संदेश भेजे। देश व समाज को स्वस्थ रखने की दिशा में सेवा न्यास द्वारा लगातार तीसरे वर्ष इस तरह का आयोजन किया गया, जिसकी समूचे मध्य प्रदेश में तारीफ हो रही है। मैराथन के आयोजन में स्थानीय स्तर पर तैयारियाँ जोर-शोर से की गईं।

स्वस्थ समाज के निर्माण में अग्रणी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास शिक्षा व संस्कृति के लिए समर्पित है। शिक्षा की अलख जगानेवाले पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी और ममता की मूर्ति माता शांति मिश्रा सेवा न्यास की असीम प्रेरणा हैं। सेवा न्यास सामूहिक परिणय एवं उपनयन संस्कार सहित अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय है।

सतना हाफ मैराथन की ब्रांड एंबेसडर डॉ. सुनीता गोदारा ने कहा कि मैराथन के जिन प्रतिभागियों ने उचित समय पर दौड़ पूरी की है, वे सभी बड़े शहरों के टॉप एथलीटों के समकक्ष हैं। सभी को उज्ज्वल भविष्य की मेरी तरफ से शुभकामनाएँ। इस पूरी मैराथन का कवरेज करते हुए जी न्यूज मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ पर प्रात: 6 बजे से सीधा प्रसारण किया गया, जिसे देश-दुनिया के लाखों दर्शकों ने देखा।



*सतना हाफ मैराथन-2022 का उद्‌घाटन करते मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम, श्री योगेश ताम्रकार, डॉ. सुनीता गोदारा, अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं अन्य विशिष्ट जन*










*सतना हाफ मैराथन-2022 के समापन अवसर पर संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम, सांसद श्री गणेश सिंह, मंत्री श्री रामखेलावन पटेलजी*






सतना हाफ मैराथन-2022 के समापन अवसर पर अतिथिगण मंत्री श्री रामखेलावन पटेल, श्री गिरीश गौतम, सांसद श्री गणेश सिंह, श्री योगेश ताम्रकार, महापौर, श्री जितेंद्र लटौरिया, अध्यक्ष, खादी ग्रामोद्योग आयोग







सतना हाफ मैराथन-2022 में दौड़ते पुरुष/महिला धावक









*सतना हाफ मैराथन-2022 में दौड़ने के लिए तैयार प्रतिभागी*





*सतना हॉफ मैराथन 2022 में उपस्थित अतिथि एवं दर्शकगण*





*सतना हाफ मैराथन-2022 के विजेता प्रतिभागियों के साथ पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्री रामखेलावन पटेल, श्रीमती सुष्मिता, डॉ. पंकज सिंह परिहार, डॉ. रचना मिश्रा, श्रीमती प्रमिला मिश्रा, श्रीमती आशा रावत व श्रीमती मालती मिश्रा*




*सतना हाफ मैराथन-2022 के विजेता प्रतिभागी को चेक देते मध्य प्रदेश के मंत्री श्री रामखेलावन पटेलजी एवं श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर), श्री आशुतोष गुप्ता (पुलिस अधीक्षक) सतना*

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
## HALF MARATHON, 20 NOV, 2022 (SUNDAY)
## (PRIZE DISTRIBUTION LIST)

**HALF MARATHON : 21 KM** **18-45 Yrs**

| S.No | Place | Name of Winner | Vib. No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | First (Female) | Meenu Sharma | 2025 | 01:22:03 | **25,000 ₹** | **325396** | Uttrakhand |
| 2 | Second (Female) | Priyanka Dashrat | 2039 | 01:30:00 | **15,000 ₹** | **325400** | Maharastra |
| 3 | Third (Female) | Sanjana Kevat | 2062 | 01:34:45 | **11,000 ₹** | **325408** | Satna |
| 4 | Consolation (Female) | Yogita Dhondu | 2049 | 01:35:10 | **1,100 ₹** | **325426** | Maharastra |
| 5 | Consolation (Female) | Bhoomi Negi | 2117 | 01:35:18 | **1,100 ₹** | **325427** | Delhi |
| 6 | Consolation (Female) | Aanchal Verma | 2139 | 01:57:18 | **1,100 ₹** | **325428** | Satna |
| 7 | First (Male) | Mohan Saini | 2102 | 01:04:59 | **25,000 ₹** | **325397** | Uttrakhand |
| 8 | Second (Male) | Virendra Kumar | 2113 | 01:05:57 | **15,000 ₹** | **325401** | Rajasthan |
| 9 | Third (Male) | Rahul Sisodiya | 2004 | 1:06:49:267 | **11,000 ₹** | **325409** | Bhopal |
| 10 | Consolation (Male) | Manish Kumar | 2114 | 1:06:49:519 | **1,100 ₹** | **325429** | Bihar |
| 11 | Consolation (Male) | Pankaj Sharma | 2118 | | **1,100 ₹** | **325430** | Delhi |
| 12 | Consolation (Male) | Aditya Raj | 2019 | 01:14:14 | **1,100 ₹** | **325431** | Jabalpur |

**HALF MARATHON : 21 KM** **Above 45 Yrs**

| S.No | Place | Name of Winner | Batch No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | First (Female) | Sharda Nagaorav | 2134 | 02:07:14 | **25,000₹** | **325398** | Nagpur |
| 14 | Second (Female) | Vinita Sharma | 2126 | 02:15:52 | **15,000 ₹** | **325402** | Jabalpur |
| 15 | Third (Female) | Anita Gera | 2128 | 02:19:19 | **11,000 ₹** | **325410** | Jabalpur |
| 16 | First (Male) | Gordhan Meena | 2129 | 01:13:14 | **25,000 ₹** | **325399** | Rajsthan |
| 17 | Second (Male) | Mukesh Mishra | 2137 | 01:22:03 | **15,000 ₹** | **325403** | Sidhi (M.P.) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Third (Male) | Ghanshyam Pandurang Ji | 2131 | 01:26:54 | **11,000 ₹** | **325411** | Nagpur |
| 19 | Consolation (Male) | Suraj Singh Patta | 2123 | 01:29:02 | **1,100 ₹** | **325435** | Dindori (M.P.) |
| 20 | Consolation (Male) | Nagurao Sheshvar | 2133 | 01:51:55 | **1,100 ₹** | **325436** | Nagpur |
| 21 | Consolation (Male) | Damodar Chaturdas | 2132 | 01:57:04 | **1,100 ₹** | **325437** | Nagpur |

**Yuva Daud : 10 KM** **12-45 Yrs**

| S.No | Place | Name of Winner | Batch No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | First (Female) | Kumari Deeksha | 1013 | **36:14:00** | **15,000 ₹** | 325404 | Bhopal |
| 23 | Second (Female) | Shakshi Sanjay | 1057 | **36:31:00** | **11,000 ₹** | 325412 | Mumbai |
| 24 | Third (Female) | Varsha Tekam | 1015 | **39:01:00** | **5,100 ₹** | **325416** | Bhopal |
| 25 | Consolation (Female) | Bhagwati Dangi | 1016 | **40:23:00** | **1,100 ₹** | 325438 | Bhopal |
| 26 | Consolation (Female) | Aanchal Saket | 1296 | **43:23:00** | **1,100 ₹** | 325439 | Unchehra (M.P.) |
| 27 | Consolation (Female) | Reenu Kevat | 1097 | **43:30:00** | **1,100 ₹** | 325440 | Unchehra (M.P.) |
| 28 | First (Male) | Navin Chauhan | 1028 | **30:11:00** | **15,000 ₹** | 325405 | Indore |
| 29 | Second (Male) | Chandan Yadav | 1011 | **30:48:00** | **11,000 ₹** | 325413 | Bhadohi, (U.P.) |
| 30 | Third (Male) | Hitesh | 1288 | **30:49:00** | **5,100 ₹** | 325417 | Hariyana |
| 31 | Consolation (Male) | Krishna Kumar Baghai | 1030 | **30:56:00** | **1,100 ₹** | 325441 | Jabalpur |
| 32 | Consolation (Male) | Ashutosh Verma | 1289 | **31:43:00** | **1,100 ₹** | 325442 | Bhopal |
| 33 | Consolation (Male) | Omkar Vishnu | 1056 | **31:55:00** | **1,100 ₹** | 325443 | Ratnagiri |

**Yuva Daud : 10 KM** **Above 45 Yrs**

| S.No | Place | Name of Winner | Batch No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | First (Female) | Nirmla Patil | 1301 | 01:11:35 | **15,000 ₹** | **325406** | Bhopal |
| 35 | First (Male) | Shubhash Singh | 1317 | 36:22:00 | **15,000 ₹** | **325407** | Rajasthan |
| 36 | Second (Male) | | 1320 | 36:44:00 | **11,000 ₹** | **325415** | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | Third (Male) | Sanjay Kumar | 1308 | 37:39:00 | **5,100 ₹** | **325419** | Delhi |
| 38 | Consolation (Male) | Ram Mohan Verma | 1304 | 38:29:00 | **1,100 ₹** | **325447** | UP |
| 39 | Consolation (Male) | Ghanshyam Gupta | 1312 | 44:53:00 | **1,100 ₹** | **325448** | MP |
| 40 | Consolation (Male) | Devidas | 1307 | 47:47:00 | **1,100 ₹** | **325449** | MP |

**Amrit Daud : 05 KM All Age Groups**

| S.No | Place | Name of Winner | Batch No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | First (Female) | Khushi Raghuvanshi | 50019 | 20:10 | 5,100 ₹ | 325420 | Jabalpur |
| 42 | Second (Female) | Jyotshna | 50257 | 20:59 | 3,100 ₹ | 325422 | Satna |
| 43 | Third (Female) | Sanjna | 50346 | 21:12 | 2,100 ₹ | 325424 | Sihore |
| 44 | Consolation (Female) | Nikita Atul Marle | 50051 | 21:55 | 1,100 ₹ | 325450 | Maharastra |
| 45 | Consolation (Female) | Vandan Yadav | 50391 | 22:49 | 1,100 ₹ | 325451 | UP |
| 46 | Consolation (Female) | Salochna Singh | 50788 | 23:16 | 1,100 ₹ | 325452 | Satna |
| 47 | First (Male) | Swaraj Sandeep Joshi | 50060 2nd | 16:21 | 5,100 ₹ | 325421 | Maharastra |
| 48 | Second (Male) | Chakresh Kumar Yadav | 50147 1st | 16:24 | 3,100 ₹ | 325423 | Satna |
| 49 | Third (Male) | Yash Sharma | 50027 3rd | 16:44 | 2,100 ₹ | 325425 | Bhopal |
| 50 | Consolation (Male) | Rohit | 50005 | 17:03 | 1,100 ₹ | 325453 | UP |
| 51 | Consolation (Male) | Pankaj Kumar Saket | 50075 | 17:05 | 1,100 ₹ | 325454 | Rewa |
| 52 | Consolation (Male) | Vishal Vinod Kanojiya | 50388 | 17:18 | 1,100 ₹ | 325455 | Maharastra |
| | | | **Total** | | **359,300 ₹** | | |

(आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत)

**सतना हाफ मैराथन: 2022**

(तृतीय संस्करण)

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

**"सतना हाफ मैराथन: 2022 हेतु प्राप्त वीडियो द्वारा शुभकामनाएं संदेश"**

| क्र. | महान् शख्सियत | दायित्व/पदनाम | वीडियो | लिंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अनुराधा पौड़वालजी | प्रसिद्ध गायिका | √ | ANURADHA PAUDWAL JI INDIAN SINGER.MP |
| 2 | श्रीमती नमिता रुस्तगीजी | एडीफाई स्पोर्ट्स की डायरेक्टर (Director Edify Sports) | √ | Mrs.Namita Rustagiji. mp4 |
| 3 | गायत्री सिद्ध पं. लक्ष्मण दास रतन भारद्वाजजी | असाध्य रोग निवारक | √ | गायत्री सिद्ध पंडित लक्ष्मण दाय रतन भारद्वाजजीmp4 |
| 4 | सुश्री सुनीता गोदाराजी | ब्रांड एंबेस्डर, सतना हाफ मैराथन-2022 | √ | Mrs.Sunita Godara.mp4 |
| 5 | श्री अनु मलिकजी | भारतीय संगीत निर्देशक एवं गायक | √ | Mr. Anu Malik.mp4 |
| 6 | श्री लक्ष्य सेनजी | वर्ल्डस्टॉप रैंकेड बैडमिंटन प्लेय | √ | Mr. Lakshya Sen.mp4 |
| 7 | श्री युवराज कुमारजी | राष्ट्रीय पुरस्कार फिल्म निर्देशक | √ | Mr.Yuvraj Kumar.mp4 |
| 8 | पं. सोमेश कुमारजी | मशहूर संगीतज्ञ | √ | Pt.Somesh Mathur.mp4 |
| 9 | श्री शंकर साहनीजी | गायक | √ | Mr. Shankar Sahni.mp4 |
| 10 | श्री विमल कुमारजी | पूर्व-फ्रेंच ओपन बैडमिंटन चैंपियन व पूर्व कोच भारत | √ | |

(आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत)

# सतना हाफ मैराथन: 2022


(तृतीय संस्करण)

20 नवम्बर. 2022


## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

### मार्ग मानचित्र


**1. हाफ मैराथन : 21 किमी मार्ग**




**2. युवा दौड़ : 10 किमी मार्ग**




**3. अमृत दौड़ : 5 किमी मार्ग**



## कार्यक्रम : बीसवाँ मेदांता मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप

**दिनांक : 10 एवं 11 दिसंबर, 2022 ( शनिवार-रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नौगाँव, जिला-छतरपुर ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप (मेदांता द मेडिसिटी) का आयोजन सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नौगाँव, छतरपुर, मध्य प्रदेश में किया गया। इसमें 2419 मरीजों का उपचार तथा 3830 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित यह बीसवाँ स्वास्थ्य शिविर है। इसमें दवाइयाँ और अन्य उपयोगी चिकित्सा उपकरणों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया।

हेल्थ कैंप का उद्घाटन करते हुए कलेक्टर श्री संदीप जी.आर. ने कहा कि समाज-सेवा के अपने अनुपम योगदान व अपने संकल्प और पुण्य का उजाला फैलाने में न्याय के कार्यकर्ता लगातार सफल हो रहे हैं। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास अद्वितीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अनूप तिवारी अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद् ने की। विशिष्ट अतिथि श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक पूर्व विधायक एवं न्यास की कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा अवस्थी रहीं। सर्वप्रथम पूज्य दद्दाजी व शांति मिश्राजी के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनीत रावत ने किया।

दो दिवसीय इस शिविर में 1154 पुरुष एवं महिलाओं की फ्री जाँचें हुईं। पहले दिन कैंप में दि. मेदांता मेडिसिटी गुड़गाँव की टीम द्वारा कुल 1154 मरीजों को स्वास्थ्य-लाभ प्रदान किया गया। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एस.के. तनेजा ने 248, ऑर्थोपेडिक डॉ. विकास कुमार ने 322, स्त्री रोग एवं कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्शदीप कौर ने 98, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आशीष मजूमदार ने 144, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. उवेश बाबर ने 342 मरीजों की जाँच की एवं लगभग सभी मरीजों की बी.पी. एवं शुगर की जाँच की गई। 98 महिलाओं द्वारा ब्रेस्ट कैंसर की मैमोग्राफी जाँच कराई गई। बीएमडीटी-150, शुगर की जाँच-189, बीपी-359, एचबीए1 सी-476, एक्स-रे-112 हुए।

शिविर में डॉ. आनंद चौरसिया, डॉ. प्रियंका देसाई चौहान, डॉ. जगदीश अहिरवार, डॉ. सौरभ मिश्रा के साथ पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी बहुमूल्य सेवाएँ दीं। कैंप में शांति फार्मेसी कॉलेज, नौगाँव एवं सीताराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग, छतरपुर के प्रशिक्षुओं ने मरीजों के साथ सहयोग करने में अहम भूमिका अदा की।

बीसवें नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के समापन मौके पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि यह आयोजन सरस्वती उच्चतर

माध्यमिक विद्यालय, नौगाँव में मेदांता द मेडिसिटी, गुरुग्राम के सहयोग से न्यास के द्वारा किया गया है। उन्होंने इस मौके पर न्यास के पिछले कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि दरिद्र नारायण की सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण की रक्षा जैसे काम को न्यास के द्वारा प्राथमिकता से किया गया और यह प्रयास, न्यास की निरंतरता में शामिल रहेगा। मेरे पूज्य दद्दाजी, माताजी ने जो सेवा के संस्कार मुझे दिए, बस उसी जज्बे को लेकर ही मैं न्यास के माध्यम से काम कर रहा हूँ। श्री मिश्रा ने न्यास के इस शिविर के बारे में बताते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, सागर, दमोह, विदिशा, सतना, रीवा, महोबा, बांदा, चित्रकूट, झाँसी और कानपुर कुल 13 जिलों के 3830 जरूरतमंद मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

इस मौके पर मेदांता द मेडिसिटी की सीनियर गॉयनोलॉजिस्ट एवं ऑन्कोलॉजिस्ट अर्शदीप कौर ने शिविर की तारीफ करते हुए कहा कि मैं इस मौके पर आदरणीय राकेशजी का क्षेत्र के प्रति समर्पण से यह सीखकर और वायदा करके जा रही हूँ कि मैं भी जब-जब मौका मिलेगा तो अपने घर, गाँव के लिए समय दूँगी। यह हर व्यक्ति के लिए बहुत ही प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं, जो अपने क्षेत्र और अपनों के लिए इतना कुछ निरंतर कर रहे हैं।

इस अवसर पर महोबा विधायक श्री राकेश गोस्वामी ने कहा कि न्यास के जितने भी आयोजन होते हैं, मैं लगभग सभी आयोजन में शामिल रहता हूँ, क्योंकि यहाँ मैं मेहमान बनकर नहीं, मेजबान बनकर ही शामिल होता हूँ और यह इसके लिए मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ।

क्षेत्र के शिक्षाविद् श्री रमाशंकर मनीषीजी ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेदांता जैसे बड़े अस्पताल, जो ऐसे मरीजों के लिए सपने रहते हैं, वे भी न्यास के इन प्रयासों से उचित चिकित्सा मार्गदर्शन लेकर अपना इलाज करवा सकते हैं। इस हेतु न्यास और डॉ. राकेश मिश्रजी निश्चित ही बधाई के पात्र हैं और में उम्मीद करता हूँ, इस प्रकार के आयोजनों की जरूरत को ध्यान रखकर इनकी निरंतरता आगे बनी रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पूज्य दद्दाजी एवं माताजी के चित्रों के साथ दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य अतिथि श्री राकेश गोस्वामी का स्वागत श्री सुब्रत शर्मा मोनू ने किया, जबकि श्री संजीव कुमार, सदस्य योग आयोग हरियाणा का स्वागत श्री प्रवीण दुबे ने किया। श्री रमाशंकर मनीषी का स्वागत रिंकू राठौर ने किया। पूर्व विधायक श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक का स्वागत श्री बॉबी असाटी ने अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर किया।

छतरपुर जिले के डॉक्टरों की टीम में शामिल डॉ. सौरभ मिश्रा, डॉ. प्रियंका चौहान, डॉ. जगदीश अहिरवार, डॉ. आनंद चौरसिया व श्री राकेश दयाल, फार्मासिस्ट, निहारिका यादव सहित सभी टीम को प्रमाण-पत्र व स्मृतिचिह्न प्रदान किए। शांति कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम का संचालन विनीत रावत द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक सुशील द्विवेदी ने सभी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।






*मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप (मेदांता द मेडिसिटी) का उद्घाटन एवं दद्दाजी के चित्र पर माल्यार्पण करते श्री अनूप तिवारी (चेयरमैन), नगरपालिका नौगाँव, श्रीमती रेखा अवस्थीजी*

*श्री संदीप जी.आर. (कलेक्टर छतरपुर), मरीजों व डॉक्टरों को संबोधित करते हुए*





*चिकित्सकों का स्वागत करतीं श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठकजी (पूर्व विधायक)*





*संबोधित करते डॉ. एस.के. तनेजा (कार्डियोलॉजिस्ट) एवं उपस्थित चिकित्सक गण*






*मंच पर विराजमान चिकित्सक डॉ. एस.के. तनेजा, श्री अनूप तिवारी, कलेक्टर श्री संदीप जी.आर. एवं श्रीमती रेखा अवस्थी (कोषाध्यक्ष)*




*स्वास्थ्य परीक्षण कराते नगर की महिलाएँ*






*उपस्थित चिकित्सक, सहयोगी एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सभी को भगवान् माँ अन्नपूर्णा का चित्र भेंट किया*





*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा ग्राम धवर्रा के पूर्व प्रधान श्री चिरंजीलाल अनुरागी जो निराश्रित एवं दिव्यांग होने पर ट्राई साइकिल प्राचीन की गई। दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक एवं समापन कार्यक्रम में उपस्थित न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्री संजीव कुमार, श्री राकेश गोस्वामी (विधायक), श्री रमाशंकरजी 'मनीषी' एवं श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठकजी*





समापन समारोह को संबोधित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं
सम्मान प्राप्त करतीं सुश्री डॉ. अर्शदीप कौर





समापन समारोह में सम्मानित होते सभी कार्यकर्ता एवं पैरामेडिकल स्टाफ



राष्ट्रगान में उपस्थित महानुभाव

## कार्यक्रम : सेवा बस्तियों में सैनिटरी पैड एवं कंबल वितरण

**दिनांक : 21 दिसंबर, 2022 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : बस स्टैंड एवं सिमरिया चौक, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा सतना में बस स्टैंड एवं सिमरिया चौक, सतना में जरूरतमंदों को कंबल वितरण एवं सेवा बस्तियों में सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। सेवा न्यास द्वारा 'कंबल बैंक' चलाया जा रहा है। इसके तहत सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा शीत लहर में ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को ढूँढ़-ढूँढ़कर कंबल वितरण किया गया। वैसे भी जरूरतमंद आम नागरिक सेवा न्यास कार्यालय नेह निकुंज, बम्हनगवाँ, रीवा रोड से कंबल प्राप्त कर सकते हैं।

ठंड से बचाव के लिए असहाय दिव्यांग जनों की सेवा के लिए सेवा न्यास द्वारा बस स्टैंड एवं सिमरिया चौक में जरूरतमंदों को शीत लहर से बचाव के लिए बुजुर्गों असहाय लोगों को कंबल वितरण किया गया। खुले आसमान में अपना रैन बसेरा बनाकर रहनेवाले वृद्ध जनों को कंबल ओढ़ाया गया व उनकी पूछताछ कर उन्हें कंबल प्रदान किए गए।

इसी तरह महिलाओं के बीच निरंतर सैनिटरी पैड का वितरण किया जा रहा है। पैड वितरण करते हुए श्रीमती मनीषा सिंह ने बताया कि आज भी हमारी माताएँ और बहनें पुराने परंपरागत तरीके इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे कि बीमारियों का खतरा बना रहता है।

बीमारियों से बचाव के लिए न्यास परिवार की बहनों के द्वारा सेवा बस्तियों में सैनिटरी पैड का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है। स्वास्थ्य जागरूकता के माध्यम से माताओं-बहनों को जागरूक करने के लिए नि:शुल्क सैनिटरी पैड का वितरण किया जा रहा है।

श्रीमती मनीषा सिंह, श्री नितिन मिश्रा, श्रीमती शीलम सैनी, श्री संजय गुप्ता, श्री अनुराग तिवारी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लिया।






*मध्य रात्रि में कंबल वितरण करते कार्यकर्ता सेवा बस्तियों में सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम में सेवाभावी कार्यकर्ता, श्री संजय गुप्ता, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्री नितिन मिश्रा एवं अन्य स्थानीय वासी।*

## कार्यक्रम : कंबल वितरण

**दिनांक : 22 दिसंबर, 2022 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : चित्रकूट, जिला-सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चित्रकूट, जिला सतना (म.प्र.) में जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण किया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 'कंबल बैंक' चलाया जा रहा है। इसके तहत सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा शीत लहर में ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को ढूँढ़-ढूँढ़कर कंबल वितरण किया गया। खुले आसमान में अपना रैन बसेरा बनाकर रहनेवाले वृद्ध जनों को कंबल ओढ़ाया गया व उनकी पूछताछ कर उन्हें कंबल प्रदान किया गया।

श्रीमती मनीषा सिंह, श्री सुनील यादव, श्री शिवम बढ़ौलिया, श्री महेंद्र तिवारी, श्री नितिन मिश्रा, श्री संजय गुप्ता, श्री अनुराग तिवारी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास के वरिष्ठ कार्यकर्ता सक्रिय होकर इस पुण्य कार्य में लगे हैं।




*जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण, चित्रकूट, जिला सतना में न्यास के कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण कार्यक्रम

**दिनांक : 23 दिसंबर, 2022 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 1. सरिया टोला, नरो पहाड़ रोड, माधवगढ़, सतना ( म.प्र. )**
**2. अमर शहीद हेमू कल्याणी पार्क, सिंधी कैंप, सतना ( म.प्र. )**
**3. खेरमाई मंदिर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 'अपना सपना–हरा–भरा सतना' अभियान के तहत सतना में सरिया टोला, नरो पहाड़ रोड, माधवगढ़, अमर शहीद हेमू कल्याणी पार्क, सिंधी कैंप एवं खेरमाई मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी की उपस्थिति में सरिया टोला, नरो पहाड़ रोड, माधवगढ़ में सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा 75 फलदार पौधारोपण किया गया। ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा रोपण किए गए पौधों की देखरेख एवं कंपोस्ट खाद डालने के लिए साफ–सफाई व देखरेख की गई। 'अपना सपना हरा–भरा सतना' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण एक मुहिम के तहत चलाया जा रहा है। यह अभियान क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड, दिल्ली के सौजन्य से सतना में किया गया।

तदुपरांत सेवा न्यास के कार्यकर्ता अमर शहीद हेमू कल्याणी पार्क, सिंधी कैंप में न्यास की सक्रिय कार्यकर्ता श्रीमती मधु बाल्मिकि एवं श्री गोपाल बाबाजी की वैवाहिक वर्षगाँठ के अवसर पर ऊमर, बरगद, पीपल, आँवला एवं नीम के पौधों का रोपण किया गया।

इस दौरान प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा सिंह, श्री संजय तीर्थवानी, श्री महेंद्र तिवारी, श्री पुष्पराज कुशवाहा, श्री नितिन मिश्रा, श्री संजय गुप्ता माधवगढ़, श्री गोपालजी बाल्मिकि, श्री मधु बाल्मिकि, श्री सुनील यादव, श्री बलराम गुप्ता, श्री शिवा पटेल, श्रीमती अर्चना पटेल, श्रीमती शीलम सैनी, डोला सोनी, डॉ. राजेश समदड़िया, कु. प्रीति रैकवार, श्री शुभम बढ़ौलिया, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सैकड़ों सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने सभी महानुभावों से अनुरोध किया कि पेड़ लगाकर पुण्यलाभ अर्जित करें।




*वृक्षारोपण कार्यक्रम में न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं न्यास के कार्यकर्ता श्री संजय गुप्ता, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेंद्र तिवारी, श्री नितिन मिश्रा आदि*

## कार्यक्रम : शोभायात्रा स्वागत, कंबल वितरण एवं वृक्षारोपण

**दिनांक : 24 दिसंबर, 2022 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरदार वल्लभभाई पटेल, जिला चिकित्सालय, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा जिला चिकित्सालय सतना में कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी श्री एल.एल. शुक्ला सहित सेवा न्यास के शुभचिंतक एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता श्री धीरेंद्र सिंह परमार ने कंबल वितरण किया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि मानवता की सेवा ही हमारा धर्म है। इस अवसर पर श्री तरुण पाठक, श्री अशोक तिवारी, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, श्री राजेंद्र ने गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण किया।






*श्री धीरेंद्र सिंह परमार (अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट), श्री अशोक तिवारीजी, श्री राजेंद्र मिश्रा, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी*




*सतना में निकली भव्य शोभायात्रा का स्वागत करती सेवा न्यास की टीम*





वृक्षारोपण एवं जागरूकता लाते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र,
श्री धीरेंद्र सिंह परमार (अतरिक्त महाधिवक्ता) सुप्रीम कार्ट, श्री तरुण पाठक (पन्ना)




वृक्षारोपण एवं जागरूकता लाते न्यास के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता खेरमाई मंदिर सतना में





न्यास कार्यालय में विचार-विमर्श करते न्यास के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता

## कार्यक्रम : षष्टम् व्याख्यानमाला
## विषय : समाज में सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता

**दिनांक : 30 दिसंबर, 2022 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : नगरपालिका ऑडिटोरियम, किशोर सागर तालाब के निकट, छतरपुर ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगरपालिका ऑडिटोरियम, किशोर सागर तालाब के निकट, छतरपुर (म.प्र.) में व्याख्यानमाला आयोजित की गई। सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस षष्टम् व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी (भोपाल) ने कहा कि 'समाज में सनातन आदि है, अनंत है और हमेशा रहेगा, इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाए ही नहीं जा सकते।'

जनसेवा और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम के प्रारंभ में माँ सरस्वतीजी की प्रतिमा एवं पं. गणेश प्रसादजी एवं माता शांति मिश्राजी के चित्र पर पुष्पांजलि और द्वीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कपिल तिवारी, कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र असाटी का तथा डॉ. राकेश मिश्र का अंगवस्त्र व स्मृतिचिह्न देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर माँ अन्नपूर्णा की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। सभी के अन्न भंडार भरे रहें, यह प्रार्थना की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास के कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि न्यास का 'सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता' का यह छठा आयोजन है। व्याख्यानमाला बुंदेलखंड की लोक-संस्कृति एवं लोक-साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कारगर होगी। बुंदेलखंड की संस्कृति काफी समृद्ध है, जिसे राष्ट्रीय पटल पर लाने की दिशा में यह व्याख्यानमाला उपयोगी सिद्ध होगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कपिल तिवारी ने इस आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि आज भारत की चेतना बदल रही है। भारत में यह परिवर्तन बहुत लंबे समय बाद देखने को मिल रहा है। भारत ने अपनी अस्मिता को न सिर्फ पहचाना है, बल्कि इसके लिए उसने दुनिया को भी अपनी एक नई पहचान बता दी है। यह भारतीय सनातन संस्कृति ही है, जिसने हमें एक ऐसा ज्ञान दिया है, जो सनातन है, जिसका न कोई आदि है और न कोई अंत है। हर पल नया कर रहा है। उन्होंने सनातन परंपराओं और संस्कृति के ज्ञान को लेकर आने को आख्यानों के माध्यम से लोगों को और लोक को समझाया भी। उन्होंने जहाँ ज्ञान परंपरा, संत, ऋषि की चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में सप्त मात्रिका आप सब मानते हैं। सनातन संस्कृति ने ही हमें जीवन का

मूल्यबोध दिया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र असाटीजी ने कहा कि भारतीय संस्कृति संस्कारों की जननी है। सनातन संस्कृति ही है, जिसने दुनिया को 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश दिया। सामाजिक समरसता हमारी संस्कृति का अंग है। इसके सबसे बड़े उदाहरण देश में होनेवाले तीज-त्योहार, मेले वगैरह हैं। कार्यक्रम के संचालक डॉ. विनोद रावत ने सभी आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक चेतना जाग्रत् करने के लिए इस तरह के आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं। अंत में डॉ. राकेश मिश्र ने अतिथि द्वय को स्मृति चिह्न भेंट किए। 'वंदे मातरम्' के साथ ही बाहर से पधारे अतिथियों का आभार किया। कार्यक्रम का समापन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी की माताजी हीराबेन को दो मिनट श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद हुआ।




*व्याख्यानमाला में आनेवाले अतिथियों का स्वागत करते न्यास के अध्यक्ष एवं अन्य विशिष्ट जन*




*दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र,*
*श्री वीरेंद्र असाटीजी एवं पद्मश्री श्री कपिल तिवारीजी (भोपाल)*





*व्याख्यानमाला को संबोधित करते डॉ. राकेश मिश्र, पद्मश्री श्री कपिल तिवारीजी एवं श्री वीरेंद्र असाटीजी*




*व्याख्यानमाला में उपस्थित सुधी शिक्षक, प्राध्यापक एवं विद्वतजन*




*माँ अन्नपूर्णा के चित्र का लोकार्पण करते पद्मश्री श्री कपिल तिवारीजी,*
*श्री वीरेंद्र असाटीजी एवं डॉ. राकेश मिश्र*



# ॥ माँ अन्नपूर्णा ॥

अन्नपूर्णे सदा पूर्णे शंकरप्राणवल्लभे।
ज्ञानवैराग्यसिद्ध्यर्थं भिक्षां देहि च पार्वति॥



माँ अन्नपूर्णा की पूजा के पीछे अन्न को महत्त्व देना है, अर्थात् अनाज का अनादर या दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। केवल उसका उपयोग करना चाहिए। अन्नपूर्णा माता को 'रसोई की माता' भी कहा जाता है। अन्नपूर्णा देवी हिंदू धर्म में मान्य देवी-देवताओं में विशेष रूप से पूजनीय हैं। इन्हें माँ जगदंबा का ही एक स्वरूप माना गया है, जिनसे संपूर्ण विश्व का संचालन होता है। इन्हीं जगदंबा के अन्नपूर्णा स्वरूप से संसार का भरण-पोषण होता है। अन्नपूर्णा का शाब्दिक अर्थ है—'धान्य' (अन्न) की अधिष्ठात्री। सनातन धर्म की मान्यता है कि प्राणियों को भोजन माँ अन्नपूर्णा की कृपा से ही प्राप्त होता है।

जीवन का आधार अन्न की महत्ता समझाने एवं कोई भूखा नहीं रहे, इस उद्देश्य से अन्न की देवी माँ अन्नपूर्णा का चित्र सेवा न्यास द्वारा प्रस्तुत है। इसके माध्यम से समाज में अन्न की महत्ता और प्रासंगिकता की जानकारी लोगों को मिलेगी। समाज को स्वस्थ और समृद्ध बनाने के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने यह स्मृतिचिह्न आपके उपयोगार्थ तैयार किया है।

वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप माता अन्नपूर्णा का प्राचीन मंदिर है। इन्हें तीनों लोकों की माता माना जाता है। कहा जाता है कि इन्होंने स्वयं भगवान् शिव को भोजन कराया था। माता के चित्र को इस स्मृतिचिह्न में दिया गया है।

स्मृतिस्वरूप आप इसे अपने भोजनालय, डायनिंग टेबिल या पूजा स्थल पर लगाकर रखें। इससे आपके घर-परिवार में भंडार भरे रहें। यही प्रार्थना है!

भवदीय

**डॉ. राकेश मिश्र**

(अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

## कार्यक्रम : नशा मुक्ति पर परिचर्चा

**दिनांक : 30 दिसंबर, 2022 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नशा मुक्ति परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम अतिथियों ने सेवा न्यास के प्रेरणास्रोत दद्दाजी एवं बाईजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने सेवा न्यास की गतिविधियों की छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। नशा मुक्ति के मुख्य वक्ता समाज कार्य के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.सी. राय ने कहा कि पारिवारिक कलह का कारण नशा बनता है। नशे से दूर रहें, खासकर बच्चियों की जिम्मेदारी काम करती हैं। जब हम स्वस्थ रहेंगे तो हमारा समाज भी सबसे अधिक स्वस्थ होगा। डॉ. राय ने आगे बताया कि सामाजिक भूमिका में अपने आप को जोड़ते हुए हमारे समाज की जो कुरीतियाँ हैं, उनको दूर करने के लिए हम सबका दायित्व है, उसके लिए प्रयास करना है। समाज को नशा मुक्त करने के लिए आगे बढ़ें। नशा मुक्ति हेतु पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्य कर रहा है। श्रीमती मनीषा सिंह, महिला स्वच्छता प्रभारी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में है। नशे से ब्रेन कंफ्यूजन की स्थिति में हो जाता है। श्रीमती मनीषा सिंह ने आगे बताया कि शराब पीने से पैरालिसिस अटैक होने के अवसर ज्यादा बढ़ जाते हैं, डबल विजन की स्थितियाँ निर्मित हो जाती हैं। अत: नशा करनेवालों को समझाकर इससे दूर करना चाहिए।

इस मौके पर डॉ. संजय चौरसिया, श्रीमती संजीता सैनी, श्री संजय गुप्ता, श्री नितिन मिश्रा, श्री शिवा पटेल, श्री अनुराग तिवारी, समाज कार्य विभाग के छात्र-छात्राएँ एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*नशा मुक्ति परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते श्री राजेश त्रिपाठी, मंचासीन डॉ. एस.सी. राय एवं श्रीमती मनीषा सिंह*

# कार्यक्रम : कंबल वितरण समारोह

**दिनांक : 31 दिसंबर, 2022 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेवा बस्ती, बदखर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सेवा बस्ती, बदखर, सतना में रहनेवाले बुजुर्गों, महिलाओं एवं जरूरतमंद लोगों के बीच शीत लहर में ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किए गए। रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में बेघर लोगों एवं सड़क किनारे बसेरा करते बुजुर्गों को कंबल प्रदान किए गए।




*सेवा बस्ती, बदखर, सतना में रात्रि 2 बजे कंबल वितरण जरूरतमंदों करते हुए*
*सेवा भावी न्यास के कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्री सुनील यादव, श्री नितिन मिश्रा आदि*



## कार्यक्रम : कंबल वितरण समारोह

**दिनांक : 1 जनवरी, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रवास, बगहा, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास, कलेक्टर बंगला के सामने रहनेवाले छात्र-छात्राओं को शीत लहर में ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किए गए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम अतिथियों ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत गायन किया। छात्रावास की वार्डन श्रीमती कृष्णकांता सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेश चतुर्वेदी, पालन (स्पीकर) नगर निगम ने कहा कि न्यास परिवार के द्वारा हमेशा से ही सामाजिक क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं। इनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। सेवा न्यास की गतिविधियों में निरंतर जरूरतमंदों एवं दीन-दु:खियों की सेवा के लिए बड़े-बड़े कार्य करते हैं। कभी स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से, तो कभी सैनिटरी पैड वितरण कर महिला स्वच्छता के लिए, तो कभी शहर को 'अपना सपना-हरा भरा सतना' करने के लिए व्यवस्थित ट्री गार्ड सहित वृक्षारोपण के कार्य में और ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से उनकी पाँच वर्षों तक सेवा भी की जाती है। पर्यावरण को संतुलन करने के लिए उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। इसके लिए पूरी न्यास की टीम बधाई की पात्र है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती कंचन त्रिपाठी, वरिष्ठ समाज-सेविका ने कहा कि सेवा न्यास परिवार के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जितनी सराहना की जाए, वह कम है। यह बहुत ही अच्छा कार्य है। शिक्षाविद् हरिओम अग्रवाल ने कहा कि देश का भविष्य इन बच्चों को समाज-सेवा के लिए प्रेरित करने का है। न्यास परिवार के द्वारा यह पुण्य कार्य किया जा रहा है, हम इसकी सराहना करते हैं। कार्यक्रम का संचालन सेवा न्यास की स्वच्छता प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने किया। न्यास की गतिविधियों के बारे में सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी व सबका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्री बालकृष्ण शुक्ला बेटा, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्रीमती सीलम सैनी, श्री नितिन मिश्रा, श्री मधु वाल्मीकि, श्री शिवा पटेल, श्री संजय गुप्ता, श्री करुणेश अनुरागी, श्री जितेंद्र अग्निहोत्री एवं छात्रावास स्टाफ एवं न्यास परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।





*नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास,*
*सतना में कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित महानुभाव*





*आवासीय बालिका छात्रवास में कंबल वितरण करते हुए सेवा न्यास कार्यकर्ता*

# कार्यक्रम : कंबल वितरण समारोह

**दिनांक : 07 जनवरी, 2023 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : संत कुंज आश्रम के पास, बरदाडीह, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे 'कंबल बैंक' के माध्यम से कंबल वितरण कार्यक्रम जारी हैं। इसमें संत कुंज आश्रम के पास बरदाडीह, सतना में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसमें 80 लोगों को कंबल वितरित किए गए। शीत लहर के बीच कंबल पाते ही जरूरतमंद लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी ने न्यास के इस कार्य की सराहना की। बुजुर्गों ने सेवा न्यास कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद दिया।




*कंबल वितरण समारोह में श्री शिवम शुक्ला,*
*श्री नितिन मिश्रा, श्री लवकुश सिंह एवं श्री जितेंद्र अग्निहोत्री*




*कंबल वितरण करते हुए श्री महेंद्र तिवारी, श्री लवकुश सिंह बघेल एवं श्रीमती मनीषा सिंह*

## कार्यक्रम : कंबल वितरण कार्यक्रम

**दिनांक : 8 जनवरी, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : वृद्धाश्रम, बिरसिंहपुर, सतना ( म.प्र. )**

सतना जिले के बिरसिंहपुर में स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को कड़ाके की ठंड में तन ढकने हेतु कंबल प्रदान किए गए। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं को उन बुजुर्गों द्वारा दिया आशीर्वाद संबल प्रदान करता है। न्यास की ओर से 75 बुजुर्गों को जब कंबल दिया गया तो सभी ने खुशी से न्यास के प्रति आभार जताया व कहा कि बच्चों आपकी संस्था खूब फले-फूले एवं तरक्की करती रहे।





*वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता श्री बालकृष्ण शुक्ला 'बेटा', श्री सुनील यादव, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री संजय गुप्ता, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री जीतेंद्र अग्निहोत्री*

## कार्यक्रम : कंबल वितरण समारोह

**दिनांक : 8 जनवरी, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : कोलान बस्ती एवं शांति कुंज आश्रम पतेरी, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा शांतिकुंज आश्रम एवं कोलन बस्ती पतेरी सतना में कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बालकृष्ण शुक्ला बेटा, विशिष्ट अतिथि श्री कृष्णा पांडेजी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन श्री महेंद्र तिवारी ने किया। श्री बालकृष्ण शुक्ला बेटा ने कहा कि देश भर में जबरदस्त ठंड का वातावरण बना हुआ है। हमारे क्षेत्र में भी कड़कड़ाती सर्दी पड़ रही है। खुले आसमान में अपना रैन बसेरा बनाकर रहनेवाले जरूरतमंदों को पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास परिवार द्वारा कंबल वितरण किया जा रहा है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। श्री कृष्णा पांडे ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के मार्गदर्शन में कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हर दिन कंबल वितरण रात में करना सेवा न्यास की संवेदनशीलता को दरशाता है।





*शांतिकुंज आश्रम एवं कोलन बस्ती पतेरी सतना में कंबल वितरण करते सेवा भावी न्यास के कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्री कृष्ण पांडेय, श्री सुनील यादव, श्री नितिन मिश्रा, श्री महेंद्र तिवारी*

## कार्यक्रम : कंबल वितरण समारोह

**दिनांक : 9 जनवरी, 2023 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेवा बस्ती, कोलगंवा, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण अभियान के अंतर्गत सतना जिले के कोलगंवा क्षेत्र में घरों के बुजुर्गों, माताओं एवं बहनों को कंबल प्रदान किए। सेवा न्यास के कार्यकर्ता इतनी अधिक सर्दी में अपने घर से दूर निकलकर दीन-दु:खियों की सेवा में तल्लीन रहते हैं। सच्चे अर्थों में नर सेवा-नारायण सेवा यही है। इस दौरान 150 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में श्री महेंद्र तिवारीजी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्री नितिन मिश्रा, श्री सुनील यादवजी एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने देर रात्रि में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।



*कोलगंवा क्षेत्र में घरों के बुजुर्गों, माताओं एवं बहनों को कंबल वितरण करते न्यास के सेवाभावी कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : स्वामी विवेकानंद जयंती
## परिचर्चा : युवाओं की राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में भूमिका

दिनांक : 12 जनवरी, 2023 ( गुरुवार )

कार्यक्रम स्थल : नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )

स्वामी विवेकानंदजी की जयंती पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर युवाओं की राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में भूमिका विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा के मुख्य वक्ता पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. एस.सी. राय, विभागाध्यक्ष समाज शास्त्र विभाग, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने स्वामी विवेकानंद एवं भारतमाता के चित्रों पर माल्यार्पण किया। उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ हुआ।

सेवा न्यास की गतिविधियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए सेवा न्यास की स्वच्छता प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि सेवा न्यास के प्रेरणास्रोत दद्दाजी के सपनों को साकार करने के लिए हम सब मिलकर मानव सेवा में समर्पित होकर पुण्य कार्य में दिन-रात अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एस.सी. राय ने कहा कि हमारे देश में स्वामी विवेकानंद बहुत ही सामान्य परिवार में जन्मे एवं स्वामी रामकृष्ण परमहंस मिशन की स्थापना की। अपने गुरु के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए स्वामीजी ने 'धर्म संसद्' शिकागो में भारत का प्रतिनिधित्व किया। जहाँ दुनिया भर के धर्माधिकारियों के बीच अपनी अलग छवि प्रस्तुत की, जो आज हम सब के लिए प्रेरणास्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद से बड़ा दूसरा कोई आदर्श नहीं है। स्वामीजी 39 वर्ष की आयु में ही हम सबको छोड़कर चले गए और वे आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

मुख्य वक्ता डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि युवाओं की राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में भूमिका विषय पर वक्तव्य देते हुए उन्हें स्वामी विवेकानंदजी के जीवन पर आधारित रोचक घटनाओं का विस्तार से जानकारी दी। परिचर्चा में बड़ी सारगर्भित चर्चा प्रस्तुत की।

डॉ. मिश्रजी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन कुल 39 वर्षों का था और 39 वर्षों में उन्होंने वह कर दिखाया, जो एक महान् दार्शनिक कर सकते हैं। भारत की आध्यात्मिकता के कारण पश्चिम की विज्ञान और तकनीक, इन दोनों के समन्वय से आनेवाले समय में एक नए भारत का निर्माण होगा। इस दिशा में महान् युग प्रवर्तक

स्वामी विवेकानंद ने जोर दिया। ऐसा करना है तो युवा और आनेवाली पीढ़ी के मानस में परिवर्तन करना होगा।

डॉ. मिश्र ने कहा कि अगर भारत और उसका उत्थान करना है तो सबसे पहले भारत के विभिन्न घटकों पर विश्वास आवश्यक है। अपनी धरती पर अपनी परंपराओं और अपनी संस्कृति पर अपने गौरवशाली अतीत में स्वामीजी ने युवकों से यह भी अपेक्षा रखी थी कि क्या तुम्हें अपने देश से प्रेम है? यदि हाँ, तो आओ हम लोग उच्चता और उन्नति के मार्ग पर अग्रसरित हों। पीछे मुड़कर मत देखो, एक नया भारत खड़ा हो, स्वामीजी इसका काव्यात्मक वर्णन करते हैं। भारत कहाँ से खड़ा हो? तू मोची की दुकान से, धोबी के मकान से, किसानों के हाथों से, खेतों से, खलिहानों से? कारखानों से! कारखाने की चिमनी और हाट बाजार से। गाँव से, शहर से, जंगल से, नदियों से, झरनों से! भारत जहाँ–जहाँ है, हर जगह से एक नया भारत खड़ा हो। वो भारत खड़ा करेंगे युवा, जो न केवल नए भारत का निर्माण करेंगे, बल्कि विश्व के कल्याण के लिए भी सक्रिय होंगे। स्वामी विवेकानंदजी के सपनों के महान् भारत और वह शून्यवाद भरने में आज की यह परिचर्चा निश्चित रूप से युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक बनेगी। आइए, स्वामी विवेकानंदजी के विचारों का अध्ययन करें! अपने जीवन में मनन करें और हम आज अधिकारों के पीछे नहीं, बल्कि कर्तव्यों के पीछे चलें, हम अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें, यही स्वामी विवेकानंदजी की जयंती के अवसर पर परिचर्चा का संदेश है।

## न्यास की गतिविधियों पर लघु फिल्म का हुआ प्रदर्शन

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा किए जा रहे कार्यों की लघु फिल्म को भी उपस्थित कवियों, साहित्यकारों, रचनाकारों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि न्यास के द्वारा जो भी कार्य किए जा रहे हैं, वे हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। हम सबको चाहिए कि न्यास के सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में रुचि लेकर अपनी सेवाएँ दें।

कार्यक्रम का संचालन पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ता श्री नितिन मिश्रा ने किया। सेवा न्यास के कार्यालय प्रमुख श्री महेंद्र तिवारी ने आभार व्यक्त किया। परिचर्चा में प्रमुख रूप से विंध्य क्षेत्र के कवि, साहित्यकार, रचनाकार एवं युवाओं ने अपने-अपने विचार व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो गया।






*नेह निकुंज में स्वामी विवेकानंद जयंती पर परिचर्चा में उपस्थित न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं गीत प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय कैडेट कोर के जवान।*






*नेह निकुंज में स्वामी विवेकानंद जयंती पर परिचर्चा में उपस्थित अतिथिगण एवं युवा छात्र-छात्राएँ।*

## कार्यक्रम : 21वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 14 जनवरी, 2023 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित कल्पवासियों के लिए नि:शुल्क नेत्र एवं कान परीक्षण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रयागराज संभाग के संभागायुक्त श्री विजय विश्वास पंत, डी.एम. प्रयागराज, श्री संजय खत्री एवं पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सर्वप्रथम माँ गंगा मैया एवं श्री लड्डू गोपाल भगवान् के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत् कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिथियों का स्वागत सेवा न्यास के अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न एवं न्यास की गतिविधियों पर आधारित पंचम् पुष्प भेंट कर किया गया।

श्री श्री श्री 1008 श्री संकर्षणाचार्यजी महाराज भीमकुंड, कथा वाचक पं. राहुल शास्त्रीजी महाराज एवं भीमकुंड संस्कृत पाठशाला के समस्त आचार्य, गुरुजनों, साधु महंतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

नि:शुल्क नेत्र एवं कान परीक्षण स्वास्थ्य शिविर में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बुंदेलखंड, विंध्य क्षेत्र के सतना, दमोह, छतरपुर, पन्ना, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, रीवा, सीधी, कटनी, उमरिया, शहडोल, महोबा, बांदा, हमीरपुर, झाँसी, प्रतापगढ़, मऊ, कौशांबी सहित कई जिलों के दूरदराज से ग्रामीण जन, श्रद्धालु भक्तजनों ने शिविर में उपस्थित होकर नेत्र शिविर एवं कान के शिविर का लाभ उठाया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि हमारे प्रेरणास्रोत दद्दाजी हमेशा कहा करते थे कि माघ मेला मे जगह-जगह भंडारा प्रसाद के लंगर चलाए जाते हैं। यात्रीगण व श्रद्धालु भक्तगण कई बार प्रसाद ग्रहण करते हैं और कभी-कभी उनका पेट भी खराब हो जाता है, लेकिन स्वास्थ्य शिविर की संख्या बहुत कम रहती है। 'नर सेवा-नारायण सेवा' का भाव दद्दाजी के सपनों को साकार करने के लिए प्रत्येक वर्ष माघ मेला प्रयागराज में कल्पवासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है।

डॉ. मिश्र ने आगे कहा कि आज के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1241 मरीजों को चश्मा, 522 मरीजों को दवाई एवं 235 मरीजों को कान की मशीनें लगाई गईं।

सद्गुरु सेवा संघ, चित्रकूट के चिकित्सकों ने मरीजों की मोतियाबिंद की जाँच की व मरीजों को दवाई व चश्मे प्रदान किए। एल्पस इंटरनेशनल प्रा. लिमिटेड द्वारा कान की महँगी मशीनों को मरीजों के लिए लगाया।

प्रतिवर्ष प्रयागराज त्रिवेणी संगम का दृश्य बदल जाता है। इस बार साफ–सफाई व शासन–प्रशासन की व्यवस्था चाक–चौबंद की गई है। विशेषकर सफाई सेवकों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिनके अथक परिश्रम व मेहनत की वजह से पूरा मेला परिसर साफ–सुथरा है। आगे उन्होंने कहा कि सेवा न्यास द्वारा आयोजित माघ मेला में कल्पवासियों के लिए नि:शुल्क श्रवण यंत्र एवं चश्मा भेंट किए जा रहे हैं।

प्रयागराज संभाग के कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने कहा कि सेवा न्यास की गतिविधियों से हम सबको भी प्रेरणा लेनी चाहिए और मानव सेवा के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि समस्त श्रद्धालुओं, भक्तजनों, मेला परिसर में पधारे कल्पवासियों के लिए मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ देता हूँ और सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

मेला अधिकारी डी.एम. प्रयागराज श्री संजय खत्रीजी ने कहा कि देश भर से आए हुए कल्पवासियों व साधु–संतों–महात्माओं को शिविर से लाभ प्राप्त हो रहा है। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का यह कार्य अद्‌भुत है।

सेवा न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह ने सेवा न्यास की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सेवा न्यास द्वारा सामूहिक कन्या विवाह, ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से लगाए गए वृक्षों की सेवा, कृषि के क्षेत्र में सेवा, महिला स्वच्छता जागरूकता, 'कंबल बैंक' के माध्यम से जरूरतमंदों को कंबल वितरण, ग्राम विकास, संस्कृति व संस्कार निर्माण के कार्यों सहित सेवा कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन सेवा न्यास के कार्यकर्ता राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया।

अतिथियों का स्वागत सेवा न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेंद्र तिवारी, श्री शिवा पटेल, श्री नितिन मिश्रा ने अंगवस्त्र, माँ अन्नपूर्णा की प्रतिमा का स्मृतिचिह्न व न्यास की गतिविधियों पर आधारित पंचम् पुष्प भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया।



*प्रयागराज माघ मेला में 21वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में साधु–संतों को आँख एवं कान की जाँच करते चिकित्सकगण*

**'श्री सद्‌गुरु सेवा संघ ट्रस्ट तथा एल्प्स इंटरनेशनल प्रा.लि. के सौजन्य से'**
**21वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर**
**स्थान : माघ मेला परिसर, सेक्टर-3, संगम, प्रयागराज ( उ.प्र. )**
**14 जनवरी, 2023 ( शनिवार ) को लाभार्थी कल्पवासी एवं साधु-संतों का विवरण**

| क्र. | परीक्षण | मरीज |
|---|---|---|
| 1 | मरीजों को चश्मा | 1241 |
| 2 | मरीजों को दवाई | 522 |
| 3 | मरीजों को कान की मशीनें | 235 |
| **कुल योग** | | **1998** |




*कार्यक्रम को संबोधित करते श्री संजय खत्री (जिलाधिकारी, प्रयागराज)*

## कार्यक्रम : संत सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं समरसता भोज

**दिनांक : 15 जनवरी, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

पूज्य दद्दाजी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के बहुविध सेवा और संकल्प को साकार करते हुए न्यास निरंतर समाज-सेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रहा है। मानव सेवा ही प्रभु सेवा है। इस मूल मंत्र के साथ सेवा न्यास माघ मेला में संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रति वर्ष धार्मिक आध्यात्मिक आयोजन करती है।

मकर संक्रांति पर संत सम्मेलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें जगद्गुरु स्वामी श्री राघवाचार्यजी महाराज, स्वामी अखिलेश्वराचार्यजी महाराज सहित प्रदेश भर के प्रमुख संत समाज से 24 संत पधारे। समारोह में साधु-संतों को न्यास द्वारा दक्षिणा राशि, गरम शॉल एवं स्मृतिचिह्न के रूप में माँ अन्नपूर्णा देवी व भगवान् धन्वंतरि का चित्र भेंट किया गया। अपने संबोधन में जगद्गुरु घनश्यामाचार्यजी महाराज ने कहा कि जो इस मेले में माँ गंगा की कृपा रूपी माला ग्रहण करता है; वह मालामाल हो जाता है। उन्होंने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास अनेकानेक प्रकार के समाज-सेवा कार्य कर करके अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत कर रहे हैं। वे जरूरतमंद भक्तों को श्रवण मशीन और चश्मा वितरित कर अति पुनीत कार्य कर रहे हैं। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के परिवार को शुभाशीष देते हुए सभी संतों के साथ स्वामी नारायणाचार्यजी महाराज, स्वामी प्रशांताचार्यजी महाराज ने यूँ ही समाज-सेवा में जुटे रहने का आशीर्वाद दिया।

माघ मेला में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर न्यास के पंडाल में रामकथा का भी आयोजन हुआ, जिसमें कथावाचक पं. राहुलजी महाराज ने सात दिनों तक कथा का वर्णन किया। मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ। कथा में कई राज्यों के साथ ही मध्य प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, सागर, सतना, रीवा सहित लगभग 17 जिलों के श्रद्धालु भीमकुंड महाराज के नेतृत्व में सेवा न्यास पंडाल में उपस्थित रहे।





*संत सम्मेलन में उपस्थित संत एवं महात्माओं को स्मृतिचिह्न व शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित करते न्यास के पदाधिकारी*



*मकर संक्रांति के अवसर पर प्रयागराज में डॉ. रचना मिश्रा, श्रीमती प्रमिला मिश्रा, डॉ. राकेश मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री अनिल अनुरागी श्री विनीत रावत एवं श्री पिंटू अग्रवाल खिचड़ी वितरण करते हुए*



*संत सम्मेलन सम्मान समारोह एवं सामाजिक समरसता भोज का दृश्य*

## कार्यक्रम : श्री राम कथा

**दिनांक : 11 से 19 जनवरी, 2023**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, संगम, प्रयागराज (उ.प्र.)**

सेवा न्यास की ओर से धर्म नगरी प्रयागराज में माघ माहात्म्य कथा एवं श्री राम कथा का आयोजन किया गया, जिसमें पं. राहुल शास्त्रीजी द्वारा दिए गए प्रवचन से आध्यात्मिक धारा प्रवाहित हुई। हजारों की संख्या में कल्पवासियों और श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर पुण्य अर्जित किया। कथावाचक पं. राहुल शास्त्रीजी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सांस्कृतिक उत्थान में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। श्री राम कथा के आयोजन में रामायण से जुड़े प्रसंगों, जैसे श्रीराम विवाह, श्रीरामजी का वनगमन, श्रीराम-निषाद मिलन, श्रीराम-भरत मिलाप के साथ ही राम-रावण युद्ध का प्रसंग सुनकर श्रोता भाव-विभोर होते रहे। कथावाचक पं. राहुल शास्त्री ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रोताओं के बीच धार्मिक धारा प्रवाहित की। हजारों श्रद्धालु भक्तजनों ने पुण्यलाभ अर्जित किया।




*श्रीरामकथा में उपस्थित कथावाचक एवं श्रद्धालु, आशीर्वचन देते श्री श्री 1008 स्वामी संकर्षणाचार्यजी महाराज (भीमकुंड)*



*श्रीरामकथा का श्रवण करते कल्पवासी श्रद्धालु भक्तगण*

## कार्यक्रम : स्व. बाल आपटेजी स्मृति श्रद्धांजलि सभा

**दिनांक : 18 जनवरी, 2023 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय, सतना (मध्य प्रदेश) में संचालित प्रो. बाल आपटेजी स्मृति नि:शुल्क वाचनालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रेरणास्रोत, संगठन शिल्पी तथा भाजपा संसदीय बोर्ड के पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रो. बाल आपटेजी की 84वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पण कर नमन किया गया।

इस अवसर पर उनके जीवन-चरित व विचारों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके जैसे व्यक्ति बिरले ही पैदा होते हैं। नई पीढ़ी के लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश की सेवा में लग जाना चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की कार्य-पद्धति गढ़नेवाले स्व. आपटेजी को विनम्र श्रद्धांजलि।







*प्रो. बाल आपटेजी की 84वीं जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती अर्चना पटेल, श्रीमती सीलम सैनी*





*प्रो. बाल आपटेजी की 84वीं जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता श्री महेंद्र तिवारी, श्री अजय मिश्रा, श्री शिवा पटेल, श्री नितिन तिवारी आदि।*

## कार्यक्रम : श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह

**दिनांक : 20 से 27 जनवरी, 2023**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2,**
**दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, संगम, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

न्यास की ओर से धर्मनगरी प्रयागराज में माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम, प्रयागराज (उ.प्र.) श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसमें पं. राहुल शास्त्रीजी द्वारा दिए गए प्रवचन से आध्यात्मिक धारा प्रवाहित हुई। सात दिनों तक चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कल्पवासियों और श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य अर्जित किया। कथावाचक पं. राहुल शास्त्रीजी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सांस्कृतिक उत्थान में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में भागवत के महत्त्व एवं विविध विषयों से जुड़े प्रसंगों, जैसे भगवान् श्री कृष्ण से संबंधित प्रसंग सुनकर श्रोता भाव-विभोर होते रहे। कथा वाचक पं. राहुल शास्त्री ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रोताओं के बीच धार्मिक धारा प्रवाहित की। हजारों श्रद्धालु भक्तजनों ने पुण्य लाभ अर्जित किया।



*भागवत कथा वाचन करते पं. राहुल शास्त्री एवं श्रद्धालु भक्तगण*



## कार्यक्रम : क्षेत्रीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट (दस दिवसीय)

**दिनांक : 22 जनवरी, 2023 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में 20 जनवरी से शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्‌घाटन हुआ। इसमें नौगाँव नगरपालिका अध्यक्ष श्री अनूप तिवारीजी, पार्षद श्री मुरारी जाटव एवं आयोजन कमेटी के सदस्य उनके साथ रहे। खेल परिसर में उपस्थित होते ही सबसे पहले पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्‌दाजी की प्रतिमा पर अध्यक्षजी के द्वारा पुष्पांजलि की गई। इसके उपरांत दोनों टीमों ईसानगर एवं सहानियाँ के मैच का टॉस कराया गया, जिसमें वे उपस्थित रहे। आयोजन कमेटी के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर को देख करके नगरपालिका अध्यक्ष महोदय ने कहा कि ग्रामीण स्तर में इस तरह का स्टेडियम कहीं भी उपलब्ध नहीं है। यह महोबा जिले एवं आसपास के क्षेत्रों का पहला स्टेडियम है, जो पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्राजी के अथक प्रयासों से ही संभव हो सका है। आगे ग्रामवासियों को खेल ग्राउंड में और भी उनके द्वारा बहुत बड़ी खुशखबरी प्राप्त होगी।

ग्राम सहानियाँ एवं ईसानगर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। नौगाँव नगरपालिका अध्यक्ष ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं व खेल भावना से कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री प्रवीण दुबे, श्री नरेंद्र तिवारी, श्री अजय खरे, श्री मान सिंह राजपूत, श्री राम प्रकाश राजपूत, श्री प्रतिपाल सिंह परिहार, श्री हैप्पी राजा, श्री नाती राजा, श्री पुष्पेंद्र कुशवाहा, श्री कल्लू कुशवाहा, श्री राम कुमार कुशवाहा, श्री गोपाल राजपूत, श्री मनोज तिवारी, श्री बाबू पंडितजी, श्री नारायण अनुरागी सहित सैकड़ों ग्रामवासियों ने मैच का आनंद लिया।






पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में दद्दाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते श्री अनूप तिवारी (अध्यक्ष, नगरपालिका, नौगाँव)






क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि नौगाँव नगरपालिका अध्यक्ष श्री अनूप तिवारीजी व बैटिंग करते हुए।

# कार्यक्रम : नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती

**दिनांक : 23 जनवरी, 2023 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में श्री कमलेश्वर अग्रवाल एवं श्री महेंद्र तिवारीजी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नेताजी को नमन किया व उनके बताए मार्ग पर या चलने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि श्री कमलेश्वर अग्रवाल ने कहा कि देश की आजादी के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 'आजाद हिंद फौज' के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम को ताकत दी थी। सेवा न्यास कार्यालय प्रमुख श्री महेंद्र तिवारी ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए थे। उन्होंने नारा दिया था कि 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा!'

सेवा न्यास कार्यकर्ता श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 'आजाद हिंद फौज' की स्थापना की थी। कार्यकर्ताओं ने 'भारतमाता की जय, 'वंदे मातरम्' के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया व न्यास के कार्यकर्ता श्री नितिन मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री महेंद्र तिवारी, श्री राजेश त्रिपाठी नोल, श्री नितिन मिश्रा, श्री शिवा पटेल, श्री अरुण सैनी, श्री अभिषेक सेन, श्री सुभाष गुप्ता एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री नितिन मिश्रा, श्री महेंद्र तिवारी सिंधी, श्री राजेश त्रिपाठी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए*

## कार्यक्रम : गणतंत्र दिवस समारोह

**दिनांक : 26 जनवरी, 2023 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के मुख्यालय पर 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने उत्सव मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि सतना जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल.एल. तिवारीजी ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद सभी अतिथियों को न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र का गणतंत्र दिवस महोत्सव का उद्‍बोधन प्रसारित किया।

आजादी के 'अमृत महोत्सव' के अवसर पर, गणतंत्र दिवस पर भारतमाता का चित्र सभी आगंतुकों को भेंट किया गया। सेवा न्यास कार्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती अर्चना पटेल, श्रीमती मधु बाल्मीकि ने देवी गीत प्रस्तुत किए। श्री बलराम गुप्ता, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने देशभक्ति गीत गायन किया। कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि से तालियाँ बजाकर खुशी का इजहार किया व 'वंदे मातरम्', 'भारतमाता की जय', 'माता सरस्वती' के जयकार से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

सेवा न्यास के समस्त कार्यकर्ताओं ने सामूहिक देशभक्ति गीत, झंडा ऊँचा रहे हमारा``विजयी विश्व तिरंगा प्यारा``गायन किया। राष्ट्रगीत गाते हुए तिरंगे ध्वज को सलामी दी गई।

सेवा न्यास के मुख्यालय भवन नेह निकुंज, बम्हनगवाँ रीवा रोड, सतना को रंगोली एवं गुब्बारों से सजाया गया। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए भारतमाता एवं डॉ. हेडगेवार एवं परम पूज्य 'श्रीगुरुजी' के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया व श्री अनिल सैनी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण व तिरंगा बैच सभी को भेंट किए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल.एल. तिवारी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री महेंद्र तिवारी, श्री शिवा पटेल, श्रीमती अर्चना पटेल, श्री संजीता सैनी, श्रीमती प्रीति त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्री सीलम सैनी, श्री नितिन मिश्रा, श्री गोपाल बाल्मीकि, श्री बलराम गुप्ता, श्री करुणेश अनुरागी, श्री लवकुश सिंह बघेल, श्री अरुण सैनी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।







*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के मुख्यालय पर*
*74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम*






*गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतमाता का चित्र वितरण एवं रंगोली बनाती सेवा न्यास की बहनें*

## कार्यक्रम : यज्ञोपवीत संस्कार समारोह

**दिनांक : 26 जनवरी, 2023 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2,**
**दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

प्रयागराज माघ मेला में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर श्री श्री 1008 स्वामी संकर्षणाचार्यजी महाराज के आशीर्वाद से 90 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास धर्म व सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करता है। सेवा न्यास का उद्देश्य भूले हुए संस्कारों को पुनः स्थापित करने के लिए कार्य चल रहा है। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि सनातन परंपरा में उपनयन संस्कार, विविध विद्वानों ने गायत्री मंत्रोच्चार के बीच किया। श्री दिलीप चौरसिया व उनकी पत्नी श्रीमती रीता चौरसियाजी ने संस्कार पूर्ण करने में सहयोग किया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा देने हेतु यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित करता है।

तीन धागे वाले जनेऊ धारण करनेवाले व्यक्ति को आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करना होता है। जनेऊ के तीन धागे को देव ऋण, पितृ ऋण और ऋषि ऋण का प्रतीक माना जाता है। इसे सत्त्व, रज और तम और तीन आश्रमों का भी प्रतीक माना जाता है। विवाहित व्यक्ति या फिर कहें गृहस्थ व्यक्ति के लिए छह धागों वाला जनेऊ होता है। इन छह धागों में से तीन धागे स्वयं के और तीन धागे पत्नी के लिए माने जाते हैं।

माघ मेला प्रयागराज में सेवा न्यास शिविर में पं. राहुल शास्त्रीजी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सांस्कृतिक उत्थान में विशिष्ट भूमिका का निर्वहन कर रहा है। बटुक यज्ञोपवीत संस्कार में कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, भदोही, दमोह, सागर, पन्ना, छतरपुर, सतना, रीवा, सीधी व उमरिया जिले के बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार त्रिवेणी तट पर हुआ। इस अवसर पर बटुकों के परिवारजन अपने बच्चों को यज्ञोपवीत संस्कार हेतु पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास पंडाल में पहुँचकर सम्मिलित हुए। सभी को भंडारे में प्रसाद वितरण हुआ।



*गुरु-शिष्य परंपरा*



*यज्ञ करते नव बटुक*





*सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार से संस्कारित हुए बटुक एवं भेंट प्रदान करते श्री दिलीप चौरसिया (प्रयागराज) एवं श्रीमती रीता चौरसिया*

## कार्यक्रम : 22वाँ, मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप (मेदांता द मेडिसिटी, गुरुग्राम)

**दिनांक : 01 एवं 02 फरवरी, 2023**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2, दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित माघ मेला शिविर में कल्पवासियों के लिए मेदांता द मेडिसिटी, गुरुग्राम द्वारा नि:शुल्क दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अतिथियों ने सेवा न्यास के प्रेरणास्रोत पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी एवं श्रीमती शांति मिश्रा बाईजी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मेडिकल कैंप का विधिवत् शुभारंभ किया।

समाज-सेवा में अपने अनुपम योगदान व अपने संकल्प और पुण्य का उजाला फैलाने में लगातार सफल हो रहा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास अद्वितीय कार्य कर रहा है। उक्त विचार श्री वी. वी. पंत, कमिश्नर (प्रयागराज) ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राकेश मिश्र ने की, जबकि श्री पी.एल. तंतुवाय विशिष्ट अतिथि रहे। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह, श्री वी.वी. पंत कमिश्नर, प्रयागराज, विधायक श्री पी.एल. तंतुवाय, पूर्व विधायक श्री संजय गुप्ता का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मेडिकल कैंप का निरीक्षण किया और साधु-संतों व कल्पवासियों से कुशल-क्षेम पूछी। श्री श्री 1008 श्री स्वामी संकर्षणाचार्यजी ने कहा कि सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी द्वारा कल्पवासियों के लिए कुछ दिनों पूर्व श्रवण यंत्र साधु-संतों को प्रदान किए थे। जो साधु-संत प्रभु की कथा श्रवण नहीं कर पाते थे, ऐसे साधु-संतों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। उन सबकी ओर से पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास को साधुवाद देता हूँ एवं नि:शुल्क नेत्र शिविर के माध्यम से कल्पवासियों, साधु-संतों, जरूरतमंदों के लिए चश्मा प्रदान किया गया। जो प्रभु की कथा का वाचन पढ़ नहीं पाते थे, ऐसे सभी साधु-संतों व कल्पवासियों की ओर से मैं दद्दा एवं बाई के चरणों में शत-शत नमन करता हूँ।

प्रयागराज कुंभ मेला कल्पवासियों साधु-संतों के लिए आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में विश्व प्रसिद्ध मेदांता हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर जनसमुदाय को उचित जाँच के साथ बहुमूल्य चिकित्सा सलाह दी। पहले दिन शिविर में मेदांता मेडिसिटी हेल्थ टीम गुरुग्राम द्वारा कुल 1048 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ

प्रदान किया गया। अत्याधुनिक बस में विभिन्न जाँचें कराई गईं। पीएफटी-150, शुगर की जाँच-289, बीपी-359, एचबीए1 सी-276, एक्स-रे-112 हुए। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा यह 22वाँ स्वास्थ्य शिविर है। इसमें दवाइयाँ और अन्य उपयोगी चिकित्सा उपकरणों का वितरण भी नि:शुल्क किया गया।

शिविर में मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम के डॉ. राहुल यादव, डॉ. अभिनव कुमार, डॉ. विजय वालियांन, श्री शौर्य डोभालजी, श्री कुलदीपजी, श्री जितेंद्र, श्री बल्लू, श्री बलवंतजी, आलोकजी, श्री बृजेशजी, श्री प्रीतिजी वारो, प्रशांतजी, श्री अमृतलाल के साथ पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी बहुमूल्य सेवाएँ दीं। कैंप में डॉ. एल.एस. ओझाजी, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के अस्पताल के प्रशिक्षुओं ने मरीजों के साथ सहयोग करने में अहम भूमिका अदा की। सेवा न्यास की गतिविधियों के बारे में सेवा न्यास कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह ने विस्तार से बताया एवं कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं एवं आभार श्री दिलीप चौरसियाजी ने व्यक्त किया।

शिविर के आयोजन में अपनी विशेष भूमिका देनेवालों को शॉल, प्रमाण-पत्र व स्मृतिचिह्न प्रदान किए गए। सभी सफाई कर्मचारियों को कंबल प्रदान किए गए। भीमकुंड आश्रम से नारायण आचार्य, श्री धर्मेंद्र दुबेजी, श्री प्रेम नारायण पांडे, श्री सुरेंद्र शुक्ला, श्री रामप्रसाद स्वामी, श्री छोटू उपाध्याय, श्री हिमांशु पाठक, श्री भूपेंद्र पांडे, श्री कन्हैया लाल दुबे, श्री विवेक शुक्ला, श्री प्रदीप पांडे, श्री आशु तिवारी, श्री रूपेश पांडे, श्री सार्थक त्रिवेदी, श्री करण मिश्रा, श्री शोभित मिश्रा, श्री शुभम शुक्ला, श्री शुभम तिवारीजी के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने समर्पित भाव से कैंप को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत किया, उन्हें स्मृति चिह्न, दुपट्टा पहनाकर अतिथियों का सम्मान किया गया।

**( मेदांता द मेडिसिटी, गुरुग्राम के सौजन्य से )**
**नि:शुल्क 22वाँ, 'मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप'**
**स्थान : माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2,**
**दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, संगम, प्रयागराज ( उ.प्र. )**
**( 1 एवं 2 फरवरी, 2023 लाभार्थी कल्पवासी एवं साधु-संतों का विवरण )**

| **क्र.** | **विभाग** | **डॉक्टर का नाम/विशेषज्ञ** | **मरीज** |
|---|---|---|---|
| 1 | श्वसन रोग विशेषज्ञ | डॉ. राहुल यादव | 389 |
| 2 | हृदय रोग विशेषज्ञ | डॉ. विनय बालियान | 465 |
| 3 | ई.एन.टी. विशेषज्ञ | डॉ. एस.एल. ओझा | 112 |
| 4 | नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ | डॉ. शशांक ओझा | 214 |
| 5 | नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ | डॉ. दीप्ति ओझा | 280 |
| 6 | नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ | डॉ. अशोक अग्रवाल | 314 |
| 7 | नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ | डॉ. कपिल यादव | 246 |
| 8 | नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ | डॉ. सुनील ओझा | 192 |
| 9 | नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ | डॉ. विकल्प त्रिपाठी | 234 |
| | **कुल योग** | | **2446** |

कुल परीक्षण किए गए—

| **क्र.** | **परीक्षण** | **मरीज** |
|---|---|---|
| 1 | ई.सी.जी. | 190 |
| 2 | एक्स-रे | 112 |
| 3 | एचबीए 1 सी | 276 |
| 4 | ब्लड प्रेशर | 320 |
| 5 | शुगर | 289 |
| 6 | बी.एम.डी. | 150 |
| 7 | ई.एन.टी. | 965 |
| 8 | पी.एफ.टी. | 150 |
| | **कुल योग** | **2452** |




*आधुनिक संपूर्ण सुविधायुक्त चल चिकित्सालय*



*मंत्री, उ.प्र. सरकार के श्री दयाशंकर सिंह का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक साथ में न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*



*प्रयागराज माघ मेला में 22वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित अतिथिगण श्री दयाशंकर सिंह, परिवहन मंत्री, स्वामी संकर्षणाचार्यजी महाराज, डॉ. एल.एस. ओझा, श्री लाल बहादुरजी (पूर्व विधायक) श्री पी.एल. तंतुवाय (विधायक), श्री विजय नारायण मिश्र (एस.एस.पी., माघ मेला) एवं मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों की टीम*

## कार्यक्रम : क्षेत्रीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट (समापन)

**दिनांक : 03 फरवरी, 2023 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र स्टेडियम में ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इसका समापन हो गया। इस टूर्नामेंट में 32 ग्रामीण टूर्नामेंट में भाग लिया और फाइनल में लुगासी ने मऊसहानिया के बीच मैच हुआ और लुगासी ने अपने नाम खिताब जीत लिया। जिसमें लुगासी की टीम विजेता रही और मऊ सानिया की टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि के तौर पर आए पूर्व विधायक श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक उर्फ गुड्डन पाठक ने पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पहुँचे और मैच का आनंद लिया। विजेता टीम को एक बड़ी सी ट्रॉफी और 11 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। उप विजेता टीम को पाँच हजार की नकद राशि दी गई। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि स्टेडियम में खेलकूद की गतिविधियों का होना अपने आप में बहुत अच्छी बात है। इससे धीरे-धीरे बच्चों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ी है। अपने शरीर के स्वास्थ्य को लेकर की रुचि बढ़ी है। शरीर को फिट रखने के प्रति खेल इंडिया फिट इंडिया के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी का जो आह्वान है, उसको पूरा करने में जनता की रुचि बढ़ी है। नौजवानों की रुचि बढ़ी है। यह अच्छी बात है कि बुंदेलखंड के बच्चे भी हमारे चयनित होने लगे हैं, चाहे वह सेना का मामला हो, चाहे पुलिस का मामला हो दोनों जगह मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में।




*खेल परिसर में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में दद्दाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते अतिथि*




खेल परिसर में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता को ट्राफी देते अतिथि



खेल परिसर में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ी




खेल परिसर में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में कंबल वितरण करते न्यास के
श्रीमती आशा रावत (सचिव) एवं अन्य सहयोगी

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण कार्यक्रम

**दिनांक : 4 फरवरी, 2023 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : वार्ड नं. 8, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नियमित रूप से चलाए जा रहे 'अपना सपना-हरा-भरा सतना' अभियान के तहत वार्ड नंबर 8 में वृक्षारोपण किया गया। पार्षद श्रीमती मंजू गणेश यादवजी द्वारा अपनी नातिन के जन्मोत्सव के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की मदद से पौधे लगवाए गए। श्री पवन गुप्ता समेत अनेक लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे। नारायण प्रसाद बडोलियाजी के स्वर्गवास हो जाने पर उनकी स्मृति में वृक्षारोपण किया गया।




*श्री सुनील यादव, श्री शिवा पटेल, श्री शिवम बढ़ोलिया, श्रीमती मनीषा सिंह, वृक्षारोपण करते व सहयोग राशि लेते हुए।*



*वार्ड नं. 8, सतना में वृक्षारोपण कार्यक्रम का पंजीयन करते श्री सुनील यादवजी घर-घर जनजागरण करते हुए*

## कार्यक्रम : ग्रामीण बैडमिंटन टूर्नामेंट

**दिनांक : 3 से 9 फरवरी, 2023**

**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा ग्रामीण बैडमिंटन एवं टूर्नामेंट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसके तहत 14 वर्ष के बच्चों के बीच टूर्नामेंट का सफल आयोजन हुआ। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की 16 टीमों ने भाग लिया। यह आयोजन पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा में किया गया।




*ग्रामीण बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ी का सम्मान करते हुए*



*ग्रामीण बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ी अपना कौशल दिखाते हुए*

## कार्यक्रम : खिलाड़ियों एवं छात्रों को पुरस्कार एवं सामग्री वितरण

**दिनांक : 19 फरवरी, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ धाम', धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में गत दिनों हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह का आयोजन महाशिवरात्रि पर्व पर किया गया। इसके माध्यम से उनकी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में बच्चों को लेखन-पठन सामग्री वितरित की गई। मुख्य रूप से बैग, कॉपी, पेन का वितरण, माँ अन्नपूर्णा की तसवीर, टी-शर्ट आदि का वितरण 25 से अधिक बच्चों को किया गया। ग्रामीणों को भी टी-शर्ट एवं अन्नपूर्णा माँ का चित्र भेंट किया गया।

इस मौके पर भीमकुंड धाम के पीठाधीश्वर श्री संकर्षणाचार्यजी महाराज, श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक पूर्व विधायक, डॉ. राकेश मिश्र, कर्मयोगी श्री संतोष गंगेलेजी, डॉ. रचना मिश्रा, श्रीमती रेखा अवस्थी एवं श्रीमती आशा रावत (सचिव) सहित, सैकड़ों ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीराम रिछारिया ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्री प्रद्युम्न प्रताप सिंह राठौर रिंकू ने किया।




*पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान एवं बच्चों को लेखन-पठन सामग्री वितरण के दृश्य*



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान एवं बच्चों को लेखन–पठन सामग्री वितरण के दृश्य*



## कार्यक्रम : जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**दिनांक : 25 एवं 26 फरवरी, 2023**

**कार्यक्रम स्थल : श्री वेंकटेश मंदिर, मुख्तयार गंज, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित श्री वेंकटेश मंदिर में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेश चतुर्वेदी 'पालन' (स्पीकर नगर निगम सतना) एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा न्यास की प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। स्पीकर श्री राजेश चतुर्वेदी पालन ने कहा कि जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा किया जा रहा है, जिसके माध्यम से युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने का काम होगा। आनेवाले समय में उन प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में उन्हें स्थान दिलाना है। सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि सेवा न्यास के मार्गदर्शक परम पूज्य दादाजी के सपनों को साकार करने के लिए हम सब दद्दाजी की प्रेरणा से हमेशा से ही ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का काम करते रहे हैं। सतना महापौर श्री योगेश ताम्रकारजी ने खेल मैदान पहुँचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों के लिए सतना शहर की ओर से धन्यवाद दिया। महापौर का स्वागत अंगवस्त्र व स्मृतिचिह्न देकर श्री रविशंकर द्विवेदीजी ने उन्हें सम्मानित किया।

मेहुती, मझगवाँ, चिरौंदी, आई.टी.आई., बांधी, बगहा, वेंकटेश क्लब, भुमकहर, चूंद करही, नयागाँव, वाराकला, खुटहा, डगडीहा, वीरनई, पुलिस टीम, पीजी कॉलेज की टीमों ने आज के मैच खेलकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित श्री वेंकटेश मंदिर में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री कमल पटेलजी (कृषि मंत्री, मध्य प्रदेश शासन) एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री अनुराग वर्मा, कलेक्टर, खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल एवं अध्यक्षता सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास की गतिविधियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि अपना सतना खेलों में विशिष्ट स्थान बनाए, इसीलिए सेवा न्यास खेलकूद प्रतियोगिताओं का हर वर्ष आयोजन करता है। यह दूसरे वर्ष जिला वालीवॉल टूर्नामेंट हो रहा है।

कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि दद्दाजी एवं बाई के चरणों में नमन करता

हूँ। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा खेल-प्रेमियों के लिए सतना में वॉलीबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित वेंकटेश क्लब की पूरी टीम ने अतिथियों को श्रीफल, स्मृति चिह्न, नगद राशि से सम्मानित किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तदुपरांत फाइनल मैच मेहुती क्लब और नयागाँव के बीच वॉलीबॉल का रोमांचक मैच खेला गया।

जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय होता है, जिसमें प्रमुख रूप से पूल 'ए' में ग्राम मेहुती व पुलिस टीम, आई.टी.आई. व हीरोदी, पूल 'बी' में चूंद व नयागाँव, बाराकला व मैहर, पूल 'सी' मे बांधी व बगहा, वेंकटेश क्लब पूल 'डी' में खुटहा व वेंकटेश क्लब ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' सत्यम कुशवाहा एवं 'मैन ऑफ द मैच' सचिन सिंह को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम को नगद राशि, ट्रॉफी बैग एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट खिलाड़ियों के रूप में सचिन, अनुराग, पी.एस., सौरव सिंह, चंदन सिंह संकल्प एवं विश्वास के उत्कृष्ट खेल से टीम ने विजयश्री हासिल की।

उप-विजेता टीम के सत्यम कुशवाहा, सौरभ सिंह, मोहित सिंह, जितेंद्र साहू, आशुतोष सिंह, विपिन द्विवेदी एवं राम बिहारी कुशवाहा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सेवा न्यास की ओर से ट्रॉफी, नकद राशि, बैग एवं प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया।

वेंकटेश क्लब के श्री रवि शंकर द्विवेदी ने बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित वेंकटेश क्लब के माध्यम से युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने व उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

सेवा न्यास के कृष्णा पांडे, डॉ. एस.सी. राय, श्री अजय मिश्र, श्री राजीव व्यास, श्री कामता पांडे संजय अग्रवाल, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, श्रीमती डौली शर्मा, श्री गोपाल श्रीमती मधु वाल्मीकि, श्री महेंद्र तिवारी, श्री सुनील यादव, श्री डोला सोनी, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्री नितिन मिश्रा, श्री शिवम शुक्ला, श्री शिवा पटेल, श्रीमती प्रीति त्रिपाठी, श्रीमती सीलम सैनी, श्री अनुराग तिवारी, श्री करुणेश अनुरागी, श्री सजय गुप्ता, श्री बबलू त्रिपाठी, श्री दिनेश द्विवेदी, श्री अतुल सिंह, श्री आनंद नारायण शुक्ला, श्री बाबूलाल पांडेय, श्री अजय द्विवेदी, श्री लालन सिंह, श्री आशीष तिवारी एवं जिले भर के खेल-प्रेमी इस मौके पर उपस्थित रहे।






जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में उपस्थित श्री योगेश ताम्रकार, श्री अजय मिश्रा, श्री रविशंकर द्विवेदी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्री नितिन मिश्रा, श्रीमती सीलम सैनी



वॉलीबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि श्री योगेश ताम्रकार (महापौर, सतना) श्री पालन चतुर्वेदी (अध्यक्ष नगरपालिका निगम, सतना)




जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भाग लेनेवाली टीमों से परिचय प्राप्त करते श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर, सतना) एवं डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष)




श्री कमल पटेल, मंत्री, मध्य प्रदेश, श्री ज्ञानेश्वर पाटिल (सांसद खंडवा), श्री अनुराग वर्मा सहित अतिथियों को सम्मानित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी






*खिलाड़ी को सम्मानित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र,*
*श्री राजीव व्यास, मा. कमल पटेलजी का खिलाड़ियों हेतु उद्‌बोधन*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण कार्यक्रम

**दिनांक : 1 मार्च, 2023 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : नारायण तालाब, मुक्तिधाम, हवाई पट्टी, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे 'हरा-भरा सतना अभियान' इस अभियान को गति प्रदान करते हुए स्वर्गीय श्री विनोद अग्रवाल की पुण्यस्मृति में नारायण तालाब मुक्तिधाम हवाई पट्टी में पौधारोपण किया गया।

इस दौरान श्री विपिन अग्रवाल ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे 'हरा-भरा सतना अभियान' द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण की दृष्टि से वृक्षारोपण हमेशा होना चाहिए। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने पूर्वजों की याद में कम-से-कम एक वृक्ष का रोपण अवश्य करें।

श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेंद्र तिवारी, श्री सुनील यादव, श्री नितिन मिश्रा, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता व पर्यावरण प्रेमी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




*वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता श्री सुनील यादव, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती मनीषा पटेल, श्री संजय गुप्ता, श्री नितिन मिश्र, श्री राजेश त्रिपाठी सहित अन्य सेवा कर्ता*





## कार्यक्रम : विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, सतना के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

**दिनांक : 5 मार्च, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेवा न्यास मुख्यालय, 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

नवनिर्वाचित विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा, श्री मनोहर बाधवानी, श्री दीपक अग्रवाल, श्री हरिओम गुप्ता, श्री संदीप जैन को सर्वप्रथम मिष्ठान खिलाकर मुँह मीठा कराया गया। साथ ही नवनिर्वाचित विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के समस्त पदाधिकारियों को माँ अन्नपूर्णा का स्मृतिचिह्न, न्यास की पंचम् पुस्तक, अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के एक दिवसीय प्रवास में सेवा न्यास मुख्यालय में दिनभर बैठकों का दौर चलता रहा। वर्ष की कार्य योजनाओं का बिंदुवार न्यास कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श किया गया एवं भविष्य में होनेवाली न्यास की गतिविधियों की रूपरेखा बनाई गई।

'अपना सपना हरा-भरा सतना' अभियान, महिला स्वास्थ्य अभियान, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, खेलकूद प्रकोष्ठ, मीडिया एवं सोशल मीडिया, साइबर क्राइम, मेदांता नि:शुल्क चेकअप हेल्थ कैंप शिविर, कन्या पूजन, दीपोत्सव, 'कंबल बैंक' अभियान की समीक्षा करते हुए नए कार्यकर्ताओं को नए दायित्व सौंपे गए।

बैठक में प्रमुख रूप से श्री राजीव व्यास, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री अर्जुन तिवारी, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री अजय मिश्रा, श्री सुनील यादव, श्री शिवम बढोलिया, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती शीलम सैनी, श्री नितिन मिश्रा, श्री शिवा पटेल, श्री गोपाल बाबा बाल्मीकि, श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्रीमती अर्चना पटेल, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री अनिल सैनी आदि कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही।





*विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा सहित समस्त पदाधिकारियों को सम्मानित करने के चित्र*



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के साथ नवनिर्वाचित विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजाजी एवं पदाधिकारीगण तथा सेवा न्यास के कार्यकर्ता नेह निकुंज, सतना में*





*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में भविष्य में होनेवाली न्यास की गतिविधियों की वार्षिक रूपरेखा पर विचार-विमर्श*

## कार्यक्रम : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-परिचर्चा एवं सम्मान समारोह : 'जाग्रत् महिला-सशक्त परिवार'

**दिनांक : 12 मार्च, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर 'जाग्रत् महिला-सशक्त परिवार' विषय पर परिचर्चा एवं सिंगल मदर का सम्मान समारोह आयोजन पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम सेवा न्यास की संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्रा एवं भारतमाता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए किया गया।

मंचासीन अतिथियों—डॉ. श्रीमती रेखा माहेश्वरी, प्रो. नीलम रिछारिया, जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती राधा मिश्रा, श्रीमती टी. शोभा रेड्डी प्राचार्या एवं श्रीमती मनीषा सिंह को स्मृतिचिह्न, घड़ी, सेवा न्यास की गतिविधियों पर प्रकाशित पंचम् पुस्तिका एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

श्रीमती मनीषा सिंह ने सेवा न्यास की संपूर्ण गतिविधियों और महिलाओं को सशक्त करने और स्वास्थ्य के संदर्भ में चलाए जा रहे सेवा अभियानों की विस्तार से जानकारी दी। श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि महिलाओं को स्वस्थ एवं सशक्त करने के लिए न्यास द्वारा सतना जिले में जनजागरूकता अभियान चलाकर महिला शक्ति को जागरूक किया जा रहा है।

सेवा न्यास की संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्राजी हमेशा महिलाओं की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए आजीवन कार्य करती रही हैं। उनके सपनों को साकार करने के लिए हम सब सेवा न्यास की बहनें सतना में कार्य कर रही हैं।

सेवा न्यास की संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्राजी सदैव महिलाओं की उन्नति व बराबरी की बात करती थीं। उन्होंने अपनी चारों बेटियों को न केवल उच्च शिक्षा दी, बल्कि घर-परिवार के कार्यों में भी दक्ष किया। खेती-किसानी के परंपरागत कार्यों जैसे—जुताई, बुवाई, घास काटना, गाय दुहना, खेतों पर खाना ले जाना, पानी लगाना, हिसाब-किताब रखना, पूजा-पाठ, संस्कार वर्धन, कहावतों के माध्यम से जीवन की सीख देना, बीमारों की सेवा करना, दूसरों की आगे बढ़कर मदद करना उन्होंने बखूबी सब बच्चों को सिखाया। जिसके परिणामस्वरूप आज उनकी चारों बेटियाँ शिक्षा विभाग में उच्च पदों पर सेवा करते हुए तीन तो सेवानिवृत्त हो चुकी हैं एवं एक डॉ.

रचना मिश्रा प्राचार्या के पद शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नौगाँव में कार्य कर रही हैं।

सेवा न्यास द्वारा मेडिकल कैंप के माध्यम से असाध्य रोगों का नि:शुल्क चेकअप व कैंप में ब्रेस्ट कैंसर की नि:शुल्क जाँच कराई जाती है। उन्हें स्वच्छता अभियान के माध्यम से सैनेटरी पैड वितरण व अन्य जाँचों के लिए सेवा न्यास निरंतर सहयोग करता है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रेखा माहेश्वरी ने कहा कि अगर आपका मन शुद्ध रहेगा व स्वस्थ रहेगा, तब ही हम लोग स्वस्थ समाज की परिकल्पना कर सकते हैं। इसलिए बहनों को मेडिटेशन व योग करना चाहिए, जिससे कि हमारा शरीर स्वस्थ रह सके व तभी हम परिवार को स्वस्थ रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं साइकिल चलाती हैं व नियमित व्यायाम करती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. नीलम रिछारियाजी ने कहा कि आज की नारी शक्ति को इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि पुरुषों को दबाने के बजाय बेटियों को अपनी सहिष्णुता को लेकर हमारी दादी माँ के नुस्खे बताने चाहिए, जोकि खज़ानों में भरा हुआ है। उनसे हमें सीख लेकर दादी माँ की पोटली के माध्यम से नई सदी की सशक्त नारी आत्मनिर्भर नारी को शक्ति प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम में न्यास की बहनों ने आज उसी प्रकार का सम्मान समारोह आयोजित कर शांति मिश्रा (बाईजी) की इच्छा को पूर्ण किया है।

प्राचार्या श्रीमती टी. शोभा रेड्डी (ब्लूमस अकादमी) ने कहा कि हमको अपनी बेटियों को व पुरुषों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हम जाग्रत् होकर समाज व परिवार को लेकर स्वस्थ और स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकते हैं। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की पूरी टीम को ऐसे आयोजन हेतु बहुत-बहुत बधाइयाँ व शुभकामनाएँ।

विशिष्ट अतिथि सतना जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती राधा मिश्रा ने कहा कि शरीर से, मन से, कर्म से बेटियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। 'गुड टच-बैड टच' के संदर्भ में अगर बेटियों का कहीं शोषण हो रहा है तो आप उसकी शिकायत कर सकती हैं। हेल्पलाइन नंबर पर भी बेधड़क संपर्क कर सकती हैं।

'महिला दिवस' के अवसर पर श्रीमती चंदा द्विवेदी, श्रीमती उषा कुशवाहा, श्रीमती मीना चौरसिया, श्रीमती कृष्णा सिंह चौहान, श्रीमती कलावती, एवं श्रीमती सीमा सुखरानी ने जीवन की विपरीत परिस्थितियों में अपने-अपने परिवार का पालन-

पोषण किया एवं अपने बच्चों को उच्च शिक्षा तथा रोजगार सृजन कर सम्मानपूर्वक समाज में स्थान दिलाया, जिन्होंने अकेले होते हुए भी अपने परिवार का ध्यान रखते हुए बच्चों को राष्ट्र-सेवा के लिए भी प्रेरित करने का कार्य किया। ऐसी उपलब्धियाँ देनेवाली जाग्रत् नारी शक्तियों का सम्मान किया गया।

सेवा न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती प्रिया त्रिपाठी ने बताया कि 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' पर आयोजित 'जाग्रत् महिला - सशक्त परिवार' विषय पर परिचर्चा में उपस्थित महिलाओं पर पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया गया। जीवन की विपरीत परिस्थितियों में परिवार का पालन-पोषण करने व राष्ट्र-निर्माण के लिए अपनी बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए सेवा न्यास द्वारा छह महिलाओं को अंगवस्त्र, घड़ी, पुस्तकें व स्मृतिचिह्न प्रदान कर अतिथियों ने सम्मानित किया।

श्रीमती नीलम कुशवाहा ने कार्यक्रम में अपने विचार रखे। उनकी बेटी ऋतंभरा ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। वे गणतंत्र दिवस परेड, दिल्ली में भी काशी हिंदू विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्तुति दे चुकी हैं।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित समारोह में महिलाओं का, महिलाओं द्वारा, महिलाओं के लिए 'महिला दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम अभिनंदनीय है। सभी व्यवस्थाओं में पूरी तरह टेंट, माइक, सजावट, संचालन, फोटो व वीडियोग्राफी, जलपान, पार्किंग तक की सभी व्यवस्थाओं को सेवा न्यास की महिला कार्यकर्ताओं ने सँभाला व इसे सफल बनाकर कीर्तिमान स्थापित किया।

इस कार्यक्रम में सतना की पूर्व महापौर श्रीमती ममता पांडे, श्रीमती इंदिरा सिंह, श्रीमती करुणा तिवारी, श्रीमती चंदा शर्मा, श्रीमती मधु बाल्मिकि, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्रीमती संस्कृति शुक्ला, डॉ. रचना गुप्ता, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती संजीता सैनी, श्रीमती पूर्णिमा गर्ग, श्रीमती अनीता सैनी, श्रीमती रेणुका कुशवाहा, श्रीमती अपर्णा जायसवाल, श्रीमती अलका सिंह, श्रीमती उमा श्रीवास्तव, श्रीमती श्वेता द्विवेदी, श्रीमती मीनाक्षी नेमा, श्रीमती सेजल कनौजिया, श्रीमती सेजल कश्यप, श्रीमती रूपाली वर्मा, श्रीमती मंजुला सिंह एवं सैकड़ों महिला कार्यकर्ता, समाज-सेविकाओं की उपस्थित रही।

सेवा न्यास की सांस्कृतिक अभियान प्रमुख श्रीमती अर्चना शिवा पटेल ने सफल कार्यक्रम का संचालन किया एवं श्रीमती नीलम सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।




*महिला दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन करती (डॉ.) श्रीमती रेखा माहेश्वरी श्रीमती नीलम रिछारिया, श्रीमती टी. शोभरेदु, श्रीमती मनीषा सिंह*




*महिला दिवस कार्यक्रम को संबोधित करती श्रीमती मनीषा सिंहजी एवं श्रीमती अर्चना शिवा पटेलजी*





महिला दिवस कार्यक्रम में सम्मानित महिलाएँ समूह में स्मृति चिह्न प्रदर्शित करते हुए




महिला दिवस परिचर्चा में उपस्थित महिलाएँ




महिला दिवस कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त छात्राएँ व न्यास की कार्यकर्ता बहनें

## कार्यक्रम : वर्ष प्रतिपदा पर वृक्षारोपण व जल-संचय कार्यक्रम

**दिनांक : 22 मार्च, 2023 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 1. परशुराम परिसर, गली नंबर 4, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, धवारी**
**2. संतोषी माता प्रांगण, बिरला रोड, सतना**

नववर्ष 2080 के प्रथम दिवस एवं पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला मिश्र की वैवाहिक वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर पाँच वृक्षों का पौधारोपण किया गया, जिसमें आँवला, पीपल, बरगद, ऊमर एवं कदम का पौधारोपण हुआ। आज परशुराम परिसर धवारी, गली नं. 4, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में एवं संतोषी माता प्रांगण बिरला रोड में पौधारोपण किया गया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने विवाह वर्षगाँठ के अवसर पर कहा कि वृक्ष हमारा जीवन है। वृक्ष है तो कल है। इसलिए हम सभी को अपने-अपने जन्मदिवस के अवसर पर एवं वैवाहिक वर्षगाँठ पर तथा अपने पूर्वजों की याद में वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। पौधों से हमें नई ऊर्जा का संचार होता है। वही पौधे जब बड़े होकर विशाल वृक्ष बनते हैं तो हमारे पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, जिससे हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है। ऑक्सीजन से हमारा जीवन सुरक्षित रहता है। वृक्षारोपण टीम के सुनील यादव ने कहा कि मैं स्वयं नवरात्रि के हर दिन एक वृक्ष लगाकर अपने संकल्पों को पूरा करूँगा। वृक्ष के लालन-पालन की चिंता करूँगा। उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर केक काटें, मिठाई भी बाँटें, लेकिन एक पेड़ लगाकर 1500/- खर्च करके जिंदगी भर के लिए ऑक्सीजन बैंक में जमा कर जिंदगी अवश्य बना लें।

सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि हिंदू नववर्ष के अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन वृक्षारोपण किया जा रहा है। वृक्ष व त्योहार दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। आप सभी से आग्रह है कि आइए, पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए कम-से-कम एक पौधारोपण अवश्य करें। पानी को बरबाद न करें!

श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि श्री विनोद अग्रवालजी की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र श्री विपिन अग्रवाल द्वारा पौधारोपण किया गया। नेह निकुंज बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना में रंगोली, बंदनवार, गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएँ एक-दूसरे को दी गईं। डॉ. हेडगेवारजी की जयंती पर उनको नमन किया गया।

श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेंद्र तिवारी, श्री नितिन मिश्रा, श्री सुनील यादव, श्री शिवा पटेल, श्री जयप्रकाश मिश्रा, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्री

करुणेश अनुरागी, श्री अनिल पटेल, श्रीमती कृष्णा सोनी, श्रीमती शारदा प्रसाद सोनी, श्री विपिन अग्रवाल एवं न्यास के अनेक कार्यकर्ता व शहर के गण्यमान्य नागरिक इस अवसर पर उपस्थित रहे।











*वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेंद्र तिवारी, श्री नितिन मिश्रा, श्री सुनील यादव, श्री शिवा पटेल, श्री जयप्रकाश मिश्रा, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्री करुणेश अनुरागी, श्री अनिल पटेल, श्रीमती कृष्णा सोनी, श्रीमती शारदा प्रसाद सोनी एवं श्री विपिन अग्रवाल*

## कार्यक्रम : चैत्र नवरात्रि पर वृक्षारोपण

**दिनांक : 22 से 30 मार्च, 2023**

**कार्यक्रम स्थल :**
1. बैंक कॉलोनी भरहुत नगर, सतना ( म.प्र. )
2. प्राथमिक पाठशाला सिद्धार्थ नगर, सतना ( म.प्र. )
3. दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर धवारी, सतना ( म.प्र. )
4. संतोषी माता मंदिर परिसर, सतना ( म.प्र. )
5. सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क, बिरला मार्ग, सतना ( म.प्र. )
6. यादव पेट्रोल पंप के पीछे, शिव चौक, सतना ( म.प्र. )
7. सिंधी कैंप, सतना ( म.प्र. )
8. स्वामी पार्क, सतना ( म.प्र. )
9. भरहुत नगर पार्क, सतना ( म.प्र. )

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नौ दिनों तक विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के तहत अलग-अलग नौ स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान लोगों को विशेष अवसर एवं पर्व-त्योहारों पर पौधा लगाने की अपील की गई। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि वृक्ष हमारा जीवन है। वृक्ष है तो कल है। इसलिए हम सभी को अपने-अपने जन्म दिवस के अवसर पर एवं वैवाहिक वर्षगाँठ पर, अपने पूर्वजों की याद में वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। पौधों से हमें नई ऊर्जा का संचार होता है। वही पौधे जब बड़े होकर विशाल वृक्ष बनते हैं तो हमारे पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, जिससे हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है। ऑक्सीजन से हमारा जीवन सुरक्षित रहता है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर में हरियाली लाने और प्रदूषण मुक्त करने के लिए 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान चलाकर पर्यावरण एवं जल संरक्षण सेवा न्यास के प्रेरणास्रोत परम पूज्य दद्दाजी के सपनों को साकार किया जा रहा है।

नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायियों ने सेवा न्यास से प्रेरणा लेकर अपने पुत्र के जन्मदिवस व पूर्वजों की याद में वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

'अपना सपना, हरा-भरा सतना' से प्रेरणा लेकर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अविश श्रॉफ ने अपनी माताजी की स्मृति में, लेखराज ने अपने पिताजी स्व. मेठालाल की स्मृति में, अजय इलेक्ट्रॉनिक के संचालक साहिल ने अपने पिताजी की स्मृति में, महीप शाह ने अपने पुत्र धर्मिल शाह के जन्मदिन के उपलक्ष में, चौरसिया पेट्रोल पंप के संचालक आशीष तिवारी ने अपने पिताजी जगन्नाथ प्रसाद तिवारी की स्मृति में, घराना फर्नीचर के संचालक ने अपने माता-पिता आशा-बृजलाल की स्मृति में,

सीताराम पेट्रोल पंप के संचालक आशीष चौदहा के द्वारा अपने पिताजी की पुण्य तिथि के अवसर पर सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान में जोड़ा।

सेवा न्यास ने नारा दिया है कि 'चलो चलें हम पेड़ लगाएँ, धरती पर हरियाली लाएँ', इसे चरितार्थ करते हुए यह आयोजन चल रहा है।

बैंक कॉलोनी भरहुत नगर, प्राथमिक पाठशाला सिद्धार्थ नगर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर धवारी, संतोषी माता मंदिर परिसर, सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क बिरला मार्ग, यादव पेट्रोल पंप के पीछे, शिव चौक, सिंधी कैंप, स्वामी पार्क में भरहुत नगर पार्क में 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण करते हुए जन-जागरूकता के माध्यम से नगरवासियों को प्रेरित किया गया।

सेवा न्यास द्वारा 5 फीट का पौधारोपण, ट्री गार्ड सहित लगाया जाता है। रोपण किए गए पौधों में ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा 5 वर्षों तक उसमें खाद, मिट्टी और पानी डाला जाता है, साथ ही सतना नगर को 9 जोनों में बाँटा गया है। प्रत्येक दिन ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा रोपण किए गए पौधों की साफ-सफाई, मिट्टी, खाद, डाली जाती हैं, वृक्षों की सेवा की जा रही है।

श्रीमती मनीषा सिंह, श्री सतीश सुखेजा, श्री महेंद्र तिवारी, श्री जे.पी. गुप्ता, श्री शिवा पटेल, श्रीमती अर्चना पटेल, श्रीमती मधु गोपाल बाल्मिक, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती शारदा तिवारी, श्री नितिन मिश्रा, श्री सुनील यादव, श्री बृजेश सिंह, श्री सेजल कनौजिया, श्री अनुराग तिवारी, श्री शिवम बढ़ोलिया, श्री धर्मेंद्र सिंह, श्री अनिल सैनी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता, स्थानीय विशिष्ट जन उपस्थित रहे।







*चैत्र नवरात्रि में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण*

## कार्यक्रम : श्रीराम नवमी शोभायात्रा व निःशुल्क पौधा वितरण

**दिनांक : 30 मार्च, 2023 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : न्यास मुख्यालय, 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने सेवा न्यास मुख्यालय सतना में बड़ा श्रीराम मंदिर का मॉडल स्थापित किया। बड़ी संख्या में सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने पूजन कार्य में सहभागिता की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सतीश शर्माजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि हमारे शहर में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा लगातार वृक्षारोपण व ग्रीन एंबुलेंस द्वारा विशेष आयोजन किया जा रहा है। भगवान् राम वनवासी राम से मर्यादा पुरुषोत्तम राम बने। इसमें जो भूमिका प्रकृति-प्रेम की बनी, आज वही सतना में डॉ. राकेश मिश्रजी के मार्गदर्शन में उनकी टीम कर रही है। इसके पूर्व सभी कार्यकर्ताओं को डॉ. राकेश मिश्र, श्री करुणेश अनुरागी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती अर्चना पटेल, श्रीमती मधु वाल्मीकि ने तिलक लगाकर व अंग वस्त्र पहनाकर सभी का स्वागत किया।

शोभायात्रा के शुभारंभ में सर्वप्रथम मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामजी की आरती उतारी और भगवान् का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान पर्यावरण संरक्षण के उद्‌देश्य से नगर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए वृक्षों के महत्त्व को समझाते हुए प्रत्येक तीज-त्योहार में वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाया।

'अपना सपना, हरा-भरा सतना' के अंतर्गत ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से पौधों की पाँच वर्षों तक देखरेख की जाती है। सेवा न्यास द्वारा 'चलो चलें हम पेड़ लगाएँ, धरती पर हरियाली लाएँ' गीत पूरे समय बजता रहा। पर्यावरण संरक्षण को गति प्रदान करने के उद्‌देश्य से ही सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामजी की शोभायात्रा का शहर के विभिन्न मार्गों से होकर सुभाष पार्क राम जानकी मंदिर में समापन हुआ।

श्रीराम नवमी की ऐतिहासिक शोभायात्रा में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने पाँच सौ वृक्ष नि:शुल्क वितरित किए।

शोभायात्रा में एक कार्यकर्ता वृक्ष बना हुआ था और पेड़ का महत्त्व बताते हुए संदेश लिखी हुई पट्टी लगाकर चल रहे थे। जिन पौधों का वितरण किया गया, जिसमें आँवला, नीम, अमरूद, आम, पीपल, बरगद कदम एवं कई प्रकार के पौधों शामिल

रहे। इनका वितरण करते हुए आम नगरवासियों में वृक्षारोपण करने एवं उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया।

पर्यावरण-प्रेमियों ने सेवा न्यास द्वारा निकाली गई जन-जागरूकता शोभायात्रा की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

वृक्षों के महत्त्व को बताते हुए हाथों में सेवा न्यास के कार्यकर्ता तख्तियाँ लेकर पूरी शोभायात्रा में अनुशासनपूर्वक चलते रहे। ऑक्सीजन के महत्त्व एवं पौधारोपण के उद्देश्य को जन-जन तक पहुँचाने के लिए साहित्य पैंफ्लेट का भी वितरण किया गया।

'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अंतर्गत वृक्षारोपण के माध्यम से नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से पार्कों में एवं सभी वार्डों में सेवा न्यास की टीम द्वारा निरंतर पौधारोपण का कार्य चल रहा है। शोभायात्रा में नागरिकों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से एवं वार्त्ता करके अपने जन्मदिवस पर वैवाहिक वर्षगाँठ पर अपने पूर्वजों की याद में वृक्षारोपण अवश्य करें, का संदेश दिया गया।

सेवा न्यास द्वारा नि:शुल्क वितरित पौधे पाकर वरिष्ठ जनों एवं ग्रामीण युवाओं के चेहरे खिल उठे। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने का संकल्प भी लोगों ने लिया। शोभायात्रा में सेवा न्यास के समस्त कार्यकर्ता पर्यावरण-प्रेमी वरिष्ठ जन नगरवासी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती अर्चना पटेल, श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती नेहा पांडेय, श्री महेंद्र तिवारी, श्री सुनील यादव, श्री नितिन मिश्रा, श्री बलराम गुप्ता, श्री शिवा पटेल, श्री शिवम बढ़ोलिया, श्री करुणेश अनुरागी, श्री अनिल सैनी, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्रीमती चंदा शर्मा, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री ब्रजेश सिंह, श्री सिद्धार्थ रिछारिया, श्री सचिन त्रिपाठी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू सहित बड़ी संख्या में महिलाओं व नौजवानों ने नारे लगाकर गगनभेदी संदेश दिया।

सतना के कलेक्टर श्री अनुराग वर्माजी, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता, संघ के सह-प्रांत कार्यवाह श्री उत्तम बनर्जीजी, श्रीकृष्ण माहेश्वरीजी व महापौर योगेश ताम्रकारजी ने इस ग्रीन एंबुलेंस से वृक्ष वितरित कर शहरवासियों को सेवा न्यास की भावनाओं का संदेश दिया।




*श्रीराम नवमी पर निकली शोभायात्रा व झाँकी में शामिल न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं अन्य कार्यकर्ता*




*श्रीराम नवमी पर निकली शोभायात्रा व झाँकी*



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

भोपाल, शनिवार 06 अगस्त 2022 6

# पं.मिश्र जैसे विराट व्यक्तित्व स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए ही जन्म लेते हैं

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास समाज हित में कर रहा है अनेक तरह के कार्य



### 1. निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

### 2. साकार हो रहा है 'अपना सपना, हरा भरा सतना'

### 3. ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन

### 4. राष्ट्रीय मैराथन का विशाल आयोजन

### 5. धवरी में खेल परिसर का निर्माण

### 6. स्व. बाल आपटे स्मृति वाचनालय

### 7. कंबल बैंक

### 8. सामूहिक विवाह


08 भोपाल। शनिवार। 06 अगस्त 2022 जन जन जागरण
janjanjagran@gmail.com
राजधानी भोपाल/सतना
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कर रहा है समृद्ध समाज का निर्माण
मेदांता-दी मेडिसिटी
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा अठारहवाँ
मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थ चैक-अप कैम्प
आमंत्रण पत्र
निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरः
राष्ट्रीय मैराथन का विशाल आयोजनः
धवारी में खेल परिसर का निर्माणः
साकार हो रहा है अपना सपना, हरा भरा सतना
ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन
स्व. बाल आपटे स्मृति वाचनालय
कृषि क्षेत्र में किये गए कार्य


2 उजाला मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ उजाला
रायपुर, सोमवार 21 नवंबर 2022
ग्वालियर में ट्रेडिंग कंपनी के कर्मचारियों से 1.20 करोड़ की लूट
सतना हाफ मैराथन में राजस्थान के गोरधन मीना अव्वल रहे
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, पंजाब, तेलंगाना, मेघालय दिल्ली सहित 15 राज्यों के 96 जिलों, 322 स्थानों के 2694 महिला, पुरुष धावकों ने की शिरकत
उजाला न्यूज
"स्वस्थ समाज के निर्माण में अग्रणी पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास"
डॉ. सुनीता गोदारा ने धावकों की जमकर की सराहना



**हॉफ मैराथन :** विधानसभा अध्यक्ष ने दिखाई हरीझंडी, जयपुर के गोरधन बने विजेता

# दौड़े धावक, सेहत का संदेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सतना.** शहर की सड़कों पर रविवार सुबह विभिन्न प्रांतों से आए करीब तीन हजार धावकों ने जोश व जज्बे के साथ रेस लगाई। अलग-अलग तीन वर्ग में हुई इस सतना हाफ मैराथन में हर वर्ग से तीन विजेता चुने गए। 21 किमी की दौड़ में जयपुर के गोरधन मीना ने बाजी मारी। जबकि, 10 किमी में इंदौर के नवीन चौहान व 5 किमी की दौड़ में सतना के चक्रेश यादव विजेता बने। सभी को मेडल, ट्रैक सूट, दीवार घड़ी व चेक देकर पुरस्कृत किया गया। अल सुबह रीवा से पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने हरी झंडी दिखाकर धावकों में जोश भर दिया।

राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल, खादी ग्राम उद्योग के अध्यक्ष जितेंद्र लटोरिया, सांसद गणेश सिंह, कलेक्टर अनुराग वर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, जिपं उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, महापौर योगेश ताम्रकार, मैराथन चैम्पियन डॉ सुनीता गोदारा भी मौजूद रहीं। पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष व आयोजनकर्ता राकेश मिश्रा ने आभार जताया। बताया कि 96 जिलों के 2694 धावकों ने मैराथन में भाग लिया।









## धावकों में दिखा जोश

मैराथन में बच्चों से लेकर तक प्रौढ़ तक सहभागी बने। सबसे उम्रदराज धावक 45 वर्ष की महिला थी। कम उम्र के बच्चे भी जीत के जज्बे के साथ रेस शामिल हुए। कई ने तो जूते उतारकर हाथ में ले लिए थे।

निर्णायक डॉ पीयूष जैन व उनके सहयोगियों ने बैब नंबर व टाइम मशीन की मदद से पारदर्शिता निर्णय किए गए।

## हर वर्ग में तीन विजेता

**21 किमी दौड़** में जयपुर के गोरधन मीना, सीधी के मुकेश मिश्रा व नागपुर के घनश्याम पांडुरंगा विजेता

**10 किमी** में इंदौर के नवीन चौहान, भदोही के चंदन यादव व हरियाणा के हितेश यादव तीसरे स्थान पर रहे

**5 किमी** में सतना के चक्रेश यादव, रत्नागिरी के स्वराज संदीप जोशी व कटनी के यश शर्मा विजेता रहे।

# भारतीय संस्कृति संस्कारों की जनंनी है – वीरेन्द्र असाटी





■ छतरपुर/सतना (नव स्वदेश)।

महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम में सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता विषय पर शुक्रवार को व्याख्यान माला आयोजित की गई। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस छटवीं व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ कपिल तिवारी ने कहा कि समाज में सनातन आदि है अनंत है और हमेशा रहेगा, इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाए ही नहीं जा सकते।

जनसेवा और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के इस गरिमा पूर्ण कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती जी की प्रतिमा एवं गणेश प्रसाद जी व माता शांति मिश्रा के चित्र पर पुष्पांजलि और द्वीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कपिल तिवारी, कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी का तथा डॉ.राकेश मिश्र का अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा का अनावरण भी किया ग्यारह सभी के अन्न भंडार भरे रहें यह प्रार्थना की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास के कार्यो से लोगों को अवगत कराते हुए कहा की न्यास का सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता का यह छटवां आयोजन है। आज की व्याख्यानमाला बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कारगर होगी।बुंदेलखंड की संस्कृति काफी समृद्ध है, जिसे राष्ट्रीय पटल पर लाने की दिशा में यह व्याख्यानमाला उपयोगी सिद्ध होगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कपिल तिवारी ने इस आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि आज भारत की चेतना बदल रही है 7 भारत में यह परिवर्तन बहुत लम्बे समय बाद देखने को मिल रहा है ।भारत ने अपनी अस्मिता को ना सिर्फ पहचाना है बल्कि इसके लिए उसने दुनिया को भी अपनी एक नई पहचान बता दी है । ये भारतीय सनातन संस्कृति ही है जिसने हमें एक ऐसा ज्ञान दिया है जो सनातन है जिसका ना कोई आदि है और ना कोई अंत है ।हर पल नया कर रहा है । उन्होंने सनातन परम्पराओं और संस्कृति के ज्ञान को लेकर आने को आख्यानों के माध्यम से लोगों को और लोक को समझाया भी । उन्होंने जहाँ ज्ञान परम्परा, संत ,ऋषि , की चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में सप्त मात्रिका हम आप सब मानते हैं। सनातन संस्कृति ने ही हमें जीवन का मूल्य बोध दिया है ।कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी ने कहा की भारतीय संस्कृति संस्कारों की जननी है। सनातन संस्कृति ही जिसने दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का सन्देश दिया।

# पारिवारिक कलह का कारण है नशा



**जागरण, सतना।** पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास और एमएसडब्ल्यू के एचओडी द्वारा एस सी राय जी द्वारा की ओर से आज दोपहर 2 बजे डिग्री कॉलेज में नशा मुक्ति परिचर्चा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत दद्दा के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित किया। तदुपरांत सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने सेवा न्यास की गतिविधियों को छात्र.छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी और मंच संचालन करते हुए नशा मुक्ति के मुख्य वक्ता के रूप में परिचर्चा में समाज कार्य के विभागाध्यक्ष डॉ एस सी राय ने कहा कि पारिवारिक कलह का कारण नशा बनता है नशे से दूर रहें खासकर बच्चियों की जिम्मेवारी सबसे अधिक होती है क्योंकि नदी के दो पाटो को जोड़ने का काम करती हैं। डॉ राय ने आगे बताया कि सामाजिक भूमिका में अपने आप को जोड़ते हुए हमारे समाज की जो कुरीतियां हैं उनको दूर करने के लिए हम सबका दायित्व है उसके लिए प्रयास करना। महिला स्वच्छता प्रभारी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में है नशे से ब्रेन कन्फ्यूजन की स्थिति में हो जाता है श्रीमती मनीषा सिंह ने आगे बताया कि शराब पीने से पैरालिसिस अटैक होने के चांस ज्यादा बढ़ जाते हैं डबल विजन की स्थितियां निर्मित जाती है।

**मोहन धारा** ''हिन्दी दैनिक''

**अमेठी, शनिवार, 31 दिसम्बर 2022**

प्रयागराज

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का छठवाँ व्याख्यान समपन्न

**सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता**
**भारत की चेतना बदल रही है : डॉ. कपिल तिवारी**
**भारतीय संस्कृति संस्कारों की जननी है : वीरेन्द्र असाटी**
**व्याख्यानमाला बुंदेलखंड की लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कारगर होगी : डॉ. राकेश मिश्र**

रविशंकर द्विवेदी
(मोहन धारा संवाददाता)

प्रयागराज। छतरपुर, महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम में “सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता” विषय पर शुक्रवार को व्याख्यान माला आयोजित की गई । पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस छटवीं व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ कपिल तिवारी ने कहा कि समाज में सनातन आदि है अनंत है और हमेशा रहेगा, इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाए ही नहीं जा सकते।

जनसेवा और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के इस गरिमा पूर्ण कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती जी की प्रतिमा एवं गणेश प्रसाद जी व माता शांति मिश्रा जी के चित्र पर पुष्पांजलि और द्वीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कपिल तिवारी, कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी का तथा डॉ राकेश मिश्र का अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया ।

मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा का अनावरण भी किया ग्यारह सभी के अन्न भंडार भरे रहें यह प्रार्थना की। डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास के कार्यो से लोगों को अवगत कराते हुए कहा की न्यास का “सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता” का यह छटवां आयोजन है। आज की व्याख्यानमाला बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कारगर होगी।बुंदेलखंड की संस्कृति काफी समृद्ध है, जिसे राष्ट्रीय पटल पर लाने की दिशा में यह व्याख्यानमाला उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्य अतिथि डॉ कपिल तिवारी ने इस आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि आज भारत की चेतना बदल रही है, भारत में यह परिवर्तन बहुत लम्बे समय बाद देखने को मिल रहा है । भारत ने अपनी अस्मिता को ना सिर्फ पहचाना है बल्कि इसके लिए उसने दुनिया को भी अपनी एक नई पहचान बता दी है । उन्होंने जहाँ ज्ञान परम्परा, संत ,ऋषि , की चर्चा की। देश में सप्त मात्रिका हम आप सब मानते हैं, सनातन संस्कृति ने ही हमें जीवन का मूल्य बोध दिया है । कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी ने कहा की भारतीय संस्कृति संस्कारों की जननी है। कार्यक्रम के संचालक डॉ विनोद रावत ने सभी आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की सामजिक चेतना







जाग्रत करने के लिए इस तरह के आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं। डॉ राकेश मिश्र ने अतिथि द्वय को स्मृति चिन्ह भेंट किये, वंदेमातरम् के साथ ही बाहर से पधारे अतिथियों का आभार किया। कार्यक्रम का समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माता जी हीरा बेन को दो मिनिट श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद हुआ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश राजस्थान हरियाणा छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र से प्रकाशित

डाक पंजीयन क्र. 173/15-17 | 5 | अब स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स पर ज्यादा ब्याज | सम्पादकीय | भगदड़ की राजनीति | देश में इलाज खर्च का 53 प्रतिशत जेब से, इसे बचाने के लिए ओपीडी कवर की बिक्री 5

वर्ष 16 ● अंक 303 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online भोपाल, शनिवार 31 दिसम्बर 2022 email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com, hindustanexpresshe@Gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता भारत की चेतना बदल रही है: डॉ. कपिल तिवारी

## भारतीय संस्कृति संस्कारों की जननी है: वीरेन्द्र असाटी

## व्याख्यानमाला बुंदेलखंड की लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कारगर होगी: डॉ. राकेश मिश्र

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का छठवाँ व्याख्यान सम्पन्न





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम में 'सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता' विषय पर शुक्रवार को व्याख्यान माला आयोजित की गई। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस छटवीं व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी ने कहा कि समाज में सनातन आदि है अनंत है और हमेशा रहेगा, इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाए ही नहीं जा सकते।

जनसेवा और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के इस गरिमा पूर्ण कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती जी की प्रतिमा एवं गणेश प्रसाद जी व माता शांति मिश्रा जी के चित्र पर पुष्पांजलि और द्वीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कपिल तिवारी, कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी का तथा डॉ. राकेश मिश्र का अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा का अनावरण भी किया ग्यारह सभी के अन्न भंडार भरे रहें यह प्रार्थना की। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास के कार्यों से लोगों को अवगत कराते हुए कहा की न्यास का 'सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता' का यह छटवां आयोजन है। आज की व्याख्यानमाला बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कारगर होगी।बुंदेलखंड की संस्कृति काफी समृद्ध है, जिसे राष्ट्रीय पटल पर लाने की दिशा में यह व्याख्यानमाला उपयोगी सिद्ध होगी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कपिल तिवारी ने इस आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि आज भारत की चेतना बदल रही है। भारत में यह परिवर्तन बहुत लम्बे समय बाद देखने को मिल रहा है। भारत ने अपनी अस्मिता को ना सिर्फ पहचाना है बल्कि इसके लिए उसने दुनिया को भी अपनी एक नई पहचान बता दी है। ये भारतीय सनातन संस्कृति ही है जिसने हमें एक ऐसा ज्ञान दिया है जो सनातन है जिसका ना कोई आदि है और ना कोई अंत है। हर पल नया कर रहा है। उन्होंने सनातन परम्पराओं और संस्कृति के ज्ञान को लेकर आने को आख्यानों के माध्यम से लोगों को और लोक को समझाया भी। उन्होंने जहाँ ज्ञान परम्परा, संत, ऋषि की चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में सप्त मात्रिका हम आप सब मानते हैं। सनातन संस्कृति ने ही हमें जीवन का मूल्य बोध दिया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी ने कहा की भारतीय संस्कृति संस्कारों की जननी है। सनातन संस्कृति ही जिसने दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का सन्देश दिया। सामाजिक समरसता हमारी संस्कृति का अंग है। इसके सबसे बड़े उदाहरण देश में होने वाले तीज त्यौहार, मेले वगैरह हैं। कार्यक्रम के संचालक डॉ. विनोद रावत ने सभी आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामजिक चेतना जाग्रत करने के लिए इस तरह के आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं। अंत में डॉ. राकेश मिश्र ने अतिथि द्वय को स्मृति चिन्ह भेंट किये। वंदेमातरम् के साथ ही बाहर से पधारे अतिथियों का आभार किया। कार्यक्रम का समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माता जी हीरा बेन को दो मिनिट श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद हुआ।

# मुद्रित सामग्री विवरण

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

### 卐 संकल्प पत्र 卐

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना शहर के सर्वांगीण विकास में पीड़ित मानवता की सेवा हेतु संकल्पित है। नगर में प्रतिवर्ष दो बड़े स्वास्थ्य शिविरों का नि:शुल्क आयोजन का न्यास संकल्प लेता है। मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम (हरियाणा) जैसे बड़े चिकित्सा समूह द्वारा जाँचें व परामर्श देकर ''नर सेवा–नारायण सेवा'' करेगा।

''अपना सपना–हरा भरा सतना'' अभियान के अंतर्गत नियमित वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों की ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से वृक्षों के पूर्ण विकसित होने तक, सेवा कार्य का संकल्प लेता है।

डॉ.राकेश मिश्र
(अध्यक्ष)

कार्यालय : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001
gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas (07672) 351005

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001
दूरभाष : (07672) 351005

## विनम्र अनुरोध

सतना नगर में पर्यावरण प्रदूषण निरंतर बढ़ रहा है। आज कंक्रीट का जाल हमारे चारों ओर जल व वायु प्रदूषित कर रहा है। वायु प्रदूषण ठीक करने का एक मात्र साधन हरे-भरे आक्सीजन देने वाले वृक्ष हैं। शहर के प्रबुद्ध जनों ने यह निश्चिय करते हुये आपके द्वार पर वृक्ष लगाकर उसे हरा-भरा करने का तय किया है।

''पर्यावरण अभियान : अपना सपना-हरा-भरा सतना'' आपके सहयोग से ही संभव है। आप अपने पुत्र-पुत्री, पति-पत्नि, माता-पिता, दादा-दादी किसी के भी नाम पर 1500/- रुपये प्रति वृक्ष देकर इस पुण्य लाभ में जुड़ सकते हैं।

### वृक्षारोपण अभियान की विशेषतायें

1. यह वृक्ष आपके परिवार के सदस्यों की स्मृति में आपके घर के निकट ही लगाया जायेगा।
2. जगह एवं पेड़ का चुनाव आप करके बतायेंगे तो अति उत्तम रहेगा।
3. पेड़ की लम्बाई पांच फुट होगी एवं ट्री गार्ड पर आपके परिवार के सदस्य का नाम व विशेष तिथि अंकित रहेगी। पेड़ों का डाटा कम्प्यूटराइज्ड रहेगा।
4. सेवा न्यास के कार्यकर्त्ता इन पेड़ों की पाँच वर्ष तक देख-रेख ग्रीन एम्बुलेंस के द्वारा करेंगे।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास को आयकर में दान देने पर 80G की छूट प्राप्त है। आपके द्वारा वृक्ष लगाकर हरा-भरा सतना बनाने में सहयोग भी होगा एवं पूर्वजों के, बच्चों के नाम से यह दिवस जीवन भर स्मरणीय हो जायेगा।


आपका सहयोग प्रार्थनीय है।


भवदीय
(डॉ. राकेश मिश्र)
अध्यक्ष
(पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास)


संपर्क सूत्र : 07898457173, 09174000091, 09407260377, 09827377122
gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा आयोजित
सामूहिक परिणय यज्ञ
दिनांक: 15 अप्रैल, 2022 (शुक्रवार)
स्वागत! वंदन!! अभिनंदन!!!
स्थान : पं गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.)
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा आयोजित
सामूहिक परिणय यज्ञ
दिनांक: 15 अप्रैल, 2022 (शुक्रवार) | प्रातः 9 से 3 बजे तक
पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.)
विवाह में उपहार स्वरुप दी जाने वाली घरेलू सामग्री
कूलर • गोदरेज अलमारी • स्टील बॉक्स बड़ा • पलंग सैट • सोफा सैट • ट्रॉली बैग • गद्दा • रजाई • तकिया • गर्म सूट सिलाई सहित • शाल • साड़ी • ब्लाउज व पेटीकोट • पायल • लहंगा सैट • बिछिया • मंगलसूत्र • नाक की कील • सिंटेक्स पानी की टंकी • दीवार घड़ी • रसोई बर्तन (157 नग) • हाथ सिलाई मशीन व अन्य घरेलू उपयोगी सामान।
इस भव्य परिणय यज्ञ में आपका सहयोग भी अपेक्षित है
25 कन्याओं के विवाह हेतु पंजीयन एवं उनके आवश्यक दस्तावेज तैयार कराना
विवाह समारोह में तीन दिन तक स्वयं उपस्थित रहकर व्यवस्थायें संभालना
कन्यादान में सहयोग करने हेतु सहभागी बनना एवं आयकर की धारा 80जी की सुविधा प्राप्त करना
'नीलकंठ धाम' ग्राम-धवर्रा (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.)
श्री धीरेन्द्र गुप्ता : 07415905000 • श्री सुशील द्विवेदी : 09716443099
श्रीराम रिछारिया : 09009070027 • श्री महेन्द्र तिवारी : 09424619654
gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas


ग्रीन एम्बुलेंस
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
gpmsevanyas.org
gpmsevanyas
gpmsnyas
Pt. Ganesh Prasad Mishra Seva Nyas
gpmsnyas@gmail.com
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
हमारे प्रेरणास्रोत
पं गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा (नौगांव) में
पूज्य दद्दाजी की प्रतिमा


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
सिंहावलोकन
भारत के बुंदेलखंड क्षेत्र के महान कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्र के संदेश से समाज को सशक्त बनाने के लिए 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के उद्देश्य के साथ वर्ष 2017 में स्थापित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास 'नर सेवा ही नारायण सेवा' को सार्थक बनाने के लिए सतत अग्रसर है। ममता की प्रतिमूर्ति माता शांति मिश्रा जी की प्रेरणा से पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के नाम पर गठित यह सेवा न्यास हर क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। न्यास नागरिकों को सभी प्रकार की शैक्षिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सांस्कृतिक कार्यों हेतु साधन व सुविधाएँ उपलब्ध करवाता है।
श्रीमती आशा रावत
सचिव
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष
उपलब्धियाँ एवं कार्यक्रम
स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन
खेल सुविधाएँ एवं राष्ट्रीय स्तर की मैराथन
महिला स्वास्थ्य जागरुकता
अपना सपना-हरा भरा सतना
पर्यावरण एवं जल संरक्षण
ग्रामीण विकास हेतु प्रयास
किसानों की उन्नति हेतु प्रयास
समसामयिक विषयों पर व्याख्यानमालाएँ
कौशल विकास एवं रोजगार हेतु कार्यक्रम
स्वास्थ्य परिचर्चाओं का आयोजन
भारतीय संस्कृति एवं संस्कार संवर्द्धन
संस्कृत भाषा का उन्नयन
सामूहिक विवाह


पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी)
की 98वीं जयंती के अवसर पर
सुंदरकांड पाठ एवं वृक्षारोपण
में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
कार्यक्रम उपरांत प्रसाद स्वरूप वृक्ष वितरित किये जायेंगे,
जिन्हें अपने घर या निकट स्थान पर अवश्य रोपित करिये।
दिनांक : 18 जुलाई, 2022 (सोमवार)
समय : प्रातः 9:30 बजे
पं. गणेश प्रसाद मिश्र
स्थानः 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड़, सतना (म.प्र.)
आयोजकः पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना (म.प्र.)


पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी)
की 98वीं जयंती के अवसर पर
श्रद्धाँजलि सभा, भजन एवं
वृक्ष वितरण कार्यक्रम
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
सतना (म.प्र.)
स्थानः पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर,
धवर्रा (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.)
दिनांक : 18 जुलाई, 2022 (सोमवार)
समय : प्रातः 9:00 बजे

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001

## महिला स्वच्छता अभियान

महिला स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता की जानकारी हेतु यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आपको दिए जा रहे सेनेटरी पैड पूर्णतः निःशुल्क उपयोग हेतु हैं। वितरण का उद्देश्य इसके उपयोग की आदत बनाना है। इसके उपयोग से अनेक बीमारियाँ नजदीक नहीं आ सकेंगी। आपसे अनुरोध है कि नीचे लिखी बातों का पालन अवश्य करें।

- माहवारी के दौरान मासिक स्राव को रोकने के लिए सेनेटरी नैपकिन का उपयोग करें।
- सेनेटरी नैपकिन को 4 से 6 घंटे में बदलें।
- नेपकिन बदलने एवं पेशाब व शौच जाने के बाद, अपने जननांगों को अच्छे से धोयें। ध्यान रखें कि आगे से पीछे की ओर साफ करने से संक्रमण से बच सकते हैं।
- जननांग के क्षेत्र को साफ और सूखा रखें।
- नर्म साबुन और साफ पानी से अंग साफ करें।
- अंडर गारमेंट्स को अच्छे से धोएं, साफ और सूखे पहने।
- उपयोग किए सेनेटरी नैपकिन को उचित तरीके से नष्ट करें।
- नैपकिन बदलने के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह से धोएं।
- आयरन युक्त आहार (जैसे पालक, पत्तागोभी, अनार, सेम, चना और आयरन टेबलेट) का सेवन करें।
- अधिक जानकारी एवं सेनेटरी नैपकिन की उपलब्धता के लिए अपने नजदीकी स्त्री शक्ति सुविधा केंद्र से संपर्क करें।
- पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas (07672) 351005



पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
एवं
मेदांता-दी मेडिसिटी
मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैम्प
06-07 अगस्त, 2022
को सफल बनाने में
अपूर्व उत्साह के साथ अपना योगदान देने वाले
कर्मठ कार्यकर्त्ता
को सम्मान स्वरुप यह प्रशस्ति-पत्र प्रदत्त।
श्रीमती आशा रावत
(सचिव)
डॉ. राकेश मिश्र
(अध्यक्ष)
'नेह निकुंज', बम्हनगँवा, रीवा रोड़, सतना-485001 (म.प्र.)




पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
आज़ादी का अमृत महोत्सव
द्वारा
आजादी का अमृत महोत्सव
"हर-घर तिरंगा वितरण अभियान"
आपका हार्दिक स्वागत! वंदन!! अभिनंदन!!!
कार्यालय: 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 (07672) 351005
gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas


सतना हाफ मैराथन : 2022
(तृतीय संस्करण)
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
सतना (म.प्र.)
20 नवम्बर 2022 (रविवार)
सतना (म.प्र.)
www.gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas


सतना हाफ मैराथन : 2022
(तृतीय संस्करण)
FIT INDIA
20 नवम्बर, 2022, मार्ग मानचित्र
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हाफ मैराथन : 21 किमी मार्ग
प्रारंभ एवं समापन स्थल
दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम,
जवाहर नगर, सतना (म.प्र.)
पुल
माधवगढ़ गेट
कृपालपुर
महिंद्रा शोरूम
सीताराम पेट्रोल पम्प
कोलगंवा थाना
सिमरिया चौराहा
एस.बी. फूड
संजय मशीनरी स्टोर
सर्किट हाउस चौराहा
सिविल लाइन चौराहा
शा.हाई स्कूल माधवगढ़ गेट
पुल
माधवगढ़ गेट
कृपालपुर
इंडस्ट्रियल एरिया
वैष्णो फ्लोर मिल
सिमरिया चौराहा
पारिजात निवास
सतना टेंट हाउस
सर्किट हाउस चौराहा
सिविल लाइन चौराहा
युवा दौड़ : 10 किमी मार्ग
प्रारंभ एवं समापन स्थल
दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम,
जवाहर नगर, सतना (म.प्र.)
महिंद्रा शोरूम
सीताराम पेट्रोल पम्प
कोलगंवा थाना
सिमरिया चौराहा
एस.बी. फूड
संजय मशीनरी स्टोर
सर्किट हाउस चौराहा
सिविल लाइन चौराहा
इंडस्ट्रियल एरिया
वैष्णो फ्लोर मिल
सिमरिया चौराहा
पारिजात निवास
सतना टेंट हाउस
सर्किट हाउस चौराहा
सिविल लाइन चौराहा
अमृत दौड़ : 5 किमी मार्ग
प्रारंभ एवं समापन स्थल
दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम,
जवाहर नगर, सतना (म.प्र.)
एस.बी. फूड
संजय मशीनरी स्टोर
सर्किट हाउस चौराहा
सिविल लाइन चौराहा
पारिजात निवास
सतना टेंट हाउस
सर्किट हाउस चौराहा
सिविल लाइन चौराहा


आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत
गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास पं. सतना (म.प्र.)
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
FIT INDIA
द्वारा आयोजित
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
सतना हाफ मैराथन : 2022
(तृतीय संस्करण)
20 नवम्बर 2022 (रविवार)
हाफ मैराथन 21 किमी
पंजीयन शुल्क : 500 रुपये
दौड़ प्रारंभ प्रातः 6 बजे
दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, सतना
कुल पुरस्कार (24)
महिला (12) : 1,08,600/-
पुरुष (12) : 1,08,600/-
कुल ₹ : 2,17,200/-
एवं तीन सांत्वना पुरस्कार,मैडल एवं प्रमाण पत्र
युवा दौड़ 10 किमी
पंजीयन शुल्क : 300 रुपये
दौड़ प्रारंभ प्रातः 6 बजे
दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, सतना
कुल पुरस्कार (24)
महिला (12) : 68,800/-
पुरुष (12) : 68,800/-
कुल ₹ :1,37,600/-
एवं तीन सांत्वना पुरस्कार,मैडल एवं प्रमाण पत्र
अमृत दौड़ 5 किमी
पंजीयन शुल्क : 300 रुपये
दौड़ प्रारंभ प्रातः 6 बजे
दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, सतना
कुल पुरस्कार (12)
महिला (6) : 13,600/-
पुरुष (6) : 13,600/-
कुल ₹ : 27,200/-
केवल तीन सांत्वना पुरस्कार,मैडल एवं प्रमाण पत्र
❖ महिला एवं पुरुष वर्ग की पुरस्कार राशि समान रहेगी।
❖ प्रतिभागियों को दी जाने वाली सामग्री: टीशर्ट, एनर्जी ड्रिंक, डिजिटल कार्ड (विब मशीन) एवं प्रमाण पत्र।
कार्यालय : 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001
संपर्क : 9827216969, 7898457173, 7415028096, 9340416105, (07672) 351005
रजिस्ट्रेशन करें : nyas.gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas



पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
स्वामी विवेकानन्द जी
की जयंती के अवसर पर आयोजित परिचर्चा में
आप सादर आमंत्रित है।
"युवाओं की राष्ट्रीय
पुनर्निर्माण में भूमिका"
मुख्य वक्ता: डॉ. राकेश मिश्र
दिनांक 12.01.2023 ( गुरूवार ), समय : सायं 4 बजे
कार्यालय : पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास , 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001




पं. गणेश प्रसाद मिश्र
श्रीमती शांति मिश्रा
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा आयोजित श्री सद्‌गुरू सेवा संघ ट्रस्ट तथा एल्प्स इंटरनेशनल प्रा.लि. के सौजन्य से
पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी
की पुण्य स्मृति में इक्कीसवाँ
निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर
तीर्थराज प्रयाग में आये सभी श्रद्धालुओं
का स्वागत ! वंदन !! अभिनंदन !!!
स्थान: सेक्टर नं. 3 , पुल नं. 2 के निकट , दक्षिणी पटरी , त्रिवेणी मार्ग , माघ मेला परिसर , संगम , प्रयागराज ( उ.प्र. )
संपर्क सूत्र: श्री भीम कुंड स्वामी जी के कृपा श्री श्री 1008 श्री शंकर्षणाचार्य महाराज (भीम कुंड), मो. 09977843521 , 09340210080 , 7389133552

# 卐 महाशिवरात्रि समारोह 卐

## आमंत्रण पत्र

॥ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात ॥

मान्यवर,

श्री शिवाय नमस्तुभय्म् ।

शिव का अर्थ ही कल्याणकारी। जो स्वयंभू है, शाश्वत है, सर्वोच्च सत्ता है, विश्व चेतना है और ब्रह्मांड की स्थिति के आधार हैं। गंगाजल को शिरोधार्य कर जलाभिषेक से प्रसन्न होने वाले शिव, प्रकृति तथा जल संवर्धन के संवाहक भी हैं। ऐसे आदि योगी शिव स्वरूप का तात्विक विवेचन, रहस्य महिमा एवं उपासना का सर्व साधन रूप इस भूतल पर भगवान शिव का वांगमय स्वरुप ही शिव भक्ति है।

आगामी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 18 फरवरी, 2023 ( शनिवार ) को हमारे गृह ग्राम ''नीलकंठ धाम'', मे शिव मंदिर में चारों प्रहर की शिव सहस्त्रनाम पाठ, शिवार्चन, हजारा भरने एव शिव पार्वती विवाह का भव्य कार्यक्रम एवं भंडारा आयोजित किया गया है।

समस्त शिव भक्तों के हृदय में निहित सामाजिक समरसता के भाव को शुद्ध करने हेतु एवं सुख, शांति तथा समृद्धि की वृद्धि का हमारा पावन संकल्प है। इस कर्म, ज्ञान तथा भक्ति के प्रबल त्रिवेणी समागम के अवसर पर आप सपरिवार सादर आमंत्रित है।

इस अवसर पर हमारे गांव में कार्यक्रमानुसार सपरिवार श्रद्धामय उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

## कार्यक्रम

### दिनांक: 18 फरवरी (शनिवार)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रातः | 11:00 | बजे | : | शिव सहस्त्रनाम पाठ |
| मध्याह्न | 4:00 | बजे | : | शिवार्चन |
| सायं | 5:00 | बजे | : | अभिषेक एवं हजारा |
| रात्रि | 7:00 | बजे से प्रातः 5 बजे तक | : | जागरण, पूजन एवं शिव पार्वती विवाह |

### दिनांक: 19 फरवरी (रविवार)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रातः | 05:00 | बजे | : | शिव पूजन |
| प्रातः | 06:00 | बजे | : | प्रसाद अर्पण |
| प्रातः | 09:00 | बजे | : | भंडारा |

## नीलकंठधाम, धवर्रा (नौगांव)
## जिला: महोबा (उ.प्र.)

विनीत : डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती प्रमिला, संकल्प मिश्र एवं समस्त मिश्र परिवार धवर्रा

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की प्रदर्शनी

## स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन एवं स्वास्थ्य परिचर्चाओं का आयोजन



## खेल सुविधाएँ एवं राष्ट्रीय स्तर की मैराथन



## महिला स्वास्थ्य जागरुकता



## अपना सपना-हरा भरा सतना पर्यावरण एवं जल संरक्षण




## ग्रामीण विकास एवं किसानों की उन्नति हेतु प्रयास, कौशल विकास एवं रोजगार हेतु कार्यक्रम




## समसामयिक विषयों पर व्याख्यानमालाएँ, भारतीय संस्कृति एवं संस्कार संवर्द्धन, संस्कृत भाषा का उन्नयन, सामूहिक विवाह

